रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 31 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 143 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.5 | 26.0 |
| जमशेदपुर | 34.6 | 25.7 |
| डालटनगंज | 33.8 | 25.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *







**चंपाई हुए भाजपाई :** चार दशकों की राजनीतिक यात्रा का नया अध्याय

# झारखंड की अस्मिता बचाने के लिए भाजपा में आए हैं : चंपाई

ब्यूरो प्रमुख। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के पूर्व नेता चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया हैं. रांची के धुर्वा गोलचक्कर स्थित शाखा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में अपने पुत्र बाबूलाल सोरेन और हजारों समर्थकों के साथ चंपाई सोरेन ने भाजपा की सदस्यता ली. झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ साढ़े चार दशकों की राजनीतिक यात्रा को विराम देते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शुक्रवार को औपचारिक रूप से आपनी राजीनितक जीवन का नई पारी शुरू की.

अभिनंदन सह मिलन समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका पार्टी में स्वागत किया. इसके पहले चंपाई सोरेन ने कहा कि वह झारखंड के नवनिर्माण का संकल्प लेकर भाजपा में आए हैं. भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद चंपाई ने मंच पर मौजूद नेताओं का संताली भाषा में अभिवादन किया. उन्होंने कहा कि जिस संगठन को खून-पसीने से सींचा, वहां मुझे अपमानित किया गया.

**आज बांग्लादेशी घुसपैठ अहम मुद्दा :** चंपाई ने कहा कि झारखंड का विकास, आदिवासी और मूलवासी के अस्तित्व की रक्षा मेरी प्राथमिकता में से एक है. इसलिए तो हम संघर्ष करते रहे हैं. आज बांग्लादेशी घुसपैठ अहम मुद्दा है, इसपर भाजपा ही रोक लगा सकती है. इसलिए मैंने दूसरा दल में जाने का नहीं सोचा. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति मेरा अटूट विश्वास है.

**भाजपा ही आदिवासियों का विकास व उत्थान करेगी :** चंपाई ने कहा कि भाजपा के अलावा दूसरी कोई भी राजनीतिक पार्टी आदिवासियों का सम्मान और विकास नहीं कर सकती है. भाजपा में शामिल होकर हम आदिवासियों के स्वाभिमान और सम्मान को बचने का काम करेंगे. पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर आदिवासियों की आवाज को दबाने का आरोप लगाया. कहा कि कोल्हान में कांग्रेस ने आदिवासियों पर गोली चलाने का काम किया है. चंपाई ने यह भी कहा कि झारखंड की अस्मिता को बचाने और आदिवासियों के उत्थान के लिए हम भाजपा में दिल खोल कर आए हैं.

**कभी नहीं सोचा, मेरे ही लोग मेरी जासूसी करायेंगे**



भाजपा में चंपाई सोरेन का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी. साथ में हैं शिवराज सिंह चौहान व अन्य.

झामुमो और हेमंत सोरेन का नाम लिये बिना चंपाई सोरेन ने निशाना साधा. उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे लोग ही मेरी जासूसी करायेंगे. अगर संतालपरगना को बचाना है, आदिवासियों को बचाना है, तो तो एक ही पार्टी है, जो यह काम कर सकती है. संताल को बचाने के लिए ही मैंने भाजपा में आने का फैसला किया. किसी भी कीमत पर झारखंड में आदिवासियों पर अत्याचार नहीं होने देंगे. घुसपैठियों को निकालने, आदिवासियों और उनकी जमीन को बचाने के लिए हम अपने पूर्वजों की तरह संघर्ष करेंगे.

# रामदास सोरेन ने 12वें मंत्री पद की शपथ ली

**मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और हफीजुल हसन को मिली नई जिम्मेदारी**

संवाददाता। रांची

झामुमो के कद्दावर नेता और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने आज राजभवन में झारखंड के 12वें मंत्री के रूप में शपथ ली. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद एवं गपोनीयता की शपथ दिलायी. रामदास सोरेन को चंपाई सोरेन की जगह झारखंड सरकार का मंत्री नियुक्त किया गया है. वह पहली बार कैबिनेट में शामिल हुए हैं. शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, रामेश्वर उरांव के अलावा सत्ता पक्ष के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे. मंत्री पद की शपथ लेने के बाद रामदास सोरेम ने दिशोम गुरु और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मुलाकात की. इस अवसर पर हेमंत सोरेन, मंत्री और विधायक साथ थे.

**घाटशिला से दो बार विधायक रह चुके हैं रामदास :** गौरतलब है कि रामदास सोरेन घाटशिला विधानसभा सीट से दो बार (2009 और 2019) विधायक रह चुके हैं और. वह झामुमो की पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई के अध्यक्ष भी हैं. उनकी गिनती कोल्हान क्षेत्र के प्रभावशाली नेताओं में होती है. रामदास सोरेन झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका में रहे हैं. झारखंड आंदोलन के दौरान उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया.

**पूर्व मंत्री चंपाई की जगह 12वें मंत्री के रूप में शपथ ली**



शपथ के बाद राज्यपाल व सीएम के साथ मंत्री रामदास सोरेन.

हेमंत कैबिनेट में मंत्रियों के विभागों में फेरबदल

## जल संसाधन एवं शिक्षा मंत्री बनाए गए रामदास

**रांची।** घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन के मंत्री बनने के बाद तीन मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा किया गया है. मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मिला है. यह विभाग पहले हफीजुल हसन के पास था. उनके पास पहले से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पर्यटन विभाग है. वहीं मंत्री हफीजुल हसन के पास अब अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और निबंधन विभाग है. जबकि नये मंत्री रामदास सोरेन को जल संसाधन विभाग और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग मिला है. यह विभाग पहले चंपाई सोरेन के पास था.

**किसे क्या मिला**

- **मिथिलेश कुमार ठाकुर** – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन विभाग, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग
- **हफीजुल हसन** – अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग
- **रामदास सोरेन** – जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में तीन की मौत

**पलामू।** जिले में उत्पाद सिपाही के पद पर बहाली के लिए आयोजित दौड़ जानलेवा साबित हो रही है. जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर दौड़ के दौरान बेहोश हुए अभ्यर्थियों में से दो की मौत हो गई है. मृतकों में बिहार के गया जिले के अमरेश कुमार और छतरपुर के अरुण कुमार शामिल हैं. अमरेश की मौत गुरुवार को हुई, जबकि अरुण की मौत शुक्रवार को रांची के रिम्स में हुई. उसे दो दिन पहले रेफर किया गया था. जैप कमांडेंट मुकेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को एक अभ्यर्थी की मौत हुई थी. वहीं शुक्रवार को भी दौड़ के दौरान भी एक अभ्यर्थी की मौत हुई है. - पेज 3 देखें

### वक्फ विधेयक पर संयुक्त समिति ने सुझाव मांगे

**नयी दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति ने शुक्रवार को हितधारकों, विशेषज्ञों और अन्य संस्थानों से प्रस्तावित कानून पर सुझाव मांगे हैं. लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली समिति ने लोगों से अगले 15 दिनों के भीतर लिखित में अपने सुझाव साझा करने को कहा है.

### मूडीज ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर बढ़ायी

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज की ओर से 2024 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 6.8 प्रतिशत था. विकास दर अनुमान में बढ़ोतरी की वजह देश में निजी खपत का तेजी से बढ़ना है. ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने कहा, देश में महंगाई में कमी आने के चलते पारिवारिक खपत में बढ़ोतरी हो रही है. सामान्य से अच्छा मॉनसून रहने के कारण अच्छी फसल होने की उम्मीद है.

**पेरिस पैरालंपिक** एक ही दिन में भारत के खाते में चार मेडल

# शूटिंग : अवनि फिर बनीं गोल्डन गर्ल

एजेंसी। पेरिस

पेरिस पैरालंपिक में शुक्रवार को भारत के लिए बल्ले-बल्ले भरा दिन रहा. एक ही दिन में चार मेडल भारत की झोली में आए. ये सभी मेडल तीन महिला व एक पुरुष एथलीट ने दिलाया. महिला शूटिंग में अवनि लेखरा ने स्वर्ण और मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता. दोनों में साथ में पोडियम साझा किया. वहीं, 100 मीटर टी-35 श्रेणी रेस में प्रीति पाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता. महिला 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में अवनी लेखरा ने टोक्यो पैरालंपिक के गोल्ड मेडल को डिफेंड करते हुए पेरिस पैरालंपिक खेलों में भी गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया. वहीं, मनीष नरवाल ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया. उन्होंने मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच 1 में सिल्वर मेडल जीता. इस तरह पेरिस पैरालंपिक की पदक तालिका में भारत अब एक गोल्ड और दो ब्रॉन्ज के साथ 11वें स्थान पर आ गया है.

**पीएम मोदी ने दी बधाई, कहा- देश को आप पर गर्व :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक में चार मेडल जीतने पर तीन महिला समेत चारों एथलीट को बधाई दी. अपने अपने संदेश में उन्होंने कहा कि देश को आप पर गर्व है.



जीत के बाद खुशी का इजहार करतीं अवनी लेखरा और मोना अग्रवाल.



प्रीति पाल



मनीष नरवाल.

- मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग मेन्स में सिल्वर मेडल पर नाम किया
- 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग वीमेंस में मोना और 100 मीटर दौड़ में प्रीति पाल को ब्रॉन्ज

ममता की पीएम को दूसरी चिट्ठी, कहा

## इतने संवेदनशील मुद्दे पर आपने ध्यान नहीं दिया...

लगातार न्यूज नेटवर्क

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक सप्ताह के अंतराल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूसरी बार पत्र लिखा है. उन्होंने दुष्कर्म और दुष्कर्म के बाद हत्या जैसे जघन्य अपराधों के लिए केंद्रीय कानून और कड़ी सजा की मांग की है. उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा समय पर मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य प्रावधानों का भी आह्वान किया है. ममता ने पत्र में पीएम से कहा है कि मैंने 22 अगस्त को ऐसे जघन्य अपराध पर कड़ा कानून बनाने के लिए आपका ध्यान आकृष्ट कराया था, पर इतने संवेदनशील विषय पर आपका जवाब नहीं मिला. हालांकि, भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री से 25 अगस्त को एक उत्तर प्राप्त हुआ है, जो मेरे पत्र में उठाए गए मुद्दे की गंभीरता पर ध्यान नहीं देता है. इतना ही नहीं, इस क्षेत्र में हमारे राज्य द्वारा पहले ही की गई कुछ पहलों को भी नजरअंदाज कर दिया गया है. (शेष पेज 7 पर)

**आंध्र प्रदेश :** छात्राओं के हंगामे के बाद आरोपी छात्र गिरफ्तार

# इंजीनियरिंग कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में हिडन कैमरा मिलने से बवाल

एजेंसी। हैदराबाद

आंध्र प्रदेश में कृष्णा जिले के गुड़िवाड़ा स्थित एसआर गुड्लावल्लेरु इंजीनियरिंग कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में हिडन कैमरा मिलने से बवाल मच गया है. गुरुवार की शाम जैसे ही यह बात सामने आई, कॉलेज में छात्राओं ने हंगामा शुरू कर दिया. छात्राओं द्वारा देर रात तक प्रदर्शन किये जाने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस कॉलेज पहुंची और छात्राओं से जानकारी ली. पुलिस ने इस मामले में कॉलेज के बीटेक फाइनल ईयर के छात्र विजय कुमार को गिरफ्तार लिया है. उसका फोन और लैपटॉप, दोनों पुलिस ने जब्त कर लिया है. कैमरे से छात्राओं के वीडियो रिकॉर्ड किये जा रहे थे. सूत्रों के मुताबिक, विजय कैमरे से वीडियो बना कर बेचता था. पुलिस के अनुसार, लगभग 300 फोटो-वीडियो लीक किये गये हैं.

**आधी रात कॉलेज कैंपस में जोरदार प्रदर्शन :** छात्राओं को जब इस बात का पता चला, तो उन्होंने कॉलेज परिसर में ही विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. रात को मोबाइल की फ्लैश लाइट जला कर नारेबाजी की. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गुड्लावल्लेरु कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग प्रबंधन को एक सप्ताह पहले जानकारी दी गयी थी. लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई. गुरुवार की देर रात तक प्रदर्शन कर रही छात्राओं का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस कॉलेज पहुंची.



इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार की देर रात विरोध जताते छात्र-छात्राएं.

**गर्लफ्रेंड को ब्लैकमेल कर वॉशरूम में कैमरा लगवाया**

विजय ने गर्ल्स वॉशरूम में कैमरा छिपाने के लिए कॉलेज की ही एक छात्रा की मदद ली थी. सूत्रों के अनुसार विजय उस लड़की (गर्लफ्रेंड) को ब्लैकमेल कर रहा था. उसने पहले 'ओयो' रूम में गर्लफ्रेंड का वीडियो बनाया, फिर उसे ब्लैकमेल कर गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में कैमरा लगवाया.

**मंत्री ने मामले की जांच के आदेश दिए :** आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश ने शुक्रवार को इस मामले की जांच का आदेश दिया है. मंत्री ने कहा है कि कॉलेज में छात्राओं के वॉशरूम में हिडन कैमरा लगाए जाने के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं. दोषियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**अध्ययन** भारत में पर्याप्त आयोडीन नहीं लेने वालों में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक

# आयरन, कैल्शियम की पर्याप्त खुराक नहीं ले रहे लोग

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत में सभी आयु वर्ग के लोग मानव स्वास्थ्य के लिए अहम माने जाने वाले आयरन, कैल्शियम और फोलेट सहित कई अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों का पर्याप्त मात्रा में सेवन नहीं कर रहे हैं. 'द लांसेट ग्लोबल हेल्थ' पत्रिका में प्रकाशित एक नये अध्ययन में यह दावा किया गया है. यह अध्ययन 185 देशों में उन 15 सूक्ष्म पोषक तत्वों की अपर्याप्त खपत का अनुमान देने वाला पहला अध्ययन है, जिन्हें सप्लीमेंट का इस्तेमाल किए बिना दैनिक आहार के माध्यम से लिया जाता है. अध्ययन दल में अमेरिका स्थित हार्वर्ड विश्वविद्यालय सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के शोधकर्ता शामिल हैं.

अध्ययन से पता चलता है कि दुनिया की लगभग 70 फीसदी आबादी यानी पांच करोड़ से अधिक लोग आयोडीन, विटामिन-ई और कैल्शियम की पर्याप्त खुराक नहीं लेते हैं. इसमें यह भी पाया गया कि किसी देश और आयु वर्ग में पर्याप्त मात्रा में आयोडीन, विटामिन-बी12 और आयरन न लेने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक है, जबकि महिलाओं की तुलना में अधिक पुरुष मैग्नीशियम, विटामिन-बी6, जिंक और विटामिन-सी का पर्याप्त सेवन नहीं कर रहे हैं. अध्ययन के मुताबिक, भारत में पर्याप्त मात्रा में आयोडीन न लेने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है, जबकि महिलाओं के मुकाबले ज्यादा पुरुष जिंक और मैग्नीशियम का अपर्याप्त सेवन करते हैं.

**10 से 30 साल के आयु वर्ग में कैल्शियम की अपर्याप्त खपत :** अध्ययन के दौरान 99.3 फीसदी वैश्विक आबादी में पोषक तत्वों के अपर्याप्त सेवन के स्तर का अंदाजा लगाने के लिए शोधकर्ताओं ने 'ग्लोबल डायटरी डेटाबेस' के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण किया. उन्होंने 10 से 30 साल के आयु वर्ग के लोगों में कैल्शियम की अपर्याप्त खपत सबसे ज्यादा देखी, खासकर दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्वी एशिया और उप-सहारा अफ्रीका में. शोधकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन के नतीजे स्वास्थ्य पेशेवरों को उन लोगों को लक्षित कर सकेंगे, जिन्हें आहार संबंधी हस्तक्षेप की सबसे ज्यादा जरूरत है.



**70%**

**दुनिया की आबादी आयोडीन, विटामिन-ई और कैल्शियम की पर्याप्त खुराक नहीं लेतीं**

छत्रपति की प्रतिमा ढहने पर पीएम मोदी बोले

# मैं शिवाजी महाराज के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं

एजेंसी। पालघर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के तटीय सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भारत के इस वीर सपूत के साथ ही, इस घटना से आहत लोगों से शुक्रवार को माफी मांगी. महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखने के बाद मोदी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज मेरे लिए सिर्फ नाम नहीं, आराध्य देव हैं. पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, आज मैं सिर झुका कर छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में मस्तक रख कर माफी मांगता हूं.

उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार अलग हैं. हम वह लोग नहीं हैं, जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं. बता दें कि पीएम मोदी ने पिछले साल दिसंबर में सिंधुदुर्ग जिले में नौसेना दिवस समारोह के दौरान प्रतिमा का अनावरण किया था. वहीं, महाराष्ट्र सरकार ने घोषणा की है कि राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों वाली नौसेना की अध्यक्षता में एक संयुक्त तकनीकी समिति सोमवार को मूर्ति गिरने के कारणों की जांच करेगी.



भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे, अपनी पार्टी बनाएंगे या फिर एकला चलो रे...

# न जाने कहां लुप्त हो गये संथाल के एंग्री ओल्डमैन लोबिन हेंब्रम...

**संजय सिंह।रांची**

संथाल के एंग्री ओल्ड मैन लोबिन हेंब्रम इन दिनों गायब हैं. या यू कहें, मीडिया से गायब हैं. अपने बयानों के कारण मीडिया की सुर्खियों में रहनेवाले लोबिन पिछले कुछ दिनों से सीन से गायब हैं. झामुमो के टिकट पर बोरियो से विधायक बने लोबिन अपनी ही पार्टी व सरकार की बखिया उधेड़ते रहे. हेमंत सोरेन को कोसने से भी पीछे नहीं रहे. पार्टी नेतृत्व की खुलेआम मुखालफत करते रहे. लोकसभा चुनाव के दौरान राजमहल सीट से टिकट की चाहत रखते थे. लेकिन पार्टी की ओर से विजय हांसदा को प्रत्याशी बनाया गया, तो न सिर्फ खुल्लमखुल्ला विरोध करते रहे, बल्कि बगावत कर चुनावी समर में कूद पड़े. जमानत जब्त हुई, तो होश ठिकाने आ गये. फिर उनकी भाजपा में शामिल होने की खबरें सोशल मीडिया पर फैलती रहीं.



लोबिन हेंब्रम

इस बीच कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन ने बगावती तेवर अपनाये, तो लगा शायद एंग्री ओल्डमैन लोबिन भी उनके साथ सुर में सुर मिलाएंगे. तीर-धनुष छोड़ कमल खिलाएंगे. लेकिन न जाने लोबिन अचानक कहां लुप्त हो गये. कमल खिलाने के चक्कर में चंपाई सोरेन जहां लगातार एक सप्ताह से सुर्खियां बटोरते रहे, वहीं लोबिन सीन से ही गायब हो गये हैं. अब उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगायी जा रही हैं. कयास लगाया जा रहा है कि क्या लोबिन भी भाजपा में ही शामिल होंगे या अलग से पार्टी बनाएंगे या फिर एकला चलो रे की नीति पर काम करेंगे.

**बागी एंग्री ओल्डमैन को झामुमो ने दिखाया बाहर का रास्ता :** राजनीतिक गलियारे में पहले चर्चा थी कि बागी कोल्हान टाइगर चंपाई के साथ ही संथाल के एंग्री ओल्डमैन लोबिन हेंब्रम भी कमल खिलाएंगे, लेकिन इस एपीसोड से भी परदा उठ गया. चंपाई कमल खिलाने लगे, लेकिन लोबिन पुराने विधानसभा परिसर स्थित सरकारी आवास में ही हैं और फिलहाल गुमकी साध रखी है. फिलहाल उन्होंने भाजपा में शामिल होने की संभावना से इनकार किया है. लेकिन खुलकर कुछ बोलने से कतरा रहे हैं. हालांकि झामुमो से खिसियाए हुए हैं, क्योंकि बगावत की वजह से पार्टी ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है. लोबिन ने गुरुजी के साथ मिलकर जिस पार्टी को संथाल में खड़ा करने में पूरी जवानी बिता दी और अब बुजुर्गावस्था में बगावत करने के कारण उस पार्टी ने लात मारी, तो बेचारे बिलबिला गये. कोर्ट भी गये, लेकिन बात नहीं बनी, तो फिलहाल चुप्पी साधे हुए हैं.

**लोबिन को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कद्दावर नेता रहे कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन विधिवत तामझाम के साथ भाजपा में शामिल हो गये. लेकिन लोबिन दूर-दूर रहे. जबकि सबसे पहले लोबिन हेंब्रम ने ही चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने के संकेत दिए थे. लेकिन अबतक वे खुद भाजपा से दूरी क्यों बनाये हुए हैं, जबकि उन्होंने कुद ही घोषणा की थी कि वे भाजपा का दामन थामेंगे. लेकिन मिलन समारोह में लोबिन के भाजपा के शामिल नहीं होने की खबर से कयासों का दौर शुरू हो गया है.

**और एक संभावना यह भी...**

**लोबिन के लिए हो सकता है संथाल में मिलन समारोह**

राजनीति के जानकार बताते हैं कि हो सकता है भाजपा ने एंग्री ओल्ड मैन लोबिन हेंब्रम को लेकर कोई नई रणनीति के तहत काम कर रही हो. चूंकि कोल्हान व संथालपरगना में भाजपा कमजोर है, इसलिए हो सकता है संथाल में लोबिन के लिए भाजपा के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में ही मिलन समारोह का आयोजन किया जाए.

**आखिर किस दुविधा में फंसे हैं एंग्री ओल्ड मैन :** बताया जाता है कि लोबिन हेंब्रम की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही है. शायद इसी वजह से उन्होंने राजनीति से दूरी बना ली है. या यह भी हो सकता है कि लोबिन हेंब्रम उधेड़बुन और दुविधा में फंसे हों. वैसे भी संथाल का कोई भी झामुमो नेता तीर-धनुष यानि झामुमो छोड़ कर राजनीति में अबतक बहुत सफल नहीं हो सका है. हेमलाल मुर्मू जैसे कद्दावर नेता लगभग 10 साल तक भाजपा में रहे, संथाल में कमल खिलाने का प्रयास करते रहे, लेकिन हर बार हबकुनिए गिरे, तो फिर उठिए नहीं पाए. मजबूरन घर वापस होना पड़ा. स्टीफन मरांडी, साइमन मरांडी जैसे बड़े कद्दावर नेता भी झामुमो को ठेंगा दिखा भागे थे, लेकिन चल न सके, तीर-धनुष थामना पड़ा. हां, झामुमो से नाता तोड़ सुनील सोरेन कमल खिलाने गये, कमल खिलाया भी, लेकिन अब कमलवालों ने उन्हें झामुमो से तौबा कर आईं सीता सोरेन के चक्कर में किनारे लगा दिया. इन सब दृष्टांतों के वजह से हो सकता है एंग्री ओल्ड मैन दुविधा में हों.

## देख रहे हो न विनोद... कोल्हान से पलामू क्या पहुंचे, हांफने लगे धुरंधर

**संवाददाता।रांची**

राजनीति में पदार्पण की एक अनोखी शर्त है, समाजसेवी होना. न भी हों, तो समाजसेवी होने का ढंग करना. अब पलामू की राजनीति में कोल्हान के एक समाजसेवी (कथित) का पदार्पण क्या हुआ, तो वहां के राजनीतिक धुरंधर हांफने लगे हैं. पहले से पलामू की राजनीति में गत मार बैठे राजनीतिज्ञ इसलिए परेशान हैं कि कहीं उनकी पार्टी टिकट रूपी उनका पत्ता न गुल कर दे. किनारे न लगा दे. पलामू में एक विधानसभा सीट पांकी है. कुरमी बहुल सीट बताया जाता है, लेकिन कभी इस सीट पर क्षत्रियों का ही दबदबा रहा करता था. कांग्रेस के टिकट से कभी संकटेश्वर सिंह उर्फ संतु सिंह परचम लहराया करते थे. फिर विदेश सिंह (अब स्वर्गीय) भी पांकी में परचम लहराते रहे. बीच में जदयू के टिकट पर मधु सिंह (अब स्वर्गीय) ने परचम लहराया था. जब राज्य अलग बना, तो सिंह को मंत्री रूपी मधु का स्वाद चखने को मिला. बाद में स्व विदेश सिंह के बेटे बिट्टू सिंह विधायक बने.

**चुनावी चकल्लस**

**उछल-कूद मचावे में माहिर हो गए हैं मेहता बाबू**

उधर मूल रूप से पलामू के रहनेवाले और रांची में शिक्षण संस्थान चलाने वाले मेहता बाबू भी पांकी में लगातार जोर लगाइले रहे. कभी निर्दलीय, तो कभी झामुमो के तीर-धनुष से पांकी पर निशाना साधते रहे, लेकिन हमेशा तनि-तनि सा के लिए पिछुवाते रह गये. बूझ गये मेहता बाबू कि बिना कोई राष्ट्रीय पार्टी का दामन थामले दाल गले वाला नहीं है. आखिर आदित्य कृपा बरसी, माथुर साहिब से करीब लिया गये, तो मेहता बाबू ने कमल थाम लिया. भगवाधारी हुए, टिकट मिला और जीत भी गए. विधानसभा में भी खूबे उछलकूद मचाइले रहते हैं. लेकिन अब पांकी में विनोद बाबू के चरण क्या पड़े, मेहता साहिब हांफे लगे हैं. बिट्टू बाबू भी चुप्पी साधले हैं, लेकिन स्व मधु चचा के सुपुत्र लाल सूरज लकलकाइल हैं. अभी कोई पार्टी भेंटा नहीं रहा है. कोशिश में लगल हैं कोई पार्टी उन्हें टिकट दे दे.

**कोयरी-कुरमी बहुल इलाका पांकी विस क्षेत्र**

पांकी विधानसभा क्षेत्र कोयरी-कुरमी बहुल इलाका है. मुस्लिम आबादी भी अच्छी-खासी है. मेहता बाबू यहां से विधायक हैं. जोर लगाइले हैं. दावा करते हैं कि पांकी के लिए खूबे काम किए हैं. विधानसभा में भी खूबे एक्टिव रहते हैं. उछल-कूद मचावे में माहिर हो गये हैं. सरकार को घेरने के लिए पोस्टर-बैनर झट से बनवा लेते हैं. पिलहाल तो मेहता बाबू क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे हैं, लेकिन विनोद बाबू के पांकी में अवतरित होते ही उनके माथे पर भी पसीना चलने लगा है. विनोद बाबू किसी पार्टी से चुनाव लड़ेंगे या निर्दलीय ही किस्मत आजमाएंगे, यह सब अभी तय नहीं है. लेकिन चूंकि विनोद बाबू के कोल्हान के पूर्व सीएम मधु कोड़ा से अच्छे संबंध रहे हैं, इसलिए मेहता बाबू तनिक ज्यादा ही टेंशन में हैं. विनोद बाबू के कारण हांफले भी हैं. जहां तक विस क्षेत्र में धन-बल के खेल की बात है, तो मेहता बाबू को अबकी बार तनिक परेशानी ज्यादा होगी. ढेरे कचिया डाउन करे पड़ेगा.

## इंटक नेता राणासंग्राम सिंह की हालत गंभीर



**रांची।** इंटक के राष्ट्रीय वरीय सचिव और एचईसी की मान्यताप्राप्त हटिया प्रोजेक्ट वकर्स यूनियन के महामंत्री राणा संग्राम सिंह की तबीयत खराब है. इलाज के लिए उन्हें मेडिका अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री लीलाधर सिंह ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया रामा संग्राम सिंह यूरोसेप्सिस बीमारी से पीड़ित हैं और उन्हें एक सप्ताह पूर्व ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है. चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. मेडिका के चिकित्सकों का कहना है कि उनका लीवर ,किडनी काम करना बंद कर दिया है. आम आदमी का ब्रेन 15 % काम करता है, लेकिन राणा साहेब का ब्रेन 6% काम करता है. 3% पर ब्रेन डेड है और फिलहाल उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है. संयुक्त बिहार के श्रमिक आंदोलन के पुरोधा राणा संग्राम सिंह की बीमारी की खबर पाकर शुक्रवार को सैंकड़ो मजदूर नेता व शुभचिंतक उनका हालचाल जानने मेडिका अस्पताल पहुंचे. मजदूर नेता के रूप में राणा साहेब ने बोकारो, टाटानगर, धनबाद, गोमिया, पतरातू, सिंदरी,हजारीबाग, पटना, डिहरी क्षेत्र मेंअलग पहचान बना ली थी. एचईसी, बासल, उषा मार्टिन सहित कई औद्योगिक इकाइयों व कारखाना के श्रमिकों के हित में लगातार आवाज बुलंद करते रहे हैं.

# मुख्यमंत्री से मिल कर पोषण सखी दीदियों ने जताया आभार

**ब्यूरो प्रमुख ।रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके निवास पर विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर आभार जताया. दरअसल 29 अगस्त को मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आंगनबाड़ी सेविका-सह-पोषण परामर्शियों को फिर से बहाल करने की स्वीकृति दी है. इसी फैसले के बाद सखी दीदियों ने उनके घर पर पहुंच कर उनका आभार किया. पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य सरकार के इस निर्णय से उत्साहित हैं. आपके (मुख्यमंत्री) नेतृत्व में राज्य सरकार समस्त राज्य वासियों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर रही है. पोषण सखी दीदियों सीएम को मिठाई खिलाया.



सीएम हेमंत सोरेन से मिलतीं पोषण सखी दीदियां.

**राज्यहित में कई निर्णय लिए गए :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पोषण सखी दीदियों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उनकी सरकार ने राज्यहित में कई निर्णय लिए हैं. सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण नीतियां बनायीं गईं, जिसका लाभ राज्यवासियों को मिल रहा है. सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक-अधिकार देने के साथ-साथ राज्य की नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए वह काम कर रहें हैं. हमने सरकार की योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर पहुंचाने का काम किया गया है. सखी दीदियों के साथ सीएम की मुलाकात के वक्त सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी, दीपक बिरुआ, विधायक सुखराम उरांव, दशरथ गागराई, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, निरल पूर्ति, कल्पना सोरेन आदि उपस्थित थे. विभिन्न जिलों से आयी पोषण सखी दीदियों में प्रमिला कुमारी, रुबिया खातून, अंजनी कुमारी, तारा गुप्ता, सुषमा कुमारी, मनोरमा कुमारी आदि शामिल थीं.

## खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए 5434 मैदान ही बना

- 2020 की योजना, बनना था 14,195 खेल मैदान.
- ग्रामीण इलाकों में 10,788 खेल मैदान के लिए राशि निर्गत की गयी

**संवाददाता ।रांची**



ग्रामीण इलाकों में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने गांव व पंचायत स्तर पर खेल का मैदान तैयार करने की योजना तैयार की थी. योजना वर्ष 2020 में तैयार की गई थी. सरकार ने 14,195 गांव व पंचायतों में खेल का मैदान बनाने का लक्ष्य रखा था. दो फेज में लक्ष्य को पूरा करना था. सरकार ने 10,788 गांव व पंचायतों में खेल मैदान तैयार करने के लिए राशि जारी कर दी थी. मैदान का निर्माण वन भूमि में किया जाना है. चार साल बीतने के बाद भी इस योजना के तहत सिर्फ 5434 गांव व पंचायतों में ही खेल मैदान तैयार किया जा सका है. यानि लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 40 प्रतिशत ही काम हो पाया है.

जानकारी के मुताबिक आठ जिलों रांची, लोहरदगा, धनबाद, लातेहार, कोडरमा, चतरा, गोड्डा, साहिबगंज में खेल मैदान बनाने का काम संतोषजनक है. लेकिन अन्य जिलों में स्थिति संतोषजनक नहीं है. खेल मैदान का निर्माण मनरेगा योजना के तहत कराया जाना है. ताकि गांवों में लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो सके. खेल मैदान बनाने की रफ्तार धीमी रहने के कारण ग्रामीण इलाकों के युवाओं को खेलने की जगह नहीं मिल पा रहा है. इस कारण ग्रामीण इलाकों में खेलों को प्रोत्साहित करने की महत्वकांक्षी योजना भी अधर में लटकता नजर आने लगा है.

**हाईकोर्ट की खबरें**

## दो सितंबर को हाईकोर्ट में हाजिर होंगे प्रधान सचिव

**संवाददाता ।रांची**

**साहिबगंज जलापूर्ति योजना**

- 12 साल बीतने पर भी योजना अधूरी, कोर्ट ने पूछा- लोगों को प्यासा रखना चाहती है सरकार

साहिबगंज जलापूर्ति योजना को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि क्या राज्य सरकार वहां के लोगों को प्यासा रखना चाहती है. इसके साथ ही अदालत ने अगली सुनवाई के दिन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को हाजिर होने का निर्देश दिया है. अगली तारीख दो सितंबर को है.

सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि साहिबगंज जलापूर्ति योजना के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम जारी है. कुछ हिस्सों में पाइपलाइन बिछाने के लिए रेलवे से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना बाकी है. इसके लिए रेलवे को भुगतान किया जाना है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है. कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जतायी कि रेलवे से वर्ष 2017 में अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा गया था. सात साल बीतने के बाद भी यह प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है.

याचिकाकर्ता की तरफ से वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने अदालत को बताया कि वर्ष 2012 से साहिबगंज जलापूर्ति योजना चल रहा है. 12 साल बीतने के बाद भी योजना को पूरा नहीं किया जा सका है. इससे पहले भी इसे लेकर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिसे वर्ष 2016 में निष्पादित किया गया था. लेकिन काम पूरा नहीं होने की स्थिति में दुबारा जनहित याचिका दाखिल करना पड़ा.

# राज अस्पताल में पहली बार लीडलेस पेसमेकर किया गया ट्रांसप्लांट

**संवाददाता ।रांची**

राज अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख चिकित्सक डॉ राजेश कुमार झा की टीम ने एक मरीज को नए तकनीक पर आधारित लीडलेस पेसमेकर लगाया. रांची में पहली बार लीडलेस पेसमेकर को ट्रांसप्लांट किया गया है. इसे बिना चिर-फाड़ किये ही हार्ट में प्लांट कर दिया जाता है. पेसमेकर को पैर की नस नस के जरिये हार्ट तक पहुंचाया जाता है. इस प्रक्रिया में मरीज को दर्द नहीं होता है और यह सुरक्षित भी है. लीडलेस पेसमेकर का आकार एक छोटी (एएए) बैटरी की तरह होता है. इसकी औसत जीवन करीब 10 साल है.



पेसमेकर लगाने के बाद डॉ राजेश कुमार झा और उनकी टीम के सदस्य.

**आधे घंटे में ऑपरेशन**

ट्रांसप्लांट के बारे में डॉ राजेश कुमार झा ने बताया कि मरीज की पहले भी हार्ट सर्जरी हुई थी. उनके पेसमेकर पॉकेट में संक्रमण भी था. इसलिए हमने तय किया कि लीडलेस पेसमेकर तकनीक का इस्तेमाल ठीक रहेगा. ऑपरेशन की पूरी प्रक्रिया में आधे घंटे से भी कम समय लगा. उन्होंने बताया कि राज अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में हर्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर ट्रांसप्लांट, आईसीडी, सीआरटीडी, पेरीफेरल एंजियोप्लास्टी आदि की जाती है.

**लीडलेस पेसमेकर की बढ़ी है लोकप्रियता :** डॉ राजेश कुमार झा के मुताबिक इस प्रक्रिया से पेसमेकर लगाने से मरीज की रिकवरी तेजी से होती है. ऑपरेशन के दूसरे या तीसरे दिन ही छुट्टी कर दी जाती है. नियमित पेसमेकर की तुलना में लीडलेस पेसमेकर ज्यादा अच्छा होता है. इसमें संक्रमण का खतरा नहीं है. यही कारण है कि भारत में पिछले कुछ वर्षों से लीडलेस पेसमेकर की लोकप्रियता बढ़ी है.

**लीडलेस पेसमेकर किनके लिए अच्छा**

- जो बहुत सी बीमारियों से ग्रसित है.
- जिनके हाथ के नस में रुकावट हो.
- पेसमेकर पॉकेट इन्फेक्शन बार-बार हो.
- जिनके हार्ट की बड़ी सर्जरी हुई हो.
- जिन्हें इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड बीमारी हो.
- जिनका शरीर कमजोर हो.

## कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य आज रांची आएंगे

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर, सदस्य पूनम पासवान एवं प्रकाश जोशी शनिवार दोपहर 2.30 बजे रांची पहुंचेंगे. यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि रांची पहुंचने के बाद स्क्रीनिंग कमेटी के पदाधिकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल के नेता, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, झारखंड से राष्ट्रीय पदाधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व सांसदों, विधायक दल उप नेता कांग्रेस के मंत्रियों- पूर्व मंत्रियों, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्षों से मुलाकात करेंगे. एक सितंबर को दोपहर 12 बजे से कांग्रेस भवन में समिति जिला अध्यक्षों, विभिन्न विभागों के अध्यक्षों, बोर्ड/निगम/आयोग के अध्यक्षों व विधानसभा चुनाव लड़ने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात करेंगी. इस क्रम में समिति के सदस्य सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए राजनीतिक, सामाजिक समीकरण भौगोलिक परिस्थितियों व अन्य जानकारी लेकर उस पर समीक्षा करेंगे.

# चिकित्सा पदाधिकारी व विशेष चिकित्सकों की कमी

**हाल स्वास्थ्य व्यवस्था का**

- अंतराष्ट्रीय मानक औसतन 1000 लोगों पर एक डॉक्टर
- देश में औसतन 13,000 लोगों पर एक डॉक्टर
- झारखंड में औसतन 15,600 लोगों पर एक डॉक्टर

**संवाददाता।रांची**

झारखंड के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की भारी कमी है. सरकार के आंकड़े के मुताबिक, झारखंड में 2244 चिकित्सा पदाधिकारी काम कर रहे हैं, जबकि 467 विशेषज्ञ चिकित्सक अस्पतालों में पदस्थापित हैं. इनमें 112 विशेषज्ञ चिकित्सक और 103 चिकित्सा पदाधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम कर रहे हैं. विशेषज्ञ चिकित्सक की बात करें तो इसके 654 पद रिक्त है, जबकि चिकित्सा पदाधिकारी के 81 पद रिक्त है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों के 229 पद रिक्त है, जबकि चिकित्सा पदाधिकारी के 97 पद रिक्त है. इन आंकड़ों से हमें यह पता चलता है कि झारखंड में करीब 15,600 लोगों पर एक डॉक्टर हैं, जबकि देश भर में 13000 लोगों पर एक डॉक्टर हैं. डब्ल्यूएचओ के गाइडलाइन के मुताबिक प्रति 1000 लोगों पर एक डॉक्टर होने चाहिए.

**अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, मरीजों को परेशानी :** जानकारी के मुताबिक, झारखंड में नौ मेडिकल कॉलेज है, जबकि 23 जिला सदर अस्पताल और 13 अनुमंडलीय अस्पताल है. इन अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. राज्य में 3300 से अधिक प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र है. सारे प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र नर्स के भरोसे चल रहे हैं और नर्स की संख्या भी बहुत कम है. हाल के दिनों में सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम किये हैं. इस वजह से झारखंड के स्वास्थ्य परफॉरमेंस इंडेक्स में सुधार आया है. झारखंड में स्वास्थ्य परफॉरमेंस इंडेक्स 38.46 से बढ़ कर 45.33 हो गया. मतलब, स्वास्थ्य परफॉरमेंस के मामले में 6.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. इसका मतलब यह है कि स्वास्थ्य सेवा में सुधार हुआ है.

**छह जिलों में कियोस्क मशीन, पर काम नहीं कर रहे :** राज्य के छह जिलों बोकारो, रामगढ़, लातेहार, पलामू, खूंटी व गुमला में कियोस्क मशीन लगा हुआ है, लेकिन वह काम नहीं कर रहा है. इस कारण मरीजों को यह पता नहीं चल पा रहा है कि अस्पताल में कौन डॉक्टर, किस वक्त, कहां बैठेंगे? कियोस्क मशीन से यह भी पता चल जाता है कि अस्पताल में कौन सी दवा उपलब्ध है और कौन सी नहीं. कियोस्क मशीन काम नहीं करने के बारे में विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इन छह जिलों के अस्पतालों को मशीन तो उपलब्ध करा दिया गया है, लेकिन इसके लिए सॉफ्टवेयर का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है. यह काम अभी प्रक्रिया में है. सॉफ्टवेयर बनने के बाद कियोस्क मशीन काम करने लगेगा. कियोस्क मशीन चालू नहीं होने की वजह से आम लोगों को जरूरी जानकारी नहीं मिल पाती है.

## वीआईपी के गुजरने के बाद लापरवाह हो जाते हैं जवान

**जाम को लेकर कोर्ट सख्त**

- चौक-चौराहों पर लगा सीसीटीवी आंख में धूल झोंकने वाला, अधिकतर हैं खराब

**रांची।** राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने के दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ट्रैफिक एसपी को निर्देश दिया है कि वह खुद लगातार चौक-चौराहों का औचक निरीक्षण करें. ट्रैफिक व्यवस्था में तैनात पुलिस के जवान वीआईपी मूवमेंट के वक्त तो सक्रिय रहते हैं, लेकिन बाद में लापरवाह हो जाते हैं. कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि वसूली में शामिल पुलिसकर्मियों को ट्रैफिक से हटाएं. ट्रैफिक एसपी कार्रवाई करें. कोर्ट ने शहर भर में लगे सीसीटीवी कैमरों को आंख में धूल झोंकने वाला बताया. साथ ही कहा कि इनमें अधिकतर खराब हैं. ऐसे में क्राइम कंट्रोल कैसे होगा. अदालत ने निर्देश दिया कि चौक-चौराहों पर लगने वाले सब्जी बाजार व फुटपाथ दुकानदारों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाये, ताकि शहर के लोगों को जाम की समस्या से निजात मिले. सुनवाई के दौरान अदालत ने सड़क को ऑटो व ई-रिक्शा स्टैंड बनाने पर कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि चालकों के ड्रेस कोड लागू करें. सरकार को इसके लिए रेग्युलेशन बनाना चाहिए. इसके साथ ही जाम ना लगे, इसके लिए लोगों को जागरूक बनाने की भी कोशिश होनी चाहिए.

## राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों का तबादला

**रांची।** सरकार ने शुक्रवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों का तबादला कर दिया है. कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक पूर्वी सिंहभूम जिला के अपर उपायुक्त योगेंद्र प्रसाद को हजारीबाग नगर निगम के नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है. पेयजल स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव जयदीप तिग्गा को समेकित जनजाति विकास अभिकरण, चाईबासा का परियोजना निदेशक बनाया गया है. इसी तरह दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी गौतम कुमार भगत को साहिबगंज जिला में अपर समाहर्ता के पद पर पदस्थापित किया गया है.

क्लासिफाइड







# आम लोगों को नुकसान पर यह खुशी!

**फैसल अनुराग**

इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आइआरडीएआइ) और लाईफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) में ठन गई है. एक बीमा नियामक संगठन है और दूसरा लोगों की बीमा करने वाली कंपनी. दोनों का एक ही उद्देश्य है-जन कल्याण. फिर ठनी क्यों ? असल में बीमा नियामक ने एक आदेश जारी किया है, जिसे लागू होना है. आदेश के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति पॉलिसी को बंद करता है, तो बीमा कंपनी को चुकाए गए प्रीमियम का करीब 70 प्रतिशत हिस्सा (सरेंडर वैल्यू) वापस करना होगा. यह नियम आमलोगों के हित में है और इस आदेश ने बीमा कंपनियों की रंगदारी पर रोक लग जायेगी. अब तक होता यह था कि अगर कोई व्यक्ति किसी कारणवश पॉलिसी को बंद कर देता था, तो उसे बहुत कम राशि मिलती थी. चुकाए गए प्रीमियम का महज 25-30 प्रतिशत. इस आदेश से एलआइसी को दिक्कत है. बकायदा उसने आपत्ति दर्ज करा दी है. एलआईसी एक बीमा कंपनी है. आम लोगों के हित के लिए ही उनका बीमा करती है. इसके बावजूद उसे इस पर आपत्ति है.

यह तो सिर्फ एक खबर है. असल खबर यह है कि देश का एक वर्ग है, जिसके पास पैसा है, बहुत पैसा है और वह शेयर बाजार पर फिदा है, उसे एलआइसी की आपत्ति खूब पसंद आयी. एलआईसी की आपत्ति के बाद उसके शेयर एक ही दिन में 2.68 प्रतिशत उपर चला गया. उसके साथ ही दूसरी बीमा कंपनियों के शेयरों के भाव भी बढ़ने लगे. एलआइसी की आपत्ति और बीमा कंपनियों के शेयरों के भाव बढ़ने की घटना ही असल चिंता की बात है. बीमा नियामक संगठन ने जून माह में जो आदेश दिया है, उससे देश के करोड़ों लोगों के फायदा मिलेगा और बीमा कंपनियों को नुकसान होगा. लेकिन अगर एलआइसी की आपत्ति के बाद बीमा नियामक को अपने आदेश वापस लेने पड़ते हैं, तो देश के करोड़ों लोगों को तो नुकसान होगा लेकिन बीमा कंपनियों को फायदा होगा. मतलब देश का एक वर्ग को देश के करोड़ों लोगों के फायदे से अधिक कंपनियों के मुनाफे की चिंता है. कंपनियों को नुकसान होने पर वह दुखी हो जाता है और आम लोगों को नुकसान पर खुश.

## शिबू सोरेन से मिले मंत्री रामदास सोरेन



शपथ ग्रहण के बाद शिबू सोरेन से मिलने पहुंचे मंत्री रामदास सोरेन.

**संवाददाता ।रांची**

मंत्री पद का शपथ लेने के बाद रामदास सोरेन ने झारखंड राज्य समन्वय समिति-सह-राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मोरहाबादी स्थित घर पहुंचे. रामदास सोरेन ने शिबू सोरेन से आर्शिवाद लिया. शिबू सोरेन ने रामदास सोरेन को मंत्री बनने के लिए बधाई दी. उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरुआ समेत अन्य उपस्थित थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, शनिवार 31 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 143 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### फरार हत्यारोपी पति को पुलिस ने दबोचा

**लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र में पत्नी की कुदाल से काट कर हत्या करने के बाद फरार चल रहे पति को भंडरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. आरोपी को टोरी चंदवा बाजार से दबोचा गया. बता दें कि थाना क्षेत्र के मल्हार टोली निवासी बेनामी मल्हार ने बीते दिनों घरेलू विवाद विवाद में अपनी पत्नी राखी देवी की कुदाल से काट कर निर्ममता से हत्या कर दी थी. वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था. भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपी बेनामी मल्हार की तलाश में भंडरा पुलिस लगी हुई थी. इस बीच गुप्त सूचना पर उसे टोरी चंदवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया.

### अब पारसनाथ स्टेशन पर वंदे भारत का ठहराव

**धनबाद।** रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का ठहराव अब पारसनाथ स्टेशन पर भी होगा. रेल मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है. ट्रेन का ठहराव दो सितंबर से शुरू हो जाएगा. रेलवे द्वारा जारी आदेश के बाद ट्रेन नंबर 20887/20888 रांची-वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस पारसनाथ स्टेशन पर दो मिनट पर रुकेगी. ट्रेन नंबर 20887 रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह के 7:55 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंच कर वहां से 7:57 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी. वहीं, ट्रेन नंबर 20888 वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस रात 8:50 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचने के बाद वहां से 8:52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी.

### कोल्हान प्रमंडल की बैठक में शामिल हुए चंपाई सोरेन

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहली बार भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे. यहां कोल्हान प्रमंडल के कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक में शामिल हुए. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रमंडल प्रभारी एवं सांसद आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित कोल्हान प्रमंडल के सभी जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी शामिल हुए. बैठक में सांगठनिक कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गयी.

### कदवा में युवक का शव मिला, शिनाख्त नहीं

**हजारीबाग।** पदमा थाना क्षेत्र स्थित कदवा चार माइल के पास से गुरुवार को एक अज्ञात शव बरामद हुआ है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया और आगे की जांच में जुटी हुई है. पुलिस मामले की तह तक पहुंचने के लिए सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है. समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी. उधर शव मिलने की खबर से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गयी है. बता दें कि पदमा पुलिस ने 21 जुलाई को भी एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया था.

'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू, राज्य भर में 15 सितंबर तक चलेगा कार्यक्रम

# चौथी बार आपके द्वार पहुंच रही है आपकी सरकार : हेमंत सोरेन

**संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार ने झारखंड की आम जनता तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के चौथे चरण की शुरुआत करेगी. यह कार्यक्रम 15 सितंबर तक जारी रहेगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि आपकी सरकार आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए चौथी बार आपके द्वार पहुंच रही है. मुख्यमंत्री ने लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे शिविरों से योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया.

सोरेन ने सबसे पहले 15 नवंबर 2021 को पंचायत स्तर पर लाभार्थियों के लिए शिविर लगा कर कार्यक्रम की शुरुआत की थी. इस पहल का उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निपटारा करना है, ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द लाभ मिलना शुरू हो सके. झारखंड सरकार के मंत्रियों, झामुमो के विधायक व नेता और सभी जिलों के डीसी लोगों को अपने नजदीकी पंचायत/ वार्ड में जाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की है.



### तीन चरणों में 1.49 करोड़ आवेदनों का हुआ है निपटारा

राज्य में 2021 में कुल 6,867 शिविर आयोजित किए गए और लगभग 35.95 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे. इसी तरह 2022 में 5,696 शिविर आयोजित किए गए और लगभग 55.44 लाख आवेदन आए. तीसरे चरण में 2023 में कुल 5,496 शिविर आयोजित किए गए और लगभग 58.26 लाख आवेदन प्राप्त हुए. तीन चरणों में प्राप्त कुल आवेदनों में से लगभग 1.49 करोड़ आवेदनों का निपटारा किया जा चुका है. कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे. इसमें झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, सार्वभौमिक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी योजनाओं के लिए आवेदन शामिल हैं.

**मंत्री, विधायक और डीसी ने लाभ उठाने की अपील की :** हेमंत सरकार में मंत्री और महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लोगों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओ का लाभ उठाने की अपील की है. वहीं बोकारो, गिरिडीह, लोहरदगा, देवघर, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, साहिबगंज, सरायकेला-खरसांवा सहित अन्य जिलों के डीसी ने ऑफिशियल 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट कर जनसंपर्क कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी है.

# पलामू: उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में तीन अभ्यर्थियों की मौत, 80 से अधिक बेहोश

**जैनेंद्र कुमार। मेदिनीनगर (पलामू)**

पलामू में उत्पाद सिपाही बहाली के लिए दौड़ चल रही है, लेकिन यह दौड़ अभ्यर्थियों के लिए जानलेवा साबित हो रही है. मेदिनीनगर के चियांकी में 27 अगस्त से शुरू हुई दौड़ में भाग लेने वाले तीन अभ्यर्थियों की अबतक मौत हो चुकी है. वहीं, दौड़ में भाग लेने वाले 80 के करीब अभ्यर्थी बेहोश हुए थे, जिनमें से चार अभ्यर्थियों को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है और लगभग दर्जन भर अभ्यर्थियों का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है. दौड़ के दौरान शुक्रवार को गोड्डा निवासी अभ्यर्थी प्रदीप कुमार की मौत हो गई. मृतक प्रदीप की बहन प्रीति कुमारी ने बताया कि प्रदीप पहले कभी नहीं दौड़े थे. उत्पाद सिपाही में बहाली भाग लेने के लिए पलामू पहुंचे थे. दौड़ने के दौरान प्रदीप कुमार की मौत हुई है.

**बेहोशी की हालत में 80 अभ्यर्थी अस्पताल पहुंचाए गए थे :** उत्पाद सिपाही बहाली के लिए दौड़ में शामिल बिहार के गया निवासी अभ्यर्थी अभिषेक कुमार की इलाज के दौरान गुरुवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मौत हो गयी थी, जबकि उसी दिन रात में पलामू के छतरपुर निवासी रिम्स रेफर किये गए एक अभ्यर्थी की मौत हो गयी थी. मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रभारी अधीक्षक डॉ आरके रंजन ने बताया कि पिछले तीन दिनों में 80 से अधिक बेहोश अभ्यर्थी इलाज के लिए लाए गए थे. इनमें एक की मौत इलाज के क्रम हुई है, जबकि दूसरे को मृत हालत में अस्पताल लाया गया था. रिम्स में हुई मौत के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है.डॉ रंजन ने बताया कि अभ्यर्थियों की हालात को देखते हुए अस्पताल में अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई है, साथ ही साथ बेड भी खाली करा कर रखा गया है.

**चार गंभीर अभ्यर्थियों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भरती कराया गया**




पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाजरत उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में बीमार हुए अभ्यर्थी.

**अब दौड़ सुबह 4.30 बजे ही शुरू कर दी जाएगी :** दौड़ के लिए गठित बोर्ड के अध्यक्ष सह जैप कमांडेंट मुकेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को एक अभ्यर्थी की मौत हुई थी. वहीं शुक्रवार को भी दौड़ के दौरान भी एक अभ्यर्थी की मौत हुई है. उन्होंने बताया कि दौड़ की प्रक्रिया को अब सुबह 4:30 बजे से ही शुरू कर दी जाएगी, ताकि तेज धूप होने से पहले दौड़ की प्रक्रिया पूरी की जा सके.

**पुलिस आग्रह करेगी, तो जांच की जाएगी : उपायुक्त :** दौड़ में शामिल हो रहे युवाओं की लगातार हो रही मौत के मामले को पलामू डीसी शशि रंजन ने गंभीरता से लिया है. कहा कि इस मामला जिला प्रशासन में संज्ञान में है. यह घटना दुखद है. पुलिस द्वारा आग्रह करने पर जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई भी की जाएगी. पलामू में बहाली के लिए दौड़ की प्रक्रिया नौ सितंबर तक चलेगी.

# रामगढ़ में पांडेय गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता। रामगढ़/रांची**

- अपराधियों ने लेवी के लिए ठेकेदारों को धमकी दी थी–अपराधियों के पास से 14 मोबाइल व दो बाइक जब्त

ठेकेदार और कारोबारियों को लेवी के लिए धमकी देने वाले पांडेय गिरोह के चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिला के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी ओम प्रकाश साव उर्फ प्रकाश साव, मुकेश साव उर्फ पठान और सागर कुमार के अलावा गिद्दी थाना क्षेत्र के वाशरी कॉलोनी निवासी सूरज सिंह शामिल है. रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि चारों गिरफ्तार अपराधियों द्वारा रामगढ़ और हजारीबाग जिले में विकास कार्य करवा रहे ठेकेदारों से लेवी की मांग की गई थी. पुलिस ने इनके पास से 14 मोबाइल और दो बाइक जब्त किया है.

**पुलिस ने पीछा कर अपराधियों को पकड़ा :** रामगढ़ एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि भदानीनगर ओपी क्षेत्र की देवरिया पंचायत भवन के पास पीसीसी रोड निर्माण करने वाले ठेकेदार से लेवी वसूलने के लिए पांडेय गिरोह के चार-पांच अपराधी इकट्ठा हुए हैं. सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गई. पुलिस टीम ने देवरिया पंचायत भवन के पास से दो बाइक पर सवार पांच लोगों को संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए देखा. पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे. इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा कर मतकमा चौक रेलवे फाटक के पास से चार अपराधियों को पकड़ा, जबकि एक भागने में सफल रहा.

### लेवी वसूली में लगे थे गिरोह के चारों अपराधी

पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि वे लोग पांडेय गिरोह के लिए काम करते हैं और क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार को डरा-धमका कर लेवी वसूलते थे. इन लोगों ने पटेल नगर फील्ड के पास बन रहे पीसीसी सड़क के कार्यस्थल पर पहुंच कर मजदूरों से मारपीट भी की थी. साथ ही बरकाकाना थाना क्षेत्र के बुजुर्ग जमीरा में पीसीसी सड़क का निर्माण करा रहे ठेकेदार को भी लेवी के लिए फोन पर धमकी दी थी. इतना ही नहीं, हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र में भी सड़क का निर्माण करा रहे ठेकेदार को भी धमकी देकर लेवी की मांग की थी.

# बड़कागांव पूर्वी की मुखिया और पति 25,000 घूस लेते गिरफ्तार

**संवाददाता। हजारीबाग**

- हजारीबाग एसीबी की टीम ने 25,000 रुपये लेते पकड़ा
- अबुआ आवास का पैसा दिलवाने के नाम मांगा था घूस

हजारीबाग की एसीबी टीम ने शुक्रवार को बड़कागांव पूर्वी पंचायत की मुखिया और उनके पति को 25 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया. दोनों को हजारीबाग एसीबी मुख्यालय लाकर पूछताछ की गयी. जानकारी के अनुसार, बड़कागांव निवासी बसंत साव ने मुखिया विमला देवी और उनके पति राजकुमार साहू के खिलाफ अबुआ आवास योजना के किस्त का पैसा दिलवाने के नाम पर रिश्वत की मांग करने की एसीबी में लिखित शिकायत की थी. निगरानी डीएसपी ने बताया कि आवेदन के आलोक में सत्यापन करते हुए 25 हजार रुपये घूस लेते हुए पकड़ा गया है.



एसीबी की गिरफ्त में मुखिया विमला देवी और पति राजकुमार साहू.

**एसीबी कार्यालय में दो घंटे रहीं बड़कागांव विधायक :** बड़कागांव पूर्वी की मुखिया और उसके पति की गिरफ्तारी की सूचना पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एसीबी के हजारीबाग कार्यालय पहुंची थीं. वह करीब दो घंटे तक वहां रहीं और अधिकारियों से मामले की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मामले की सच्चाई जानने यहां आई थीं. उन्होंने कहा कि मैं एसीबी की कार्रवाई का विरोध नहीं कर रही हूं, पर एक मुखिया भी जनप्रतिनिधि है और उनकी बातों को ध्यान में रखते हुए एसीबी को एक बार फिर से मामले की निष्पक्ष जांच करना चाहिए, इधर, मुखिया के पक्ष में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण एसीबी कार्यालय पहुंच कर मुखिया को छोड़ने की मांग कर रहे थे. सुरक्षा के मद्देनजर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात किया गया था.

### दो को राज्य के पेट्रोल पंपों की बंदी स्थगित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने दो सितंबर को बुलाई गई एक दिवसीय बंदी स्थगित कर दी है. संगठन द्वारा पेट्रोल-डीजल में वैट कम करने, वैट रिटर्न भरने की अनिवार्यता खत्म करने, सरकारी बकाया का भुगतान आदि की मांग को लेकर बंदी बुलाई गई थी. शुक्रवार को हरमू रोड स्थित दिगंबर जैन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रोजेक्ट भवन में मुलाकात कर प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र सौंपा. मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिये. संगठन की कहा गया कि अगर मांगें नहीं मानी गईं, तो 28 सितंबर को रांची में राज्यभर के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक कर कड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी.

मेहक सिंह हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, एक गिरफ्तार

# बहन के साथ देख भाइयों ने की थी युवक की हत्या

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

तरहसी थाना पुलिस ने मेहक सिंह हत्याकांड का शुक्रवार को उद्भेदन कर दिया है. इस मामले का खुलासा पांकी थाना क्षेत्र के कोनवाई गांव निवासी नीलम देवी की गिरफ्तारी के बाद हुआ. बता दें कि बीते 22 अगस्त को बजलपुर पाठकपगार गांव अवस्थित अमानत नदी किनारे से कामेश्वर सिंह के पुत्र मेहक कुमार सिंह (22) का शव पुलिस ने बरामद किया था. इस संबंध में मृतक के भाई सिंदु कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

तरहसी थाना प्रभारी ने बताया कि कांड के अनुसंधान के क्रम में पता चला कि पांकी थाना क्षेत्र के हरना गांव निवासी विवेकानंद कुमार और विभीषण कुमार पिता ने मेहक की हत्या की थी. कांड की प्राथमिकी अभियुक्त नीलम देवी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसका मेहक के साथ संबंध था. 22 अगस्त की रात में उसने मेहक को घर पर बुलाया था. इस क्रम में उसके भाई विवेकानंद और विभीषण ने उन दोनों को देख लिया. इसके बाद दोनों ने मेहक की पिटाई की और फिर विवेकानंद ने लाठी से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी. इसके बाद रात में ही दोनों भाई शव को सोनपुरा पुल के पास अमानत नदी में फेंक दिया. पुलिस ने गिरफ्तार महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. वहीं दोनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.



कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी.

**पर्यटन विकास** | जंगलों के बीच पहाड़ की गुफा में विराजमान हैं भोलेनाथ, सुरक्षा प्रहरी के रूप में स्थापित हैं हनुमान

# तिसरी का कबूतरी पहाड़ बनेगा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल, तैयारी शुरू

**संवाददाता। तिसरी**

गिरिडीह जिले के तिसरी का कबूतरी पहाड़ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा. जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है. जिले के 10 प्रखंडों के 16 अलग-अलग स्थानों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाना है. इसमें कबूतरी पहाड़ भी शामिल है. जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को उक्त पर्यटन स्थलों पर विकास के कार्य के लिए भूमि संबंधी विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है. इस पर पहल करते हुए राजस्व उपनिरीक्षक व सरकारी अमीन ने तिसरी प्रखंड के कबूतरी पहाड़ का निरीक्षण किया.



तिसरी का कबूतरी पहाड़.

**कबूतरी पहाड़ प्रकृति की अनुपम देन :** तिसरी और भंडारी के बीच स्थित कबूतरी पहाड़ प्रकृति की अनुपम देन है. वहां जंगलों के बीच पहाड़ की गुफा में स्थित मंदिर में भगवान भोलेनाथ विराजमान हैं. पहाड़ की तलहटी में नदी बहती है. पहले मंदिर तक जाने के लिए लकड़ी की सीढ़ियां थीं, बाद में पक्की सीढ़ियां बनाई गईं. मंदिर के बाहर हनुमानजी की विशाल प्रतिमा भी स्थापित की गई. घने जंगलों के बीच स्थित इस मनोरम स्थल को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं. यहां पहुंचने के लिए जंगल में पैदल यात्रा भी करनी पड़ती है. कार्तिक पूर्णिमा व महाशिवरात्रि पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है. कहा जाता है कि नागपंचमी के दिन मंदिर के आसपास नाग देवता के भी दर्शन होते हैं. कबूतरी पहाड़ पास में ही झुमरखेलवा पहाड़ है, जो कि प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट है.

### इन स्थलों का भी होना है विकास

गिरिडीह जिला प्रशासन ने पीरटांड के संक्रांति मेला मैदान, बगोदर का हरिहर धाम, जमुआ का झारखंडधाम, सरिया का राजदहधाम, बेंगाबाद का सालखन सोरेन स्मृति उद्यान व खलीलशाह बाबा मजार, गांडेय का ईदगाह पहाड़ी, केनारी धाम व स्व बसंत पाठक स्मृति उद्यान, गिरिडीह का बराकरधाम शिव मंदिर व सर जेसी बोस म्यूजियम, डुमरी का स्व जगरनाथ महतो स्मारक स्थल, धनवार का पंचखेरो जलाशय और बाबा बालकेश्वरनाथ धाम के भी विकास की योजना बनाई है.

# डॉ बी मंडल हत्याकांड का मुख्य आरोपी त्रिदेव गोप गिरफ्तार

**संवाददाता। आदित्यपुर**

राजनगर के डॉ बी मंडल हत्याकांड में तीसरे आरोपी भी पुलिस ने पकड़ लिया गया है. डॉ बी मंडल की गुरुवार को छोटी सिजुलता से अपहरण करने के बाद हत्या कर दी गई थी. एसपी मुकेश लुणायत ने शुक्रवार को बताया कि बिना नंबर की बलेनो कार से अपराधियों ने डॉक्टर का अपहरण किया था. डॉ बी मंडल की हत्या गांव के युवक त्रिदेव गोप ने गला दबा कर की थी. वारदात के बाद त्रिदेव भाग गया था.

उसे गुरुवार की देर रात कोवाली के पोडडीहा से गिरफ्तार किया गया. वहीं, अन्य दो आरोपियों चंदन गोप और रोहित सिंह को पुलिस ने गुरुवार को ही बलेनो के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था. अपराधियों ने अपहरण के बाद कार में डॉक्टर का वीडियो भी बनाया था, जिसका खुलासा अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल से हुआ है. पुलिस ने अपराधियों के पास से लोडेड पिस्तौल भी जब्त किया है. इस कांड के उद्भेदन में राजनगर, कोवाली और कांड्रा थाना प्रभारी शामिल थे.



पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी.

- 20 लाख की फिरौती की मांग को लेकर किया था अपहरण
- अपहरण के बाद कार में डॉक्टर का वीडियो भी बनाया था

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद थाना पुलिस ने अवैध उत्खनन एवम परिवहन मामले में गुरुवार को अवैध बालू लदे एक स्वराज ट्रैक्टर पकड़ा है. इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि हुसैनाबाद थाना पुलिस ने गस्ती के दौरान हुसैनाबाद थाना अंतर्गत पथरा गांव के समीप से बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़कर थाने ले आई है. वहीं इस संबंध में वरीय पदाधिकारियों एवम खनन विभाग को सूचना दे दी गई है. इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में अवैध कारोबारियों के साथ अपराध व अपराधियों के खिलाफ पुलिस पैनी नजर रखी हुई है.

### केंद्रीय कारा में सुनी गई बंदियों की समस्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में शिकायत निवारण दिवस मनाया गया. इसके तहत कारा में बंदियो का समस्याएं सुनी गई. प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि जो बंदी अपील नहीं दाखिल कर पाए हैं उनका अपील जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कराया जाएगा. पीएलवी के माध्यम से बंदी आवेदन भेज सकते हैं. लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि अपील लोगों का अधिकार है.

### 14 मवेशियों के साथ दो पशु तस्कर गिरफ्तार हुए

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के ब्रहमोरिया मोड़ के पास एक टाटा 407 ट्रक से 14 गौ वंशीय पशु के साथ वाहन चालक व खलासी को गिरफ्तार किया है. ट्रक में 01 गाय एवं 13 बैल थे. पुलिस ने टाटा 407 ट्रक को भी जप्त किया है. गिरफ्तार आरोपियों में पाटन थाना क्षेत्र के हुरूहसा गांव निवासी ट्रक चालक इस्लाम अंसारी(45) पिता स्व. समसुद्दीन मियां व गढ़वा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी मुर्शीद खान(28) पिता स्व. इनसुजोहा खान शामिल हैं. जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार चेकिंग अभियान चला रही थी.

### ब्रजेंद पाठक ने शिवराज सिंह से की मुलाकात

**विश्रामपुर(पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्रजेंद पाठक ने झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से रांची स्थित होटल रेडिसिन ब्लू में शिष्टाचार मुलाकात की. विश्रामपुर विधानसभा सहित पलामू गढ़वा के संगठनात्मक विषयों पर चर्चा किया। शिवराज सिंह चौहान के एक पेड़ मां के नाम लगाया. जिसमें सक्रियता से ब्रजेंद पाठक मौजूद रहे. भाजपा नेता ब्रजेंद पाठक ने बताया मध्यप्रदेश में चुनावी गणित के मास्टर रहे और मामा के नाम से देश भर में मशहूर रहे शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय नेतृत्व ने जवाबदेही सौपीं है.

### कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हर्ष-उल्लास के साथ 30 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया. खेल दिवस पर कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह प्रतियोगिता चारों सदन बायरन, कीट्स, इलियट तथा शेक्सपीयर के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई. विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि- मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर हर वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है. उन्होनें खेल में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देकर विश्व में भारत का मान बढ़ाया था.

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल प्रतियोगिता आयोजित

# खेल जीवन का अभिन्न अंग, इसे छोड़ें नहीं : तृप्ति भारती

**संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार की प्राचार्य तृप्ति भारती ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में अभिन्न स्थान है. बच्चे खेलकूद को कभी नहीं छोडें. इससे न सिर्फ शारीरिक वरन मानसिक विकास होता है. खेलों से नयी उर्जा व स्फूर्ति मिलती है. आज खेलों में भी कैरियर बनाने के कई अवसर हैं. झारखंड के रांची सहित अन्य छोटे जगहों से कई खिलाड़ी निकले हैं. इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को साल 2012 से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है. तृप्ति भारती राष्ट्रीय खेल दिवस के समापन के मौके पर विद्यालय के छात्र व छात्राओं को संबोधित कर रही थी.



खेल प्रतियोगिता में शामिल लोग.

**छात्र-छात्राओं को खेल में भाग लेने की अपील की :** इससे पहले कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई और प्राचार्य तृप्ति भारती समेत अन्य शिक्षकों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यापर्ण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. प्रवीण कुमार गगराई ने भी छात्र व छात्राओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने की अपील की. कहा कि आज खेलों की भी प्रासंगिकता है. वहीं प्राचार्या ने बताया कि खेल दिवस के मौके पर बालक व बालिका वर्ग के एथलेटिक्स, शतरंज, तीरंदाजी, बैडमिंटन, वालीबॉल, कबड्डी एवं बॉस्केटबॉल समेत कुल 35 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इसमें अंडर 14, 17 व 19 वर्ष के बालक व बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

बताया कि प्रतियोगिता से आगामी खेलो झारखंड प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का भी चयन किया गया है. प्रतियोगिताओं के आयोजन में एथलेटिक्स प्रशिक्षक योगेश यादव, वॉलीबाल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा, जिला खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल, टूरिज्म स्पेसलिस्ट अभिजीत कुमार, बैडमिंटन कोच वाहिद, खेल शिक्षक उदय कुमार समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा.

आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सरकार की योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण: उपायुक्त



लाभुकों को चेक प्रदान करतीं उपायुक्त गरिमा सिंह.

**संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त गरिमा सिंह ने जिले वासियों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है. उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा कई योजनायें चलायी जा रही है, लेकिन योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण ग्रामीण योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं. योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ देने के लिए ही सरकार के द्वारा पंचायतवार आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. उन्होने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को यहां ला सकते हैं, उनका त्वरित निदान किया जायेगा. उपायुक्त सदर प्रखंड के परसही पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं. उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह ने भी योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की. कहा कि प्रशासन आपके गांव तक आया है आप इसका लाभ अवश्य लें. कार्यक्रम साइकिल वितरण, किशोरी समृद्धि योजना समेंत कई योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया गया. मौके पर सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला पशुपालन पदाधिकारी एस चौरसिया, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा व मुखिया अनिता देवी आदि मौजूद थे.

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड के भगेया में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया. उदघाटन जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बतौर मुख्य किया. मौके पर अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने मौजूद थे.

**गारू (लातेहार)।** प्रखंड के धांगरटोला पंचायत से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. शुभारंभ मुखिया प्रभा देवी, प्रभारी बीडीओ संतोष बैठा, सीओ दिनेश मिश्रा, 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा, जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मियां नें दीप प्रज्वलित कर किया.

### उपायुक्त और डीडीसी ने पतराखुर्द पंचायत में शिविर का उदघाटन किया

**हुसैनाबाद(पलामू)।** उपायुक्त शशि रंजन एवं डीडीसी शब्बीर अहमद, भुमि सुधार उप समाहर्ता गैरांग महतो, बीडीओ ने हुसैनाबाद के पतरा खुर्द पंचायत में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम को दीप प्रज्वलित किया शुभारंभ मौके पर उपायुक्त शशि रंजन कुमार ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि 30 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के सभी पंचायतों में उपरोक्त कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाना है।इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है. ऐसे में आप सभी अधिकारी टीमवर्क का परिचय देते हुए अधिकाधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि इस अभियान के सफल संचालन हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है. उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े बीडीओ-सीओ को बेहतर समन्वय बनाकर पंचायत व ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी से अवगत कराने का निर्देश दिया. कार्यक्रम में डीसी ने कहा कि आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे. डीसी शशि रंजन डीडीसी शब्बीर अहमद ने प्रखंड अस्तर पर मंच के माध्यम से आजिविका सखी मंडल को छ लाख रुपए का चेक एवं छात्राओं को साइकल वितरण केसीसी सी लोन कई लाभ दिए गये.

### बारी पंचायत सचिवालय में लगाया गया शिविर

**सतबरवा (पलामू)।** बारी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को झारखंड सरकार के द्वारा चौथी बार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना , शिक्षा विभाग , स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा , मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फुले , कृषि, पशुपालन, झारखंड मुख्य मंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए लोगों ने आवेदन जमा करवाए.सबसे ज्यादा 405 अबुआ आवास का फार्म जमा हुए.इस कार्यक्रम के संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में हर घर के द्वार पर सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को पहुंचा दिया है.

### समेकित और वैज्ञानिक खेती को लेकर गोष्ठी

**हुसैनाबाद(पलामू)।** प्रखंड के झरगड़ा गांव में आत्मा की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया. गोष्ठी में समेकित व वैज्ञानिक खेती के फायदे से किसानों को अवगत कराया गया. एटीएम जयगोविद यादव ने बताया कि आज समेकित एवं वैज्ञानिक खेती कर किसान अच्छी पैदावार कर अपनी आमदनी को बढ़ा रहे है. उन्होंने किसानों को इसे अपनाने का सुझाव दिया. किसानों को फसलों का चयन रख रखाव के अलावा फसलों में लगने वाले रोग के प्रबंधन की जानकारी दी. वीकेएस एग्रीकल्चर प्रोडक्ट कंपनी के डायरेक्टर प्रियरंजन सिंह ने किसानों को बताया कि हुसैनाबाद के दंगवार इलाके के किसान समेकित व वैज्ञानिक खेती कर अपनी आमदनी बढ़ाने का काम किया है.

## न्यूज अपडेट

### एसएचजी की महिलाओं ने प्रसार पदाधिकारी को दी विदाई



**बालूमाथ (लातेहार)।** स्वय सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं ने 31अगस्त को सेवानिवृत हो रही बालूमाथ की महिला प्रसार पदाधिकारी (एलइओ) मोनिका मिंज को झाबर स्थित पंचायत सचिवालय में विदाई दी. विदाई समारोह में उपस्थित लगभग 25 महिला समूह की सदस्यो ने मोनिका मिंज के कार्यकाल को अविस्मरणीय बताते हुए उनके द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की.वक्ताओं ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं को जागरुक करने और अपने हक अधिकार की मांग करने के लिए तैयार किया.हजारों महिला समूह निर्माण में मोनिका मिंज का सराहनीय योगदान रहा. जिसके माध्यम से आज हजारों महिलाएं रोजगार प्राप्त कर पायीं. एक स्वर में सबों ने उनहे सौम्य व्यवहार और विवेक की धनी बताया.रंभा देवी द्वारा स्वागत गान और विदाई गीत से ने इन्हें और उपस्थित सैकड़ों महिलाओं को भाव विभोर कर दिया.कार्यक्रम की अध्यक्षता रंभा देवी व संचालन कमला देवी ने किया.

### उपायुक्त ने किया अल्ट्रासाउंड सेंटर का उदघाटन



**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह ने शुक्रवार को सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया. इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन सेवा को सदर अस्पताल में चालू कर दिया गया.अब जरूरतमंद, गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है. जिसके आधार पर उनका बेहतर इलाज संभव हो सकेगा. उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है. इसके लिए कई स्तरों पर कार्य किया जा रहा है. मरीजों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है. अस्पताल में ही बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है. इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी श्रेय अंश, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव एवं डीपीएम वेद प्रकाश समेंत कई चिकित्सक उपस्थित थे.

### 'सतबरवा में हीरो बाइक का शोरूम खुलना बड़ी बात'



**सतबरवा(पलामू)।** आनंद बाइक,हीरो मोटरसाइकिल फेस्टिव काउंटर का उद्घाटन शुक्रवार को रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग सतबरवा में हुई . जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मेदिनीनगर नगर निगम के प्रथम मेयर अरूणा शंकर तथा सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार , झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पलामू प्रेसिडेंट आदर्श आनंद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. उद्घाटन के मौके पर एक स्कूटी और एक मोटरसाइकिल का बिक्री हुई. जिसे अरूणा शंकर व थाना प्रभारी ने चाभी दिया.इस मौके पर अरूणा शंकर ने कहा कि सतबरवा जैसे छोटे इलाके में हीरो बाइक का शो रूम खुलना एक बड़ी बात है. स्थानीय लोगों को अब अपने घर के आस - पास ही मोटरसाइकिल मिल जायेगी.झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट आदर्श आनंद ने कहा कि हीरो मोटरसाइकिल पहचान की मोहताज नहीं है, पूरी दुनिया में हीरो नंबर वन मोटरसाइकिल कंपनी है. इस मौके पर प्रोपराइटर के दादा भुवनेश्वर प्रसाद,मनोज प्रसाद, रेखा देवी, मंटू प्रसाद, सुनील प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि मनिष कुमार, समाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा, अनिल प्रसाद, कमलेश प्रसाद,भोला राम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

### पीएमश्री केवी में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**लातेहार।** शहर के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. 29 और 30 अगस्त को आहुत जांच शिविर में सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने छात्र व छात्राओं का चेकअप किया. शिविर में डॉक्टरों ने छात्र- छात्राओं के वजन के अलावा आंख, कान व गले आदि की जांच की. इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्कूल में साल में दो बार छात्र व छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है. उन्होंने छात्रों से नियमित अपने नाखून व बालों को काटने व साफ रखने की हिदायत दी. कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर में एक स्वस्थ्य मन का वास होता है. जब तक हम पूरी तरह स्वस्थ्य नहीं रहेगें, तब तक पढ़ाई पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित नहीं कर पायेगें. उन्होंने पोषणयुक्त आहार लेने और मैगी व चाउमिन जैसे जंक फूड से दूर रहने की अपील की. कहा कि पोषणयुक्त आहार लेने से ही बेहतर शारीरिक विकास हो सकता है.

### गारू की दो पंचायत में मुखिया हड़ताल पर, शेष काम पर

**गारू(लातेहार)।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ द्वारा घोषित हड़ताल से गारू प्रखंड के बारेसांढ़ और मायापुर पंचायत का सरकारी योजना स्वीकृति और भुगतान कार्य ठप हो गया है. प्रखंड में कार्यरत प्रभारी मनरेगा बीपीओ मुकेश कुमार नें बताया कि दो पंचायत को छोड़कर बाकि पंचायत रुद, कोटाम, धांगरटोला और करवाई चारो पंचायत के मुखिया मनरेगा में अपना कार्य कर रहे हैं. शुभम संदेश से बातचीत में रुद पंचायत के मुखिया अजय टोप्पो नें कहा कि गांव भ्रमण के दौरान जनता से राय लेने के बाद खुद को हड़ताल से अलग किया है. उन्होंने बताया कि पंचायत में आपकी योजना, आपका सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम होना है, जिसमें अपनी पंचायत की जनता के बीच कार्य करेंगे. धांगरटोला पंचायत की मुखिया भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर में ग्रामीणों का कार्य किया.

जीएसपी लदे तीन हाइवा किये गये जब्त

# डीएमओ की कार्रवाई से हड़कंप

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई की है. उन्होंने जीएसपी लदे तीन हाइवा वाहन को जब्त कर स्थानीय थाना को सौंपा है. मामले की जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने बताया कि अवैध खनन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है. इसकी रोकथाम के लिए टास्कफोर्स द्वारा अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान बारियातू थाना क्षेत्र के कड़का नदी के समीप एनएच- 99 पर चतरा की ओर से जीएसपी लदे तीन हाइवा वाहन को देखा गया. जिसे इशारा कर रोका गया. रूकने पर वाहन पर पत्थर डस्ट का चालान जांच किया गया. लेकिन किसी भी तरह का चालान नहीं दे पाया. जिसके बाद तीनों वाहन को जब्त कर बारियातू थाना को सुपुर्द कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि जिले में अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं की जाएगी. नियम को ताक में रखकर खनिज संपदा को अवैध उत्खनन कर परिवहन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.



**ग्रामीणों से की सहयोग की अपील :** नदीम सैफी ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अवैध खनन का पता चलने पर सूचना दें, आपकी सूचना को गुप्त रखते हुए संलिप्त लोगों पर खनिज सम्प्रदा अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी. तीनों हाइवा पर लगभग दो लाख रुपए जुर्माना भी लगाया गया है. खनन पदाधिकारी के इस कार्रवाई से अवैध परिवहन एवं खनन करने वालों पर हड़कंप है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बालूमाथ स्थित मुरपा मोड़ से मैक्लुस्कीगंज तक सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य करा रही रेड्डी कंपनी के सड़क निर्माण कार्य मे तीनों वाहन जा रहा था. जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने बरियातू में संचालित कन्हाई सिंह के पत्थर लीज की जांच की. जिसमें मानकों का पालन नहीं करने के साथ साथ चाहरदीवारी की निर्माण नहीं होने के कारण कार्रवाई की बात डीएमओ के द्वारा कही गई.

ईसीआरकेयू की पहल पर जपला में रेल हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

# रेलकर्मियों को मिलेगा लाभ

**संवाददाता। हुसैनाबाद(पलामू)**

ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की पहल पर जपला में रेलवे हेल्थ यूनिट का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया. उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईसीआरकेयू के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह पीएनएम प्रभारी कॉमरेड मिथिलेश कुमार एवं मंडल कार्मिक अधिकारी जैश कुमार थे. दोनों ने संयुक्त रूप से हेल्थ यूनिट का उद्घाटन किया. इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता अविनाश कुमार, ईसीआरकेयू के केंद्रीय सहायक महामंत्री बीबी पासवान, सहायक मंडल अभियंता संतोष कुमार, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरदीप सिंह उपस्थित रहे.

कार्यक्रम का संचालन ईसीआरकेयू डेहरी शाखा के अध्यक्ष बिरेंद्र पासवान ने किया.जपला रेलवे स्टेशन परिसर में हेल्थ यूनिट खुलने से जपला, हैदरनगर , कोशियारा, मोहम्मदगंज, सतबहिनी, उटारी रोड, करकटा , सिगसिगी, कजरात नावाडीह, नबीनगर ,बड़की सलैया अकोढा , बाघा बिशनपुर एवं सोननगर फ्लाईओवर रेलवे स्टेशन में कार्यरत हजारों रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों को सीधे स्वास्थ्य लाभ मिलेगा.



कार्यक्रम में यूनियन के नेता, रेल अधिकारी व कर्मचारी.

मंडल कार्मिक अधिकारी जैश कुमार ने कहा कि रेल प्रशासन कर्मचारी हित के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है. यूनियन एवं जपला एवं जपला के आस-पास कार्यरत कर्मचारी की मांग थी कि सुदुर इलाके में एक हेल्थ यूनिट खोला जाए. इन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है.

अगर कर्मचारी स्वस्थ रहेगा तभी पुरी तन्मयता से रेल कार्य कर पाएगा. इससे रेल को फायदा होगा.समारोह में स्टेशन प्रबंधक संजय सिंह, एसपी सिंह, हरेंद्र सिंह, विजय बहादुर सिंह, संजीव पांडेय, नरेंद्र प्रताप सिंह,मिथिलेश सिंह, प्रमोद रंजन तिवारी, संजय यादव, राजेश कुमार, मुकेश यादव, रमेश चंद्र, अजय कुमार यातायात निरीक्षक, मुन्ना कुमार स्टेशन मास्टर, नीता कुमारी, विजय कुमार, प्रफुल्ल यादव, किशोर कुणाल, हरिवंश राम, दिनेश यादव, संजीव कुमार, शशि कांत, अमित कुमार सहित हजारों की संख्या में रेलकर्मी उपस्थित थे.

## राजनीति

भाजपा नेता ने कांडी प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगों से मांगा साथ

# बिश्रामपुर विधानसभा का कायाकल्प करना है: रामाशीष

**ऊंटारी रोड। पलामू**

युवा भाजपा नेता रामाशीष यादव ने शुक्रवार को बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गावों में जनसम्पर्क किया. सर्वप्रथम उन्होंने बेलहथ में जनसम्पर्क किया. यहां सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया. यहां बेलहथ देवी मंदिर में माथा टेक कर जनसम्पर्क की शुरुआत की. मंदिर से निकल कर उन्होंने जनसभा को संबोधित किया. तत्पश्चात सोनपुरा, बरवाडीह, नारायन पुर, बनकट शिव स्थान, खरौंधा, जयनगरा, मोपिकी, रानाडीह, सुंडीपुर आदि इलाकों में भ्रमण कर लोगों के साथ संबंध बनाते हुए संवाद स्थापित किया. ग्रामीणों ने भी उन्हें जबरदस्त समर्थन देते हुए उनपर स्नेह लुटाया. जनसम्पर्क के दौरान आयोजित अनेक सभाओं लोगों की भारी भीड़ उमड़ी.



जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से मिलते रामाशीष यादव.

इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए रामाशीष यादव ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को यहीं के कुछ लोगों ने लूटा है. हमारे पूर्वजों ने यहां के जल, जंगल, जमीन को संरक्षित किया. परंतु लुटेरों ने धरती माता के सीने को चीर कर यहां के खनिजों को लूट लिया. हमारे द्वारा संरक्षित किए गए सोना रूपी बालू को महंगे दामों पर बेचा गया परंतु स्थानीय लोगों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा. यहां के लोग सिर्फ श्रमिक बन कर रह गए हैं. न लोगों का विकास हो पाया, ना ही उनके जीवन स्तर में बदलाव आया.

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था के मजबूत होने से सभी काम अपने आप होने लग जाएंगे. इसलिए सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाइये. विकास परियोजना को देखकर लोगों ने खूब तालियाँ बजाईं. बिश्रामपुर विधानसभा के लोग रामाशीष यादव को उम्मीद की नई किरण के रूप में देख रहे हैं.

जनसम्पर्क में सुदामा यादव, विश्वनाथ यादव, अनिल यादव, श्यामराज यादव, सुग्रीव यादव, संजय यादव, दामोदर यादव, बैद्यनाथ यादव, रघुवीर यादव, गणेश यादव, नरेश यादव, उदेश चौधरी, दशरथ साव, बैद्यनाथ राम, असरेश पॉल, शिवनाथ चौधरी, सीताराम साव, मनोज चौधरी, राजेश पाल, रविंद्र यादव, चन्दन यादव, अनिल यादव, करीमन राम, तूफानी मेहता, अशोक यादव, राजनाथ यादव, रमेश यादव, शंकर राम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

### उप मुखिया को मिला मुखिया के दैनिक कार्यों का प्रभार

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुखिया संघ के घोषित बेमियादी हड़ताल को लेकर पलामू जिले के सभी मुखिया 27 अगस्त से हड़ताल पर हैं. इस बीच 30 अगस्त से शुरू हो रहे महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर आयोजन को लेकर पलामू जिला प्रशासन ने मुखिया से संबंधित दैनिक कार्यों का प्रभाव संबंधित पंचायत के उप मुखिया को दिया है. इससे संबंधित जारी आदेश में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा है कि सरकार का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम पलामू जिले के सभी पंचायतों में आयोजित किया जाना है. मुखिया के हड़ताल में रहने से सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम पर प्रतिकूल असर पड़ेगा इसलिए यह निर्देश दिया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हड़ताल से वापस लौटें.

# हाथियों ने मचाया कई गांवों में उत्पात, कई घरों को ध्वस्त किया

**संवाददाता। चंदवा (लातेहार)**

सदर प्रखंड के माल्हन चटहर, केकराही और मरमर गांवों में बीती रात हाथियोंने जम कर उत्पात मचाया है. जानकारी के अनुसार जंगली हाथियों को बरवाटोली व ललकीटांड की ओर से प्रवेश लोहरदगा जिला वन विभाग के द्वारा लाया गया है. हाथियों के इस क्षेत्र में आने से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है. पंचायत के मुखिया जतरू मुंडा ने बताया की गुरूवार की मध्य रात्रि को माल्हन, चटहर और केकरही व मरमर गांव में जंगली हाथियों के झुंड के द्वारा एक घरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया. हाथियों ने घर में रखे सारे अनाज को खाकर चट दिया. भुक्तभोगी माल्हन चटहर के दिलीप गंझू, नेफुल गंझू, महावीर गंझू, बालकेश्वर गंझू केकराही छोटेलाल गंझू के घर को पूरी तरह से ध्वस्त कर क्षति पहुंचाया है.उन्होने भुक्तभोगियों से मुलाकात कर वन विभाग के द्वारा प्रावधानों के अनुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. वनकर्मी हड़ताल में चले जाने से वन विभाग चंदवा के द्वारा ग्रामीणों को कोई सुरक्षा नहीं मिल पा रहा है. जिसका खामियाजा ग्रामीण को भुगतना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि अगर उचित कदम वन विभाग चंदवा द्वारा नहीं उठाया जाएगा तो माल्हन पंचायत के सभी ग्रामीणों के द्वारा रेंजर ऑफिस चंदवा का घेराव किया जायेगा.

### ब्रीफ खबरें

### छात्र एक्सपोजर विजिट के लिए रांची रवाना

**कोलेबिरा /सिमडेगा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र छात्राएं एक्सपोजर विजिट के लिए गए रांची साइंस सिटी गई. जहां जाकर वहां के म्यूजियम के साथ विज्ञान से जुड़ी चीजों कीजानकारी लेंगे. जिससे उनका बौद्धिक और मानसिक विकास बढ़ेगा.

### बिजली का केबुल चोरी कर भागे निकले बदमाश

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना छेत्र के सोरंदा बांध टोली में बिजली केबल तार को बीते रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया. जिससे ग्रामीणों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है. समाज सेवी जगजीवन उरांव ने बताया कि आठ पॉल से केबल की चोरी हुई है.जिससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

### सांसद ने कोलेबिरा प्रखंड का दौरा किया

**कोलेबिरा(सिमडेगा)।** खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा सिमडेगा भ्रमण के अंतिम दिन कोलेबिरा प्रखंड में रुक कर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से मिले.वहीं आम लोगों से मिले, उनकी समस्याओं से रूबरू हुए. कोलेबिरा में भगवान बिरसा मुंडा वीर सहित तेलंगा खड़िया और रण बहादुर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.उसके बाद बसिया तौर पर होते हुए खूंटी प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम के लिए लौट गए. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम, यूथ प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल तिर्की, जिला उपाध्याक्ष शिशिर मिंज, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, एवं श्यामलाल प्रसाद प मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### हेमंत सोरेन की नीति से नाराज नप कर्मी

**सिमडेगा।** हेमंत सोरेन के नीति और सिद्धान्तों से नाराज चल रहे नगर परिषद के संविदा एवं दैनिक मानदेय पर कार्यरत कर्मियों से भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी मिली. भाजपा नेत्री ने कहा कि हमें अफसोस होता है कि हेमन्त सोरेन की गठबंधन सरकार अपने कार्यालयों के कर्मियों को उनके हक और अधिकार देने में भी विफल रही है. आपको हक और अधिकार दिलाने के लिए भाजपा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को सूचित करेंगे.वो सरकार के रवैये को ठीक करने और आपके अधिकार दिलाने में सहयोग करेंगे. राज्य की गठबन्धन सरकार में जनता पूरी तरह त्रस्त है. मानदेय भुगतान में हो रहे भ्रष्टाचार को समाप्त करने सहित छह सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे है नगर कर्मी.

### इंटर कॉलेज में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

**लोहरदगा ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्थानीय मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज के बैडमिंटन इंडोर कोर्ट में बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र के युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन कर खेल दिवस मनाया गया. मैच के बाद विजेताओं को उपविकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत एवं डॉ गणेश प्रसाद के द्वारा पुरस्कार के साथ प्रशिक्षण केंद्र की जर्सी वितरित की गई. मैच में सीनियर बालक वर्ग के विजेता राजन कुमार सिंह और उपविजेता संस्कार साहू, जूनियर बालक वर्ग के विजेता राहुल उरांव और उपविजेता रोमिल कुमार तथा बालिका वर्ग के विजेता गुंजन लिलहारी एवं उपविजेता स्वीटी कुमारी हुए.

आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# लोग सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं: डीसी

- जिले की सात पंचायतों और नप क्षेत्र में लगा शिविर

संवाददाता ।लोहरदगा


शिविर में योजना के तहत छात्रा को चेक देते अतिथि.

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को जिले के सात पंचायतों और नप क्षेत्र में लगा शिविर लगाकर किया गया.उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने संयुक्त रुप से शिविर का उदघाटन किया. दस दौरान उपायुक्त ने कहा कि

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि 30 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के सभी पंचायतों में उपरोक्त कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाना है.कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है. ऐसे में आप सभी अधिकारी टीमवर्क का परिचय देते हुए अधिकाधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि इस अभियान के सफल संचालन हेतु आप सभी का सहयोग अपेक्षित है. उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े बीडीओ-सीओ को बेहतर समन्वय बनाकर पंचायत व ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी से अवगत कराने का निर्देश दिया. कार्यक्रम में डीसी ने कहा कि आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे. इसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना,अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना,अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र व अन्य को लेकर फोकस किया जायेगा. लोहरदगा जिला में सभी सात प्रखंडो में से सदर प्रखंड के निंगनी पंचायत, सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत, कैरो प्रखंड के गजनी पंचायत, किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत, भण्डरा प्रखंड के भीठा पंचायत, पेशरार प्रखंड के हेसाग पंचायत और कुडू प्रखंड के सलगी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शिविर लगाये गये और विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायत के आवेदन प्राप्त किये गये और परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. इसके अतिरिक्त नगर परिषद क्षेत्र में नगर भवन में भी यह शिविर संचालित हुआ.

### आज जिन स्थानों पर संचालित होगा शिविर

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत 31अगस्त को सुबह 11 बजे से सेन्हा प्रखंड के बदला पंचायत के जतरा मैदान, सदर प्रखंड के हिरही पंचायत के उर्दू मध्य विद्यालय मैदान, कैरो प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत स्थित फुटबॉल मैदान, किस्को प्रखंड के देवदरिया पंचायत स्थित उच्च विद्यालय खरचा, भण्डरा प्रखंड के आकाशी पंचायत के झखरा मैदान आकाशी और कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत के राजकीय उत्क्रमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में आयोजित किया जाएगा. नगर परिषद क्षेत्र में 31 अगस्त व एक सितंबर को कोई शिविर नहीं संचालित होगा. नगर परिषद क्षेत्र में अगला शिविर दो सितंबर को वार्ड 07 एवं 08 के लिए मैना बगीचा में लगाया जाएगा.

### अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जब्त

**धुरकी।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अवैध बालू के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया. इस क्रम में पुलिस ने गनियारी कला से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गई है. इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि गढ़वा एसपी के निर्देशानुसार धुरकी पुलिस लगातार अवैध बालू के विरुद्ध छापामारी कर रही है. इसी क्रम में गनियारी कला से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़ा गया है. जिस संबंध में जिला खनन विभाग को पत्राचार कर, सहायक खनन पदाधिकारी, गढ़वा नंद देव बैठा के शिकायत के आधार पर जब्त ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक के विरुद्ध कांड अंकित किया गया है. जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर गनियारी कला के किसी खास व्यक्ति का है. छापामारी दल में एएसआई शैलेंद्र यादव एवं थाना पुलिस बल शामिल थे.

### लोकहित अधिकार पार्टी के किस्को प्रखंड अध्यक्ष बने सुखराज उरांव

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के तिसिया हाई स्कूल मैदान में लोकहित अधिकार पार्टी की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शशि नंदन भगत ने किया. बैठक में काफी विचार विमर्श के उपरांत किस्को प्रखंड के आदिवासी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुखराज उरांव को बनाया गया. बैठक में उपस्थित अशोक मुंडा, महेंद्र मुंडा, सिमोन टोपनो, मंगा टोपनो, परमेश्वर उरांव, मंगलदेव उरांव, दिगंबर मुंडा ,जगजीवन उरांव आदि मौजूद थे.

### न्यूज अपडेट

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में करमा मनाने का निर्णय



**कुड़ू/लोहरदगा।** जिले के कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटी मुंडा टोली में करमा पूजा ऐतिहासिक तरीके से मनाए जाने हेतु को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई. जिसमें यह निर्णय लिया गया कि करमा पूजा को स्वच्छ एवं सांस्कृतिक तरीके से मनाए जाने का विचार-विमर्श किया गया. इस बीच बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सहमति जताई और करमा में उत्पन्न होने वाले समस्या को दूर करने को लेकर रणनीति तैयार किया गया. मौके पर मोहित भगत, सुनीता मुंडा, अनीता मुंडा, चिंता मुंडा, मुन्नी देवी मुंडा, उजरमनी देवी, क्रांति देवी, रीता मुंडा, मीना मुंडा, सुकरी देवी,असरीता देवी, बिहस देवी, नमिता देवी, राजा देवी, जयमनी देवी, मालो देवी, वर्षा कुमारी, सुनीता देवी, पुष्पा देवी, संतोषी मुंडा, नीलू कुमारी, आशा देवी, रितु कुमारी, कविता देवी, गोविंद मुंडा, अर्जुन मुंडा, रोशन मुंडा, फुलदेव मुंडा, विक्की अंसारी, छोटू अंसारी, अरुण मुंडा ,अजय मुंडा, अजीत मुंडा ,सूरज मुंडा, संजय मुंडा, सूरज मुंडा ,जितेंद्र मुंडा, दिलीप मुंडा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### कुड़ुख ऑनर्स सीट को बढ़ाया जाए:अवधेश उरांव

**लोहारदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय लोहरदगा के प्राचार्य से आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा के अध्यक्ष अवधेश उरांव ने मुलाक़ात कर महाविद्यालय में कुडूख ऑनर्स के सीट को बढ़ाने हेतु ज्ञापन दिया, वहीं अवधेश उरांव ने जानकारी देते हुवे कहा की लोहरदगा जिला आदिवासी बहुल छेत्र है यहां कुडूख भाषा इच्छुक छात्रों का संख्या भी अधिक है प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य विषयों का सीट बढ़या गया और कुडूख ऑनर्स का सीट नहीं बढ़ाया गया जिससे कुडूख ऑनर्स के इच्छुक बच्चे नामांकन से वंचित रह गए हैं. इस दौरान आदिवासी छात्र संघ के उपाध्यक्ष महादेव उरांव, महासचिव फूलचंद उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष अमित उरांव, कोषाध्यक्ष लखन भगत, अनिल उरांव, दीपक तिर्की, आदिवासी छात्रावास लोहरदगा 1 3 के छात्र नायक बजरंग महली, छात्रावास 2 के छात्र नायक महेश उरांव, सुशील उरांव, ओमप्रकाश उरांव, दिलेश्वर उरांव, आशिक उरांव, रंजीत उरांव, संजय उरांव आदि उपस्थित रहे.

### भुईहर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग

**गढ़वा ।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भुईहर मुंडा/भुईहर जाति को झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग की है. इस संबंध में मंत्री श्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री से मिलकर मामले से अवगत कराया तथा उन्हें पत्र भी सौंपा. इस संबंध में मंत्री श्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि झारखंड राज्य के सभी जिलों में भुईहर समाज की जाति निवास करती है. उन्होंने कहा कि भुईहर समाज के लोग काफी समय से झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित होने के लिए प्रयासरत हैं, परंतु अभी तक भुईहर जाति झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित नहीं हो पाई है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री श्री ठाकुर को आश्वस्त किया है कि वे इस मामले में वे व्यक्तिगत रुचि लेकर भुईहर मुंडा / भुईहर जाति को झारखंड राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने की दिशा में साकारात्मक पहल करेंगे.

### पाटन की दो पंचायतों में लगाया गया शिविर

**पाटन( पलामू)।** पाटन प्रखंड के केलहार, पचकेड़िया पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जहां पर पाटन के प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ,पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद कुमार राम ,वीडियो पाटन डॉ अमित कुमार झा, सीओ पाटन प्रवीण कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष पाटन रामानंद पांडे, 20 सूत्री उपाध्यक्ष पाटन उमाशंकर सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष पाटन रणजीत सिंह, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता ,के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया.मौके पर पच के डी या,पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, प्रखंड समन्वयक आवास शिवम कुमार , 15वि बीत आयोग चितरंजन कुमार ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार, डॉ रामाश्रय प्रसाद यादव समेत कई लोग मौजूद थे.

### जनता दरबार में डीएसओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

**गढ़वा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी. साथ ही समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया. जनता दरबार में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, स्वास्थ्य संबंधित, बच्चों के परिवरिश में आ रही समस्या, विवादित जमीन में जलमीनार निर्माण, राशन डीलर बदलनें संबंधित, रोजगार, नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया. इस दौरान डंडई से आये मिथलेश सिंह ने आवेदन के माध्यम से बताया कि वे गृह रक्षा वाहिनी में एक सफल अभ्यर्थी है. किंतु फॉर्म भरने के समय भूलवश डंडई ब्लॉक के स्थान पर डंडा ब्लॉक होने के कारण मेरा थाना वेरिफिकेशन नहीं किया जा रहा है.

### कार्यक्रम स्थल बदलने से ग्रामीणों में आक्रोश

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड के कुलहिया पंचायत सचिवालय में पूर्व निर्धारित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का स्थल अचानक चेंज होने पर दीपक कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, संतन मेहता, धर्मेंद्र मेहता, मंटू कुमार, सुरेंद्र साव, सत्यनारायण पासवान, सिकंदर कुमार, अशोक वर्मा, रिंकू देवी, सुनीता देवी, सोना देवी, सोना देवी, रीता देवी, मीना देवी, शारदा देवी, रंजू देवी सहित सैकड़ों लोगों ने आक्रोश जताया है. बता दें कि शुक्रवार को काफी संख्या में पूर्व निर्धारित शिविर स्थल ग्रामीण पंचायत सचिवालय में अपनी-अपनी समस्याओं के निदान के लिए पहुंचे थे. किंतु अधिकारियों,कर्मियों को पंचायत सचिवालय नहीं देख शिकारपुर, कारी लेबड़ा, कुलहिया के ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया.उनका कहना है कि अधिकारियों और पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों के बगैर सूचना के शिविर का स्थल चेंज जगदीशपुर स्कूल में करना अनुचित है. इस वजह से शिकारपुर, और कारिलेबडा के ग्रामीणों को करीब 15 किलोमीटर दूरी तय कर जगदीशपुर जाना पड़ा.

## नदी पार कर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने जाती सहिया


**गुमला।** ये तस्वीर गुमला जिले के पालकोट प्रखंड की पिंजराडीपा नदी की है. जहां सहिया करमी देवी बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल नदी पार कीं और गांव पहुंच कर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई.

## शिक्षा के क्षेत्र में छात्र सेवा सर्वोपरि: विनय

संवाददाता ।लोहरदगा


एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव का स्वागत करते विद्यालय परिवार.

एनएसयूआई के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने बलदेव साहू महाविद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार प्रसाद गुप्ता, इग्नू विभाग के ऑर्डिनेटर प्रोफेसर शशि कुमार गुप्ता, उप-प्राचार्य नईम खान एवं शिक्षक परिवार के साथ-साथ कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों से किया मुलाकात किया और उनका हमेशा से साथ देने के लिए आभार प्रकट किया.

इस बीच महाविद्यालय पहुंचते ही कॉलेज के प्राचार्य शिवकुमार गुप्ता, इग्नू विभाग के कोऑर्डिनेटर शशि कुमार गुप्ता एवं उप प्राचार्य नईम खान ने सामूहिक रूप से गुलदस्ता देकर नवनियुक्त एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव का स्वागत किया और आगे की उज्जवल भविष्य और बेहतर सफलता की शुभकामनाएं दी. मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार गुप्ता ने बेहद खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विनय उरांव को इस बड़े मुकाम पर पहुंचने के लिए पूरे कॉलेज परिवार के अलावा लोहरदगा जिला के लिए बेहद ही गर्व की बात है. इस प्लेटफार्म के माध्यम से जो भी छात्र नेता कुशल नेतृत्व के साथ आगे बढ़ते हैं, वे प्रखर नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरता है. छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक परिवार एवं समस्त विद्यार्थियों का तहे दिल से आभार प्रकट हुए कहा कि आज इस बड़े जिम्मेवारी के पद पर आने के पीछे पूर्ण रूपेण पूरा कॉलेज परिवार और विद्यार्थियों का भरपूर साथ और सहयोग से सौभाग्य प्राप्त हुआ है. मौके पर जिला एनएसयूआई के उपाध्यक्ष सैफ अहमद, महासचिव हरि भगत, मन्नौवर आलम, सह सचिव आतिश मूंजनी, कॉलेज अध्यक्ष विक्रम पासवान, कॉलेज प्रभारी रोशन राम, विकास राम समेत अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

बिमरला में महिला समूहों के बीच उन्नत किस्म के बीज का वितरण

## आलू की खेती कर महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें:फिलिप हापागड़ा


हिंडाल्को के अधिकारी महिला किसानों के बीच आलू का बीज वितरित करते हुए.

संवाददाता ।लोहरदगा

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित खनन क्षेत्रों में आलू की खेती के लिए प्रोत्साहन किया जा रहा है. जिसके तहत आज बिमरला खनन क्षेत्र में भारतीय खान ब्यूरो रांची प्रक्षेत्र भारत सरकार के वरीय अधिकारी फिलिप हापागड़ा एवं हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के महाप्रबंधक लोहरदगा कलस्टर राजेश रंजन की उपस्थिति में विभिन्न महिला समूहों के बीच उन्नत किस्म के आलू के बीज का वितरण किया गया. मौके पर श्री दिलीप ने कहा कि हिंडालको सीएसआर द्वारा यह सराहनीय पहल है. आप सभी स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों महिलाएं अच्छी तरह खेती कर अपनी आमदनी बढ़ाएं और आत्मनिर्भर बनें. वहीं महाप्रबंधक खान राजेश रंजन अम्बष्ठ ने कहा कि हिंडालको सीएसआर के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन एवं उन्नति के लिए कई योजनाएं संचालित किया जा रहा है, जिसका महिलाएं लाभ लेकर अपना आमदनी बढ़ाने और लखपति दीदी बनने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं. लोहरदगा जिला अंतर्गत बगड़ू, सेरेंगदाग, पाखर, बिमरला, कुजाम, चिरोडीह, अमतीपानी माइंस एवं रिचुघूटा व टोरी साइडिंग आदि में 500 क्विंटल उन्नत किस्म के आलू का महिला समूहों व प्रगतिशील किसानों के बीच वितरण किया गया. जिनका मार्गदर्शन गुरदरी के सहायक महाप्रबंधक विद्यासागर सिंह, बिमरला किरण शंकर सिंह, पाखर के वरीय प्रबंधक जीतेंद्र कुमार, सेरेंगदाग एसएसएस वशिष्ठ, बगडू खान प्रबंधक राज सिन्हा, अखिलेश सिन्हा ने किया. कार्यक्रम का नेतृत्व सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा, राम अवतार पासवान, अनन्या डे, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, राकेश तिवारी, महावीर उरांव ने की.

## न्यूट्रिशन प्रदर्शनी में नर्सिंग की छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा


न्यूट्रिशन प्रदर्शनी में शामिल छात्राएं.

संवाददाता ।सिमडेगा

जिसमें मदर टेरेसा कॉलेज की सभी एएनएम प्रथम वर्ष एवं जीएनएम प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा न्यूट्रिशन का स्टॉल लगाया गया. जिसमें हाई प्रोटीन डाइट, विनिंग डाइट, एंटी हाइपरटेंशन डाइट, एंटी डायबीटिक डायट, जोंडिस डाइट एवं अन्य डाइट के स्टाल लगाए गए थे. जिसका निरीक्षणआयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अरविंद कुमार, डॉ. सीमा टोप्पो निदेशक डॉक्टर प्रहलाद मिश्रा, सचिव निभा मिश्रा,रवींद्रनाथ वर्मा, रविकांत मिश्रा, बिल्लू अग्रवाल, ए एन एम की प्राचार्या प्रभा सुरीन, जीएनएम की प्राचार्या एरेन बैक , ट्यूटर अल्बीना तोपनो, लीला कुमारी, अमृता जोजो, वंदना धनवार, लीलावती साहू, प्रिया कुमारी , माटिल्डा तिर्की एवं सभी नर्सिंग की छात्राएं मौजूद थी.

राजनीति

झापीपा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल भगत हुए कुड़ू क्षेत्र वासियों से मुखातिब

# गांव और ग्रामीणों का विकास मेरी प्राथमिकता है:अनिल

संवाददाता ।कुड़ू/लोहरदगा


लोगों से बातचीत करते झारखंड पीपुल्स पाटर्टी के अनिल कुमार भगत.

विधानसभा चुनाव में हमज कुछ ही दिन रह गया है और चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है. यहां पर झापीपा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत ने मजबूत दावेदारी पेश कर राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों के समक्ष बड़ी चुनौती लाकर खड़ा कर दिया है. अनिल कुमार भगत लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व लोकप्रिय विधायक स्व कमल किशोर भगत के छोटे भाई हैं. इन्होंने अपने बड़े भाई स्व कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को साकार करने के उद्देश्य से चुनावी मैदान में कूदे हैं.अपने चुनावी दौरा के क्रम में झापीपु के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुड़ू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कड़ाक समेत कई अन्य गांवों के लोगों से सीधा मुखातिब होते हुए उनकी तमाम प्रकार की समस्याओं से अवगत होते हुए निपटारा कराए जाने का भरोसा दिलाया. मौके पर अनिल कुमार भगत ने कहा कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के हर एक गांव और यहां की जनता का समुचित विकास करना हमारा मुख्य उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि बड़े भाई स्वकमल किशोर भगत ने जिस तरह से पूरे विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास का सपना देखा था, उसे पूरा करना है. उन्होंने कहा कि बड़े भाई कमल किशोर भगत का एकमात्र सपना था कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता को शत-प्रतिशत स्वावलंबी बनाएं और यहां पर बड़ी संख्या में लोग रोजगार के अभाव में दूसरे राज्यों में पलायन कर जाते हैं . उसे रोक लगाकर लोहरदगा में ही छोटे-छोटे उद्योग धंधे स्थापित कर लोगों को रोजगार मुहैया कराकर आत्मनिर्भर बनाएं, लेकिन इससे पहले हमारे बड़े भाई लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र वासियों के विकासशील पुरुष स्व कमल किशोर भगत को प्लान बनाकर हमारे बीच से उन्हें हमेशा के लिए दूर कर दिया गया जिसकी पोल निश्चित रूप खोली जाएगी. ताकि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता अपने आदर्श झारखंड आंदोलनकारी नेता सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत को खोने का हकीकत और उसके पीछे षड्यंत्र करने वालों का असली चेहरा को देख सकें. अनिल कुमार भगत ने कहा कि अपने बड़े भाई के सपने को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. मौके पर अन्य लोग मौजूद थे.

खरकी पंचायत की हुआहार टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

किस्को/लोहरदगा। किस्को प्रखंड के दशरा टोली फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका भव्य तरीके से समापन किया गया. प्रतियोगिता में कुल 24 टीम भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया. यहां पर चैम्पियन बने खरकी पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हुआहार टीम को अतिथियों के द्वारा नकद राशि व खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया. साथ ही दूसरे स्थान पर रही डीएफसी दशरा टोली मेजबान टीम को भी खस्सी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इसी तरह 6ठे स्थान तक जगह बनाने वाली टीमों को भी नकद राशि देकर हौसला बढ़ाया गया. वहीं मैन ऑफ द मैच मैन ऑफ द सीरीज बेस्ट कीपर को भी पुरस्कृत किया गया. इधर कार्यक्रम में झारखंड की कला और संस्कृति को जीवंत रखने हेतु गांव की बच्चियों के द्वारा नागपुरी गीतों पर नृत्य की गई जिन्हें आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया गया. तत्पश्चात समापन समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फुलदेव उरांव ने कहा कि खुद का और अपने परिवार वालों एवं गांव समाज जिला राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए खिलाड़ियों को प्रतिदिन कड़ी मेहनत करने से सफलता प्राप्त होती है. उन्होंने कहा कि खेल से खिलाड़ियों का सर्वांगीण उन्नति होता है. नियमित परिश्रम करने और अनुशासन में रहकर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आज बेहतर मुकाम हासिल कर दिखाए हैं.


विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथिगण.

### उपायुक्त नैंसी सहाय का लगा जनता दरबार, फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखकर लगाई न्याय की गुहार

# प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए त्वरित समाधान के दिए निर्देश

संवाददाता। हजारीबाग

उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना. उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं के बाबत कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है. जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से 20 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की, जिनमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाइन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाणपत्र, आवास, सेवानिवृत्ति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, अवैध कब्जा, अवैध कब्जा, धोखाधड़ी इत्यादि मामले शामिल रहे.

**जबरन जमीन हथियाने का मामला, मदद की गुहार :** मौके पर हरहद थाना मुफस्सिल के मो. कौशन आलम ने उनकी भूमि का जालसाजी से दस्तावेज बनाकर जबरन जमीन हथियाने एवं जान से मारने की धमकी दूसरे पक्षकार द्वारा दिये जाने के संबंध में आवेदन देकर न्याय करने की गुहार लगाई. इस पर उपायुक्त ने तत्काल अंचलाधिकारी सदर को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया.



जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनतीं उपायुक्त नैंसी सहाय.

**भारी बारिश में मकान गिरा, आपदा सहायता की मांग :** इस क्रम में इचाक बरवां की रिता देवी ने भारी बारिश में कच्चा मकान गिर जाने से बेघर होने के बाबत आवेदन देकर आपदा मुआवजा की मांग करते हुए राहत प्रदान करने का अनुरोध किया. इस पर उपायुक्त ने अंचलाधिकारी इचाक को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

**जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश**

इसके साथ ही जोगीडीह ईचाक की पिंकी देवी ने रोजगार उपलब्ध कराने, टाटीझरिया के अंकित ने गंभीर बीमारी पर आर्थिक सहायता, इचाक के ईश्वर प्रजापति ने ऑनलाइन रसीद, महेश कुमार दारू नेलम्बे समय से म्यूटेशन लंबित होने, रिंकी देवी इचाक ने पति के मृत्यु प्रमाणपत्र, चुरचू की गीता देवी ने अबुआ आवास, विष्णुगढ़ के महादेश गोप ने सेवानिवृत्ति के पश्चात लंबित पावना भुगतान, मंजु कुमारी डीपूगढ़ा ने मानदेय भुगतान, कुम्हार टोली के सुमा वर्मा ने धोखाधड़ी, किसान फुटकर विक्रेता हजारीबाग ने कटकमसांडी बाजार परिसर में गुमटी अतिक्रमण हटाने आदि से संबंधित आवेदन समर्पित किये गये. मौके पर आये सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

# बस ने स्कूल की बच्ची और शिक्षिका को चपेट में लिया

संवाददाता। हजारीबाग



डीपीएस स्कूल के पास अनियंत्रित बस ने एक स्कूल की बच्ची और संत स्टीफन स्कूल की शिक्षिका नेहा कुमारी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों घायल हो गईं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय बस का चालक मोबाइल फोन से बात कर रहा था. दोनों घायलों का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है. विशेषज्ञों का मानना है कि ड्राइवर की लापरवाही और मोबाइल का उपयोग ऐसे हादसों का मुख्य कारण बनते हैं. इस प्रकार की घटनाओं से निपटने के लिए समुदाय एवं प्रशासन को मिलकर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है. वहीं स्थानीय निवासियों ने आग्रह किया है कि स्कूलों के निकट सुरक्षा उपायों को बढ़ाया जाए और ड्राइवरों के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों.

## ब्रीफ खबरें

### उपायुक्त ने शिविरों का किया निरीक्षण

**रामगढ़।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने मांडू प्रखंड अंतर्गत तोपा, ओरला एवं कीमो पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया. उपायुक्त ने ओरला पंचायत में आदर्श महिला समूह को 4 लाख रुपये एवं ओरला आजीविका महिला समूह को 5 लाख रुपये का सीआईएफ प्रदान किया गया. वहीं किमो पंचायत में उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लक्ष्मी कुमारी, रिया कुमारी, सुमिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी को स्वीकृति प्रमाणपत्र प्रदान किया. उपायुक्त ने शिविरों में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए.

### कार्यक्रम का ग्रामीण उठाएं लाभ : मंगलेश

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड की दुलमी पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख धर्मवीर महतो, नोडल पदाधिकारी के रूप में भूअर्जन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार, गंगा चौधरी, राकेश कुमार, प्रकाश करमाली आदि उपस्थित थे. बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनकी पंचायत में योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है.

### आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम की, पानी में ही धरने पर बैठ गये

# सड़क पर जमा पानी में रिक्शा पलटा, दो घायल

संवाददाता। हजारीबाग

कटकमसांडी रोड पगमिल स्थित पेट्रोल पंप के पास बरसात सड़क पर घुटने भर पानी जमा हुआ है. इससे सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. इस सड़क से हजारों लोगों का आवागमन होता है. यह रोड कटकमसांडी से धनबाद की ओर जाता है और प्रत्येक दिन इसी जगह कोई न कोई न हादसा होता रहता है. शुक्रवार को सड़क पर पानी में टुकटुक रिक्शा पैसेंजर लेकर पार करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह पलट गया. हादसे के वक्त रिक्शा में एक छोटा बच्चा और एक महिला बैठी हुई थी और रिक्शा पलटने से दोनों पानी में गिर गए और घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल भेज दिया. इसके बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया. इसके बाद कुछ समाजसेवी भी घटना स्थल पर पहुंच गए और सड़क पर ही धरने पर बैठ गए. वहीं डीएसपी को भी सड़क पार करने नहीं दिया गया.

**नुकसान देख रोने लगा रिक्शा चालक :** वहीं दुर्घटनाग्रस्त रिक्शा का चालक अपनी रिक्शा का नुकसान देखकर दहाड़ मार मार कर रोने लगा. उसने बताया कि हम गरीब हैं. किराए पर लेकर रिक्शा चला रहे हैं. हमारा रिक्शा सड़क खराब होने के कारण पलट गया, जिससे काफी नुकसान हुआ है. ऐसे में जब तक हमारे नुकसान की भरपाई जिला प्रशासन नहीं करेगा तब तक हम इसी पानी में डूबे रहेंगे. धरने पर बैठे कई लोगों ने बताया कि नगर निगम की लापरवाही के कारण प्रत्येक दिन हादसा हो रहा है. पूर्व में भी नगर निगम को जानकारी दी गई और बरसात आने के पहले से भी जानकारी दी जा चुकी है. यहां तक कि समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने निजी फंड से सड़क की मरम्मत करवाने की कोशिश की, लेकिन पानी उसे भी बहा कर ले गया.



सड़क पर जमा पानी में लेटा हुआ रिक्शाचालक और इनसेट में पानी में पलटा रिक्शा.

**लोगों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी :** इसके बाद मुन्ना सिंह, संजर मलिक ने पानी में ही सत्याग्रहण कर जिला प्रशासन को जानकारी दी. इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से कुछ काम करवाया गया, लेकिन इसके बावजूद सड़क की हालत जस की तस नजर आ रही है. स्थानीय लोगों ने कहा कि अब यह बर्दाश्त से बाहर हो चुका है. सड़क को लेकर उग्र आंदोलन करेंगे और जब तक यह सड़क नहीं बन जाती है तब तक इसी जगह धरने पर बैठे रहेंगे. हालांकि जिला प्रशासन के कई अधिकारी मिलते ही पगमिल पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन आक्रोशित लोगों ने जिला प्रशासन की एक नहीं सुनी और वे धरने पर खबर लिखे जाने तक धरने पर बैठे थे.



सड़क पर पानी के ऊपर धरने पर बैठे लोग.

# जनसमस्या के समाधान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)

पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देश पर शुक्रवार को करनी पंचायत सचिवालय में मयूरहंड एवं इटखोरी की जनता के लिए जन समाधान एवं शिकायत निवारण हेतु एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें डीएसपी मुख्यालय रोहित रजवार, इंस्पेक्टर इटखोरी, थाना प्रभारी इटखोरी अभिषेक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मयूरहंड अमित कुमार उपस्थित होकर जनता और पुलिस के बीच दूरी खत्म करने हेतु कार्यशाला को संबोधित किया. डीएसपी रजवार ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनता द्वारा जो भी शिकायत प्राप्त होगी उस पर त्वरित करवाई कर संतोषप्रद जवाब दिया जाएगा. डीएसपी ने इटखोरी और मयूरहंड की जनता को कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करने का अपील की ताकि छोटे छोटे आपसी विवाद का निपटारा थाना स्तर पर ही हो सके. इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के पीएल वी दयानंद कुमार, मुहाजिर हुसैन, मुखिया किरण देवी, लखन गुप्ता, सीताराम दांगी, नीरज सिंह, विजय सिंह, लोकेशदांगी, लुकान दांगी, सिकेंदर दांगी, कैलाश दांगी, राजेंद्र दांगी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.



कार्यशाला में उपस्थित डीएसपी व अन्य.

### हमले की योजना बनाता एक गिरफ्तार, बंदूक जब्त

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पतरातू पुलिस ने अभियान चलाकर ताला ताड़ में एक व्यक्ति को बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है. इस संबंध में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लेवी के उद्देश्य से ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की गाड़ियों पर हमला होने की गुप्त सूचना मिली थी, जिस पर एसडीपीओ पतरातू वीरेंद्र राम के नेतृत्व में टीम का गठन कर अभियान चलाया गया. इस क्रम में पतरातू थाना क्षेत्र के दूधियागढ़ा तलाटांड में स्थानीय मुखलाल गंझु बंदूक के साथ पकड़ा गया. अभियुक्त के पास से बंदूक और मोबाइल जब्त किया गया है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त को लेकर गहनता से जांच की जा रही है.

### ममता देवी ने डॉ. इरफान अंसारी से की मुलाकात

# पुलिया और सड़क निर्माण को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पुलिया, सड़क आदि की समस्याओं के संबंध में ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिलकर चर्चा की. मंत्री ने रामगढ़ की दो महत्वपूर्ण सड़कों, जिसमें बाजार समिति से बाजार टांड भाया दिनेश स्टील जो जर्जर अवस्था में है, एवं लोधमा ग्राम के बड़की नदी पर निर्मित ब्रिज से कर्मा ग्रेड 2 रोड हुहुआ सीमाना तक के निर्माण के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय सचिव को डीपीआर तैयार करने का निर्देश जारी कर दिया. मंत्री ने पूर्व विधायक के आग्रह पर दोनों सड़कों का निर्माण विधानसभा चुनाव से पूर्व आरंभ करने का आश्वासन दिया है. ममता देवी ने डॉक्टर इरफान अंसारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे जनहित के कार्यों के त्वरित निष्पादन पर विश्वास करते हैं. उनकी यही अच्छाई आम लोगों के बीच में उन्हें लोकप्रिय बनाती है.



### राज्यस्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स में विभिन्न विद्यालयों में हुईं प्रतियोगिताएं

# डीएवी स्कूल ने लहराया परचम

संवाददाता। रामगढ़

डीएवी स्कूल बरकाकाना ने राज्यस्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों में हुई प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहराया है. डीएवी स्कूल कोयला नगर धनबाद में हुई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में डीएवी स्कूल बरकाकाना विजेता रहा. अंतर 14 वर्षीय बालक वर्ग में ओमकार कुमार महतो, आयुष राज को स्वर्ण, मोहम्मद कैफ राघव रविंद्र मुंडा को रजत, अभिषेक प्रसाद, अर्णव कुमार को कांस्य पदक मिला. अंतर 17 वर्षीय बालक वर्ग में अमर कुमार को स्वर्ण हर्षदीप यादव, सक्षम कुमार को रजत पदक मिला. अंतर 14 वर्षीय बालिका वर्ग में स्नेहा रानी को स्वर्ण, पीहू कुमारी, जानवी श्रेया को कांस्य पदक मिला. अंतर 17 वर्षीय बालिका वर्ग में संस्कृति कुमारी, नित्या रागनी, पलक सिंह, दीक्षा सिंहा को स्वर्ण, स्मृति रानी, प्रियदर्शनी को कांस्य पदक मिला. अंतर 19 वर्षीय बालिका वर्ग में ईशा यादव को स्वर्ण पदक मिला. सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार संस्कृति कुमारी को मिला. डीएवी कोयला नगर में स्केटिंग की भी प्रतियोगिता हुई जिसमें मोहम्मद सब्बिल को रजत पदक मिला. अंडर 14 बालक वर्ग में अंश कुमार सिंह को वेस्ट प्लेयर का पुरस्कार दिया गया. आर्यन कुमार, आयुष कुमार, अंश कुमार सिंह, रितेश कुमार, आदित्य राय को स्वर्ण, अक्षत शौर्य भारद्वाज को रजत पदक मिला.



विजेता प्रतिभागी ट्रॉफी के साथ.

**हजारीबाग में हुई कबड्डी प्रतियोगिता**

कबड्डी की प्रतियोगिता हजारीबाग में आयोजित की गई, जिसमें बालिकाओं ने उपविजेता के रूप में अपना परचम लहराया. जूडो की प्रतियोगिता डीएवी पुनदाग में हुई जिसका परिणाम अभिषेक जार्ज को जूडो के विशेष खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया. डीएवी बरकाकाना के बच्चों ने उपविजेता के रूप में अपना परचम लहराया. मौके पर प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद आदि मौजूद रहे.

### स्कूल में इंटर हॉउस फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

# गांधी हॉउस ने टैगोर हॉउस को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड के नवभारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में फुटबॉल का फाइनल मैच गांधी एवं टैगोर हाउस के बीच खेला गया. इससे पहले गांधी हाउस ने जेपी हाउस को 2-1 गोल से हराया. वहीं टैगोर हाउस सुभाष को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर गया. फाइनल मैच में गांधी हॉउस ने टैगोर हॉउस को 3-2 गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया. इससे पहले विद्यालय की प्राचार्या रीना पांडेय ने टॉस उछाल कर मैच का उद्घाटन किया तथा 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस को उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर खेल का शुभारंभ किया. मौके पर खेल शिक्षक राकेश रंजन, आशुतोष कुमार, उमेश लाल भगत, अजीत पांडे, पवन कुमार, मुकेश पाठक, शंकर सिंह उपस्थित थे. गांधी हाउस के विजेता टीम से सुसान कुमार, सुमीत कुमार, सुधांसु, आदर्श एवं आर्यन कुमार ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया.



# समाज हित के लिए कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता : नीरज

संवाददाता। हजारीबाग

स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज गुप्ता ने अभी तक अपने द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की चर्चा को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया. अपने छात्र जीवन में विभिन्न मुद्दों को लेकर किए जाने वाले छात्र आंदोलन से लेकर समाज हित के लिए हरेक कार्यों की भी चर्चा की. वहीं उन्होंने इस वर्ष किए जाने वाला कार्य नगर निगम हड़ताल, एटेलेटिक्स, वन विभाग, मिशनरी आदिवासी स्कूल, सदर अस्पताल, सरकार आपके द्वार, राम मंदिर के निर्माण को लेकर विस्तृत से जानकारी को साझा किया. वहीं कहा कि अभी तक हमलोगों के द्वारा 21000 पौधे लगाए गए हैं. शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन कर हरा भरा किया गया. आगे भी इसी तरह पौधरोपण का कार्यक्रम चलता रहेगा. आगे हमलोग के द्वारा भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया जायेगा, जिसके लिए एक समिति बनाई गई है, जो इस कार्य को करने में अपना योगदान देगी. मंदिर के निर्माण वाले जगह जल्द ही चिन्हित कर भूमि पूजन करवा लिया जाएगा. आगे निर्माण कार्य के लिए पूरे हजारीबाग वासियों का सहयोग अपेक्षित रहेगा. वहीं उन्होंने सभी से अपील की कि इस पुण्य कार्य में सभी अपनी बढ़ चढ़ कर भागीदारी दे ताकि मंदिर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो. हजारीबाग के लिए यह मंदिर बहुत ही अद्भुत और अतुलनीय होगा जिसकी अभी मात्र परिकल्पना ही की जा सकती है. आगे उन्होंने सभी लोगों से सहयोग करने की भी बात कही. मौके पर जिला सहसंयोजक राम प्रकाश चौधरी, विष्णुगढ़ संयोजक नितेश सिंह, डाड़ी प्रखंड संयोजक रतीलाल मरांडी, दारू प्रखंड संयोजक गौरव सिंह, बरकट्ठा संयोजक महावीर महतो, वरिष्ठ सदस्य केदार प्रसाद, मनजित कुमार मेहता, पीयूष, सुनील, अमित, तुषार अंकुश, अनिल, अशोक इत्यादि लोग मौजूद थे.



प्रेस वार्ता में स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज गुप्ता व अन्य.

### विरोध प्रदर्शन जिले के वनरक्षी अपनी मांगों को लेकर बैठे हैं अनिश्चितकालीन धरने पर

# वनरक्षियों की हड़ताल से वन क्षेत्र में अवैध कारोबार को खुली छूट

संवाददाता। चौपारण

झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के आह्वान पर सरकार द्वारा अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली, 2014 में अहितकारी संशोधन करके 2024 की नई नियमावली बनाकर वनरक्षियों की प्रोन्नति का अवसर छीनने हेतु वनपाल के शत प्रतिशत प्रोन्नति के पद में कटौती करते हुए 50 प्रतिशत पदों पर सीधी नियुक्ति करने तथा वनरक्षी के 1315 पदों की कटौती करने के निर्णय के विरुद्ध और अन्य लंबित मांगों को लेकर हजारीबाग जिले के सभी वनरक्षियों ने अपने सभी विभागीय कामकाज को छोड़कर 16 अगस्त से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के 15वें दिन भी वन भवन के प्रांगण में भाग लिया.

उपरोक्त संशोधित नियमावली के माध्यम से वन विभाग के विकृत मानसिकता वाले बाहरी मूल के उच्च पदाधिकारीगण जो झारखंड के मूल वासियों एवं आदिवासी जनों को हेय दृष्टि से देखते हैं. उन्हें आगे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं, झारखंड के मूल निवासी वनरक्षियों के प्रोन्नति के अवसर को छिनने तथा उनके स्वीकृत पदों को कम करने का षडयंत्र किया है. जबकि राज्यभर के वनरक्षी बिना किसी विभागीय सुविधा एवं सहयोग के अपने वेतन के पैसे से वाहन पेट्रोल इत्यादि की व्यवस्था कर दिन रात चौबीसों घंटे वन सुरक्षा में डटे रहते हैं.

अब तक विभाग अथवा सरकार द्वारा वनरक्षियो के हित में किसी भी प्रकार से सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है. राज्य भर के वनरक्षियों द्वारा एलिफेंट ड्राइव छोड़ दिए जाने के कारण पूरे प्रदेश में जंगली हाथी ग्रामीणों के फसल, घर एवं जान माल को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं, जिसके कारण आम जनता में वन विभाग और सरकार के प्रति व्यापक रोष है. कई स्थान पर ग्रामीणों ने वन विभाग के विरुद्ध व्यापक विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है. वनरक्षियों के धरना में रहने के कारण लोगों को हाथियों से होने वाले नुकसान का मुआवजा भी नहीं मिल पा रहा है. राज्य भर में वन माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर जंगलों की कटाई की जा रही है तथा जंगल की भूमि पर लगातार अतिक्रमण होता जा रहा है और वन भूमि वन विभागीय नियंत्रण से निकलती जा रही है, लेकिन संबंधित विभागीय उच्च पदाधिकारियों के द्वारा अपनी जिद और हठधर्मिता के कारण इसे छिपाया और दबाया जा रहा है. वन प्रदेश के रूप में जाने जाने वाले झारखंड राज्य के वन सम्पदा, वन्य जीवों तथा उनकी रक्षा करने वाले वनरक्षियों की चिंता करने वाला कोई नहीं हैं.

वन विभाग और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है. इस बीच वन संपदा तथा वन्य प्राणियों के नुकसान को ध्यान देकर सकारात्मक पहल करते हुए झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के साथ ही साथ कई मंत्रियों एवं विधायकों से मिलकर ज्ञापन सौंपा और उनसे मिलकर ज्ञापन एवं मांग पत्र सौंपा. सकारात्मक आश्वासन मिला है, परंतु लिखित आश्वासन मिलने तक धरना प्रदर्शन को जारी रखने का निर्णय लिया गया. धरना स्थल से सभी ने 2014 के वनरक्षी नियुक्ति नियमावली में हुए अलाभकारी संशोधन को रद्द करते हुए उसे यथावत रखने वनरक्षियों की संख्या में कटौती नहीं करने एवं अन्य मांगों को यथाशीघ्र पूरी करने की मांग की. धरना में हजारीबाग जिले की वनरक्षियों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही.



धरना-प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते वनरक्षी.

# जरूरतमंदों के लिए आज से शुरू होगा 'खाना बैंक'



बैठक के दौरान रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति अरबीएसएस के पदाधिकारी.

संवाददाता। रामगढ़

सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति अरबीएसएस के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को शहर के सुभाष चौक के निकट हुई. इसमें केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने जरूरतमंदों व भूखे लोगों को निःशुल्क खाना उपलब्ध कराने के लिए "खाना बैंक" की शुरुआत करने का प्रस्ताव लाया, जिसका सभी पदाधिकारियों ने समर्थन किया. इसके बाद निर्णय लिया गया कि 31 अगस्त को खाना बैंक की नींव रखी जाएगी. बैठक में कैलाश महतो, सुरेंद्र राम, मल्लिका दत्ता,पिंटू मालाकार, अजय राम, श्रीधर सिंह, रघुबरण स्वामी, मनीषा कौंडल, सिकंदर सोनी उपस्थित हुए.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय सामान्य है. किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वही परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा.

**वृषभ** कठिन परिश्रम से आय होगी. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं. लक्ष्मी माता का ध्यान पूजन करें.

**मिथुन** काम में मन लगेगा. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. आपके अच्छे कर्म से भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** लग्न का मालिक स्वग्रही है. समय उत्तम है. पर काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. किसी पदाधिकारी से मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. मंगल को बल दें.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा.शुभफलों की प्रधानता रहेगी. ज्यादा बात-विचार और सोच से समय खराब हो सकता है. विवाद से दूर रहें.

**कन्या** व्यापार वृद्धि के लिए दिन अच्छा है. पर आपके रुखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम-काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. गाय को गुड़ खिलाएं.

**तुला** सरकारी काम काम बन सकता है. काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है. परिवार या मित्र से मतभेद उत्पन्न हो सकते है.

**वृश्चिक** सामाजिक कार्य में मन लगेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** कुटुंब में विवाद हो सकता है. किसी से मानहानि हो सकती है. कर्म के बल पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें.पीपल वृक्ष की पूजा सेवा करें.

**मकर** आलस त्यागें. किसी नई कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. किसी से शुभ समाचार मिलेगा.

**कुंभ** शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. ज्यादा बोलने से बचें. किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें. समय और अनुकूल हो, इसलिए अन्न का दान करें.

**मीन** सामाजिक कार्य और सेवा के प्रति लगाव होगा. किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

## कैंपस सेलेक्शन में डीएवी के चार छात्रों का हुआ चयन

**मेदिनीनगर।** डीएवी इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज परिसर में आज नई दिल्ली की राज सोलर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया . कैंपस सकलेक्शन में कॉलेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को शामिल किया गया. कंपनी के उच्च अधिकारी ने विद्यार्थियों का विश्लेषण कर चार छात्रों का चयन किया. मैकेनिकल ब्रांच से राकेश कुमार गुप्ता एवं इलेक्ट्रिकल ब्रांच से आकाश कुमार, लव कुमार एवं मनीष कुमार का चयन किया गया.इलेक्ट्रिक ब्रांच के हेड ऑफ डिपार्टमेंट प्रो. अमरनाथ सिंह ने हर्ष जाहिर करते हुए चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. मैकेनिकल ब्रांच के प्रो. अजीत कुमार ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. डिन ऑफ़ इंजीनियरिंग प्रोफेसर आनंद कुमार ने भी हर्ष जाहिर किया. डीएवी इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए कॉलेज प्रबंधन हमेशा से तत्पर है. वहीं प्रशासनिक अधिकारी एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि हमारे बच्चे और भी कंपनी में काम कर रहे हैं. कॉलेज मैनेजमेंट आगे भी कैंपस करने की पूरी कोशिश करता रहेगा.

### पेज एक का शेष

## इतने संवेदनशील मुद्दे पर ...

ममता द्वारा कड़े कानून की मांग नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद की गई है.

**उम्मीद है पीएम ध्यान देंगे:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने पीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मैं दोहराना चाहती हूं और अनुरोध करती हूं कि दुष्कर्म और दुष्कर्म के बाद हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर कठोर केंद्रीय कानून और कड़ी सजा पर विचार करें. इसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा एक तय समय सीमा के भीतर मामलों के निपटारा के लिए अनिवार्य प्रावधान भी हो. ममता ने उम्मीद जताई कि समाज के व्यापक हित में इस संवेदनशील विषय पर प्रधानमंत्री मोदी ध्यान देंगे.

# शुभम संदेश की मुहिम रंग लायी, तोड़ कर नया बनेगा लोक अभियोजन कार्यालय

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

आशीष टैगोर। लातेहार

आखिरकार शुभम संदेश की मुहिम रंग लायी. व्यवहार न्यायालय परिसर में जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े लोक अभियोजन कार्यालय का पुराना भवन को तोड़ कर वहां नया भवन बनाया जायेगा. भवण निर्माण विभाग ने इसकी निविदा फाइनल कर दी है. बिहार के संवेदक ने कार्य भी प्रारंभ कर दिया है. भवन को तोड़ा जा चुका है और परिसर को समतल किया जा रहा है. बता दें कि शुभम संदेश ने अपने 22.08.22 के अंक मे पूरे प्रदेश के लोक अभियोजन कार्यालयों की बदहाली की एक खबर छापी थी. इसके अलावा शुभम संदेश ने लातेहार लोक अभियोजन कार्यालय के जर्जर हो जाने की खबर लगातार अखबारों में छापी. इसका असर यह हुआ कि जिला प्रशासन हरकत में आया और जीर्ण शीर्ण भवन को तोड़ कर नये भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया. हालांकि इसमें प्रभारी जिला लोक अभियोजक अशोक कुमार दास का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा. उन्होंने भी लोक अभियान कार्यालय की बदहाली को ले कर कई बार उच्चाधिकारियों के साथ पत्राचार किया. उपायुक्त की बैठकों में भी उन्होंने इस मामले को कई बार उठाया था.



लोक अभियोजक दास के साथ बैठे अधिवक्ता.

**बैठने लायक नहीं था लोक अभियान कार्यालय :** बता दें कि लोगों को न्याय दिलाने वाला अभियोजन कार्यालय खंडहर में तब्दील हो गया था. गवाहों को अदालतों में प्रस्तुत करने की पूर्ण जवाबदेही अभियोजन कार्यालय को है और सबसे पहले गवाह इसी कार्यालय आते हैं. लेकिन भवन जर्जर हो जाने के कारण न सिर्फ लोक अभियोजक वरन आम गवाहों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था. भवन का हिस्सा टूट टूट कर गिर रहा था. बरसात के दिनो में छत से बेतरीब ढंग से पानी टपकता था. कार्यालय के खिड़की व दरवाजे दीमक के भेंट चढ़ गये थे. कार्यालय भवन में सीलन के कारण लोक अभियोजकों का यहां दम घुट रहा था.

### डीसी व एसपी ने किया था निरीक्षण

आखिरकार जिला प्रशासन उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इस भवन को डिमोलिश कर नया भवन बनाने के लिए निविदा प्रकाशित की . बता दें कि शुभम संदेश में खबर छपने के बाद तत्कालीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के निर्देश पर तत्कालीन उपायुक्त भोर सिंह यादव और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने जर्जर लोक अभियोजन कार्यालय का निरीक्षण किया था . तत्कालीन उपायुक्त अबु इमरान व हिमांशु मोहन ने भी इस कार्यालय का निरीक्षण किया . विभागीय निर्देश के बाद पिछले दिनों भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता कमलेश कुमार ने जर्जर भवन का निरीक्षण किया था .




शुभम संदेश में छपी खबर

### तत्कालीन मुख्य सचिव ने भी दिया था निर्देश

दीगर बात तो यह है कि सरकार के तत्कालीन मुख्य सचिव राजबाला वर्मा ने भी अपने पत्रांक 1992 दिनांक 26 .07 .17 को ही सभी कोर्ट परिसरों में अविस्थत लोक अभियोजन कार्यालय भवन की तत्काल मरम्मत कर गवाहों की सुविधा के लिए विटनेस हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्देश दिया था . लेकिन निर्देश जारी होने के सात सालों के बाद भी इसका अनुपालन नहीं किया गया . अब जा कर इस भवन की सुधि ली गयी है .

### डीएवी राज्यस्तरीय एथलेटिक्स, हॉकी, तैराकी प्रतियोगिता की शुरुआत

# खेल हमें हार से उबरना और जीत को स्वीकारना सिखाता है : एमके सिन्हा

संवाददाता। रांची

डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स, हॉकी, कुश्ती और तैराकी प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत मोरहाबादी मैदान और सफायर गार्डन तैराकी एरीना में हो गई. मुख्य अतिथि दक्षिण छोटानागपुर के आईजी अखिलेश झा ने खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत की. छात्र-छात्राओं ने भारतीयम नृत्य के माध्यम से मन मोहा. मौके पर स्वागत गान और मार्च पास्ट भी प्रस्तुत किया गया. स्वागत भाषण करते हुए डीएवी झारखंड जोन बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू के प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि खेल हमें हार से उबरना सिखाता है और जीत को भी स्वीकारना सिखाता है. उन्होंने कहा कि हमें ऐसे काम करने चाहिए, जिससे पहचान बन जाए और ऐसे कदम उठाने चाहिए, जिससे निशान बन जाए. उन्होंने कहा कि डीएवी शिक्षा के साथ-साथ देश के लिए खिलाड़ी भी तैयार कर रहा है. यह गर्व की बात है कि मनु भाकर, सरबजोत और नीरज चोपड़ा डीएवी के छात्र रहे हैं. सिन्हा ने कहा कि डीएवी का प्रयास है हर स्कूल में खेल के संसाधन मौजूद हो, ताकि देश को अच्छे खिलाड़ी मिल सकें.

मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि आईजी अखिलेश झा ने कहा कि खेल से और बेहतर करने की क्षमता बढ़ती है. उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे खेलकूद प्रतियोगिता में अवश्य भाग लें और अपना विकास करें. उल्लेखनीय है कि यह खेलकूद तीन स्तर पर आयोजित की जाती है. प्रथम स्तर पर क्लस्टर, दूसरे स्तर पर राज्य और तीसरे स्तर पर राष्ट्रीय डीएवी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाती है. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण और पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को डीएवी नेशनल खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा. यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं के अंडर 14 ,अंडर 17 और अंडर 19 के लिए आयोजित की जा रही है. इसमें डीएवी झारखंड में सभी 10 जोन के क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आने वाले प्रतिभागी भाग ले रहे हैं.

उद्घाटन समारोह में आयोजक डीएवी कपिलदेव के प्राचार्य एम के सिन्हा और मुख्य अतिथि अखिलेश झा के अलावा डीएवी जोन ए के एआरओ ओपी मिश्रा,डीएवी हेहल के प्राचार्य सह जोन जे के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एसके मिश्रा, डीएवी बोकारो जोन के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी विपिन राय, डीएवी भरेचनगर के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी निशिकांत कर, डीएवी पुनदाग के प्राचार्य एसके मिश्रा, डीएवी नीरजा सहाय की प्राचार्य किरण यादव, डीएवी बरियातू के प्राचार्य डॉ तापस घोष, डीएवी बिष्टुपुर की प्राचार्या प्रज्ञा सिंह समेत समाजसेवी शत्रुघ्न लाल गुप्ता, डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू के एलएमसी चेयरमैन कपिल देव गिरि, विभिन्न प्रक्षेत्रों के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी, विभिन्न डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य, खिलाड़ी और शिक्षक मौजूद थे.







### विभिन्न प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं

- **800 मीटर दौड़ : अंडर 14 बालिका**
  1. डीएवी नीरजा सहाय
  2. डीएवी जामाडोबा
- **800 मीटर दौड़ : अंडर 14 बालक**
  1. डीएवी गिरिडीह
  2. डीएवी डालटनगंज
- **800 मीटर दौड़ : अंडर 17 बालक**
  1. डीएवी बुंडू
  2. डीएवी जामाडोबा
- **800 मीटर दौड़ : अंडर 17 बालिका**
  1. डीएवी जामाजोबा
  2. डीएवी गुआ
- **800 मीटर दौड़ : अंडर 19 बालिका**
  1. डीएवी कथारा
  2. डीएवी कोडरमा
- **800 मीटर दौड़ : अंडर 19 बालक**
  1. डीएवी आरा कुजू
  2. डीएवी गोड्डा
- **गोला फेंक अंडर 14 बालक**
  1. डीएवी बारियातू
  2. डीएवी खूंटी



मीडिया को जानकारी देते डीएसपी नीरज कुमार.

### चार लोगों ने जिस पर अपना पुत्र होने का किया दावा

# वह निकला कई राज्यों का वांटेड शातिर अपराधी

संवाददाता। मझिआंव

थाना क्षेत्र के तलसबरिया पंचायत अंतर्गत सेमरहत सहरसताल गांव में खोया हुआ पुत्र बताकर सत्तार अंसारी के घर में पिछले 15 दिनों से रह रहा शमशेर खान उर्फ राजा खान उर्फ एहसान खान बिहार, केरल, ओडिशा एवं झारखंड का शातिर अपराधी निकला. पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने के प्रक्रिया में जुट गई है.

इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार ने मझिआंव थाना में प्रेस वार्ता कर कहा कि 15 दिन पहले बिसुनपुरा प्रखंड के पतिहारी पंचायत के पूर्व मुखिया मुन्ना अंसारी द्वारा ग्रुप में एक मैसेज दिया गया कि एक व्यक्ति जो अपना घर भूल गया है और पंद्रह सोलह साल पहले घर से बिछड़ गया था और अपने भाई का नाम असलम बता रहा है. इस सूचना पर मझिआंव थाना क्षेत्र के तलसबरिया पंचायत अंतर्गत गांव सहरसाताल के सत्तार अंसारी आये और उसे अपना बेटा मानकर घर ले गये और परिवार व रिश्तेदारों से मिलवाया कि मेरा खोया हुआ बेटा आ गया है. इस दौरान इस लड़के को अपना पुत्र बताने वाले कई लोग गढ़वा, मेराल एवं डन्डइ से आये और अपना अपना खोया हुआ पुत्र बताते हुए दावा करने लगे. डीएसपी ने कहा कि इसी दौरान वह सत्तार अंसारी के घर वालों को अपने विश्वास में लेता रहा तथा उनकी लड़की से छेड़खानी कर उसका विडिओ भी बनाता रहा. जब घर वालों को शक हुआ तो वे उसे थाना लेकर आये. जब उससे पूछा गया तो वह बार बार अपना नाम बदलने लगा. इसके बाद उसके मोबाइल चैट को देखा गया और सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताना शुरू किया कि उसका नाम शमशेर खान उर्फ राजा खान, उर्फ एहसान खान (पिता फहीम खान, ग्राम मिलकी, थाना पीरो, जिला भोजपुर, बिहार) बताया. डीएसपी निरज कुमार ने कहा कि आगे उसने कहा कि वह बोकारो, गया, भोजपुर, केरल के एर्नाकुलम, रांची, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, उड़ीसा एवं केरल में कई कांडो में जेल जा चुका है तथा लापता व्यक्ति के नाम पर बेटा बनकर पूर्व में भी टाटा एवं उड़ीसा में घटना को अंजाम दे चुका है.

डीएसपी ने कहा कि वह एक शातिर अपराधी है. उन्होंने कहा कि उक्त अपराधी का बड़ा भाई बिहार के समस्तीपुर में पुलिस सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है. लेकिन उसके घर वालों द्वारा उसे कानूनी तौर पर घर से बेदखल कर दिया गया है. डीएसपी ने कहा कि पुलिस उसके अन्य अपराधों के बारे में भी बायोडाटा जुटा रही है कि कहीं उसका संबंध किसी अन्य संगठन से हो सकता है.उसके पास से कानपुर से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद किया गया है.प्रेस वार्ता में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई नसीम अंसारी एवं एएसआई आलोक कुमार शामिल थे.

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

संवाददाता। हंटरगंज (चतरा)

पुलिस अधीक्षक चतरा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार शुक्रवार को हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पाण्डेयपुरा प्लस टू हाई स्कूल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित एसडीपीओ संदीप सुमन ने शिविर में पहुंचे लोगों की समस्या से अवगत हुए. मौके पर कई समस्याओं का समाधान किया गया. कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को पीएलवी की टीम ने सहायता की. इस दौरान एसडीपीओ श्री सुमन ने उपस्थित लोगों को बताया कि पुलिस एवं नागरिकों के बीच सांमजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम पुलिस आयोजित कर रही है. यह कार्यक्रम प्रत्येक गुरुवार एवं शुक्रवार को आयोजित की जाएगी. जिसमें सभी छोटे-बड़े समस्याओं को बैठकर हल किया जाएगा. उक्त कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करना है. उसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एवं पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्यय हेतु जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है. कार्यक्रम में हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार, पांडेयपुर पुलिस पिकेट प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, प्रतापपुर थाना प्रभारी मोहम्मद कासिम, प्रधानाध्यापक जयंत कुमार, पीएलवी कुमार विवेक रंजन, सरयू यादव, निशांत तिवारी और पीएलवी गोविंद ठाकुर, नरेश कुमार प्रजापति आदि शामिल थे.



जन शिकायत कार्यक्रम में एसडीपीओ व अन्य.

# निशिकांत दुबे के विरोध में प्रदर्शन, पुतला दहन

संवाददाता। सिमडेगा/बेड़ो

तेली समाज की नेत्री अर्चना देवी ने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे ने तेली समाज, दलित, ओबीसी आदिवासी को इंगित कर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पर अमर्यादित टिप्पणी की थी. कहा कि पिछले दिनों मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को तेली समाज गोड्डा जिला की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था. कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद पर सांसद ने अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसको लेकर तेली समाज ओबीसी और दलित समाज आक्रोशित है. उन्होंने कहा कि राजेंद्र प्रसाद पर अमर्यादित टिप्पणी हर झारखंडियों का अपमान है. राजेंद्र प्रसाद झारखंड आंदोलनकारी हैं. राज्य के लिए इनका बड़ा योगदान है. वे हमारे अधिकारों को संरक्षित करने और झारखंडी स्मिता को लेकर लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं.अवधेश शाह ने कहा कि बाहर के राज्य से आकर निशिकांत दुबे सांसद बने हैं और हमारे लोगों को ही अपमानित कर रहे हैं. पुतला दहन कार्यक्रम नीलम देवी, देवनारायण मंडल,पूरा देवना, महापति मंडल,महेंद्र मिर्धा, तारकेश्वर साहू, श्रीकांत माझी, प्रफुल्ल माझी, रंभा देवी, पूर्ण शाह, अजय शाह, रामजी भगत,हेमा देवी, आनंद माझी, अशोक मंडल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे.



सांसद निशिकांत दुबे का पुतला दहन करते लोग.

**राजनीति**

### चक्रधरपुर की चारमोड़ व जामिद मैदान में जयराम महतो ने बदलाव संकल्प सभा को किया संबोधित

# सत्ता का सुख भोगने वालों को अपने वोट से करें बाहर : जयराम महतो

संवाददाता। चक्रधरपुर

सत्ता का सुख भोगने वालों को अपने वोट से सत्ता से बाहर करें. ये बातें झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के सुप्रीमो जयराम महतो ने कहीं. वे शुक्रवार को चक्रधरपुर प्रखंड की गोपीनाथपुर पंचायत के चारमोड़ व जामिद पंचायत के फुटबॉल मैदान में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी की ओर से आयोजित बदलाव संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे. चक्रधरपुर के चारमोड़ मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वोट आप सभी देने का अधिकार है, जनता अपने अधिकारों की लड़ाई तीर-धनुष या तलवार से नहीं लड़ सकती है, वोट से ही यह लड़ाई लड़ी जा सकती है.उन्होंने कहा कि मैं जब भी वोट करें एक शिक्षित व विकास करने वाले व्यक्ति को वोट करें.अपने संबोधन के दौरान जयराम महतो ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा.उन्होंने कहा कि झारखंड में अब विधानसभा चुनाव के लगभग दो महीने बचे हुए हैं. चुनाव से दो महीने पूर्व राज्य सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजनी लायी गयी है.

### हमें रोजगार दीजिए, मंईयां योजना नहीं चाहिए

उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में टाटा, सीसीएल, उषामार्टिन जैसी कई बड़ी कंपनियां हैं, हमें रोजगार दीजिए . यह मईयां योजना नहीं चाहिए . आप यह योजना अपने मंत्री मंडल में बैठे मंत्रियों को दें . मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों व विधायकों फॉच्यूनर, लाख रुपये वेतन दिये जाते हैं,सुख-सुविधाएं दी जाती है . हमारी पार्टी को कैंची छाप मिला है . इन सत्ता में रहने वालों की सुविधाओं में हम कटौती करेंगे .



संकल्प सभा को संबोधित करते जयराम महतो,

**हेमंत सोरेन की सरकार रही निशाने पर :** चक्रधरपुर के चारमोड़ मैदान व जामिद गांव स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जयराम महतो ने अपने संबोधन में खासकर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को निशाने पर रखा.जबकि केन्द्र सरकार के बारे में वे ज्यादा नहीं बोले.

**कई लोगों ने थामा जेएलकेएम पार्टी का दामन:** चक्रधरपुर की जामिद फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने जेएलकेएम पार्टी का दामन थामा.जहां जयराम महतो ने सभी का फूल माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया. इस दौरान प्रणव महतो, बादल तांती, नलिन महतो, अमरनाथ महतो, नंदलाल महतो, नंद किशोर महतो, राकेश महतो समेत अन्य पार्टी में शामिल हुए.

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद :** इस मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के प्रमंडलीय अध्यक्ष दीपक महतो,कोल्हान प्रमंडलीय सचिव करण महतो, बंदगांव की जिला परिषद् सदस्य बंसती पूर्ति, नगर अध्यक्ष गणेश महतो, जिला सचिव दुर्योधन महतो, समेत पार्टी के अन्य सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद थे.

# प्रमंडल स्तरीय मेला सह प्रदर्शनी का डीपीआरओ ने किया उदघाटन

संवाददाता। लातेहार

सदर अंचल परिसर में सरकार की बहुआयामी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के लिए प्रमंडल स्तरीय मेला प्रदर्शनी का उदघाटन जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन ने फीता काटकर किया. मौके पर संबोधित करते हुए डीपीआरओ डा चंदन ने कहा कि सरकार द्वारा समाज के हर तबके के लोगों के लिए योजनायें चलायी जा रही है. लेकिन योजनाओं की जानकारी नहीं रहने के कारण लोग योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं. मेला प्रदर्शनी में लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जायेगी और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा. उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा पंचायतवार आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं. मौके पर विभाग के तन्मय सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे.



## चमकती दुनिया के पीछे का अंधेरा

महिलाओं के विरुद्ध होने वाली यौन हिंसा का मामला एक राज्य विशेष तक सीमित नहीं है. राष्ट्रपति यौन हिंसा के विरोध में गहरी निराशा व्यक्त कर चुकी हैं. कोलकाता, फरुखाबाद, बदलापुर सहित अनेक स्थानों पर जिस तरह की बर्बर घटनाएं हुई हैं, वे राष्ट्रीय शर्म से कम नहीं हैं. इसके साथ ही मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को लेकर सार्वजनिक हुई हेमा कमेटी की रिपोर्ट ने पूरे देश को चिंतित कर दिया है. सेलिब्रेटियों की चमकती जिंदगी के पीछे का अंधेरा न केवल भयावह है, बल्कि इस बात का साक्ष्य भी है कि वहां महिलाओं की सम्मानजनक जिंदगी किस तरह प्रभावित होती है. मलयाली इंडस्ट्री किस तरह दबंगों और सामंतों की गिरफ्त में है, हेमा कमेटी की रिपोर्ट इसे जाहिर करती है. दुनिया भर में मी टू आंदोलन ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न को उजागर कर दिया था. मलयाली फिल्म में मी टू को पहले ही सामने आया था, लेकिन पूरा शासकीय निजाम खामोश ही रहा है. हेमा कमेटी ने एक और बात रेखांकित किया है कि कार्य स्थल पर यौन हिंसा या फिर कार्य दिलाने के नाम पर उत्पीड़न की घटनाएं निरंतर गंभीर होती जा रही हैं. पितृसत्तात्मक समाज में सम्मान के नाम पर महिलाओं को ही कीमत चुकानी पड़ रही है. समय आ गया है कि इन प्रवृत्तियों को जड़ से उखाड़ दिया जाए. केंद्र सरकार को यौन हिंसा के खिलाफ एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की जरूरत है, ताकि सबकी सहमति से एक कठोर कानून बने और महिला विरोधी मानसिकता बदलने का अभियान चले. निर्भया कांड के बाद बना कानून भी हिंसा रोकने में कारगर नहीं हुआ है और विशाखा कानून के बाद भी कार्य स्थल पर यौन हिंसा जारी है. देश में यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम अस्तित्व में आया. दरअसल, महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ही विशाखा दिशा-निर्देशों के विस्तार के रूप में इसे अधिनियमित किया गया. पिछले साल सुप्रीम अदालत ने इस अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में गंभीर खामियों की ओर इशारा किया था. महिला पहलवानों ने यौन हिंसा के खिलाफ आंदोलन कर खेल की दुनिया में पितृसत्ता के प्रभावों और सामंती मिजाज बेपर्द कर दिया. हेमा कमेटी ने चमकती फिल्मी दुनिया के सच उजागर किया है. मलयाली फिल्म इंडस्ट्री के अलावे भी यौन हिंसा की दर्दनाक घटनाएं होती हैं. समय आ गया है कि महिलाओं को पूरी आजादी,सम्मान और सुरक्षा के साथ जिंदगी जीने का माहौल निर्मित किया जाए. फिल्म इंडस्ट्री को लेकर आए दिन भाई-भतीजावाद और कास्टिंग काउच से लेकर महिलाओं के शोषण तक के आरोप अक्सर लगते रहते हैं. फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं की एंट्री और उनके काम को लेकर कहा जाता है कि इसे कुछ पुरुष निर्माता, निर्देशक और अभिनेता नियंत्रित करते हैं. वही तय करते हैं कि किसे काम दिया जाए और किसे नहीं. कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां इंडस्ट्री के कुछ लोग ही कलाकारों के पीछे पड़ कर उनका करियर तबाह कर देते हैं. हेमा कमेटी की रिपोर्ट इसे ही पुष्ट करती है.

> दरअसल, महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ही विशाखा दिशा-निर्देशों के विस्तार के रूप में इसे अधिनियमित किया गया.

### सुभाषित

**उपार्जितानां वित्तानां त्याग एव हि रक्षणम् ।**
**तडागोदरसंस्थानां परीवाह इवाम्भसाम् ।।**

कमाए हुए धन का त्याग करने से ही उसका रक्षण होता है. जैसे तालाब का पानी बहते रहने से साफ रहता है. संत कवि कबीरदास ने कहा है, जो जल बाढ़े नाव में घर में बाढ़े दाम, दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम. यानी नाव में पानी बढ़ जाये और घर में धन बढ़ जाये तो दोनों हाथों से उसे उलीच देना चाहिए.

# कमल खिला पाएंगे क्या चम्पाई!

**सरमा के बयान से इंडिया ब्लॉक को यह कहने का मौका मिल गया कि चाहे जिन परिस्थितियों में चम्पाई को मुख्यमंत्री जैसा महिमा मंडित पद दिया गया लेकिन वे भाजपा की गोद में खेलने लगे. ताजा हालात में भाजपा के पास उनके सहित बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा और वर्तमान में ओडिशा के गवर्नर रघुवर दास जैसे पांच पूर्व मुख्यमंत्रियों की फौज है. राज्य की अबतक की 13 सरकारों में सात जन मुख्यमंत्री रह चुके हैं. इनमें दो शिबू सोरेन और उनके पुत्र हेमंत सोरेन इंडिया ब्लॉक के पाले में हैं.**



**• देश-काल**



**श्याम किशोर चौबे**

दस दिनों तक इधर-उधर की बातें करते-करते अंततः चम्पाई सोरेन ने 30 अगस्त को 'कमल' थाम लिया. हाल-हाल तक झामुमो के विधायक रह चुके लोबिन हेम्ब्रम यह इरादा पहले ही जता चुके थे. 17 अगस्त को चम्पाई से मंत्रणा के बाद उन्होंने जो कुछ कहा था, वही सच निकला. 26 अगस्त को अमित शाह और नरेंद्र मोदी से भेंट के बाद चम्पाई ने 27 को घोषणा कर दी थी कि वे अपने बेटे बाबूलाल सोरेन संग भाजपा में चले जाएंगे. देखनेवाली बात होगी कि भाजपा बाप-बेटा दोनों को किस रूप में एडजस्ट करती है. उनकी घोषणा के पहले ही भाजपा के झारखंड चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने यह कहकर इंडिया ब्लॉक के लिए एक राजनीतिक मसाला दे दिया था कि चम्पाई 5-6 महीनों से उनके सम्पर्क में थे. जैसा कि आमतौर पर होता है, एक दल छोड़ते समय नेतागण अपना दर्द और अगले दल के प्रति प्रतिबद्धता बयान करते हैं, चम्पाई ने भी वही किया. उनका दर्द यही है कि हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को जेल जाते समय उनको मुख्यमंत्री बनवाया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद उचित मान-सम्मान नहीं दिया. एक तरह से तिरस्कारपूर्वक गद्दी से उतार दिया. सरमा के बयान से इंडिया ब्लॉक को यह कहने का मौका मिल गया कि चाहे जिन परिस्थितियों में चम्पाई को मुख्यमंत्री जैसा महिमा मंडित पद दिया गया, लेकिन वे भाजपा की गोद में खेलने लगे. ताजा हालात में भाजपा के पास उनके सहित बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा और वर्तमान में ओडिशा के गवर्नर रघुवर दास जैसे पांच पूर्व मुख्यमंत्रियों की फौज है. राज्य की अबतक की 13 सरकारों में सात जन मुख्यमंत्री रह चुके हैं. इनमें दो शिबू सोरेन और उनके पुत्र हेमंत सोरेन इंडिया ब्लॉक के पाले में हैं. देखने में तो ऐसा लगता है कि अब भाजपा की बल्ले-बल्ले हो गई. क्या सचमुच ऐसा ही होगा? यह तो अगले कुछ महीनों में होने वाला चुनाव ही बताएगा. हाल ही संपन्न लोकसभा चुनाव का परिणाम कुछ और कह रहा है. आज की तारीख में भाजपा देश की बेशक सबसे बड़ी पार्टी है और उसके पास नेताओं की लंबी लाइन है, लेकिन क्षेत्र के स्तर पर सबकी अपनी-अपनी महत्वाकांक्षाएं होती हैं. आठ-साढ़े आठ महीने पहले की ही तो बात है, मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद जब शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया था, तब उनकी प्रतिक्रिया गौर करने लायक थी. फिलहाल वे केंद्र में मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी हैं. झारखंड में भाजपा के बड़े नेताओं की महत्वाकांक्षाओं का टकराव होगा कि नहीं, यह देखनेवाली बात होगी.

चम्पाई प्रकरण कई सवाल खड़े करता है. खासकर क्षेत्रीय दल घर-परिवार के नेतृत्व तक ही क्यों सिमटे रहते हैं? बिहार में जीतनराम मांझी उदाहरण बने थे और अब झामुमो में चम्पाई उदाहरण बन गये. जीतनराम ने अपना दल बना लिया, जबकि चम्पाई भाजपा से जा मिले. दूसरी बात यह कि भाजपा जिस प्रकार उनको उत्कृष्ट मुख्यमंत्री बता रही थी, क्या मौका लगते ही उनको सीएम बनाएगी? तीसरी और अधिक महत्वपूर्ण बात यह कि नई परिस्थितियों में क्या भाजपा राज्य की आदिवासी सीटों पर 2019 के महागठबंधन की नाई एक तरफा जीत हासिल करेगी या कम से कम आधी भी सीटों पर कब्जा जमा पाएगी? अभी बहुत समय है, चुनाव आते-आते न जाने कितने महानुभावों का हृदय परिवर्तन होगा और न जाने कितने समीकरण बनेंगे-बिगड़ेंगे. झामुमो सहित इंडिया ब्लॉक भले ही कह रहा है कि कुछ नेताओं के हट जाने से फर्क नहीं पड़ने वाला, लेकिन फर्क तो पड़ता है. कभी वह नकारात्मक हो जाता है, कभी सकारात्मक. लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की गीता कोड़ा और झामुमो की सीता सोरेन भाजपा संग हो गईं, लेकिन दोनों हार गईं. भाजपा से जेपी पटेल कांग्रेस में आ गए, लेकिन उनका भी वही हश्र हुआ. अधिकतर दलबदलुओं पर अवाम भरोसा नहीं करता. हालांकि हिमंता बिस्वा सरमा कांग्रेस से भाजपा में आने के बाद सितारा बन गये हैं. झारखंड में 32 जनजातियां रहती हैं, उनका मनोभाव समझना आसान नहीं है, जबकि वे बहुत स्पष्ट समझ रखती हैं. उनकी टेक छुड़ाना मुश्किल होता है. झारखंड की राजनीति में जनजातियों की अहम भूमिका है. वे सरकार बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण रोल अदा करती हैं. उनके लिए सुरक्षित 28 सीटें अक्सर सरकार का समीकरण गढ़ती हैं. चम्पाई पर बिना विशेष टीका-टिप्पणी के चुनावी मोड में आते हुए राज्य की हेमंत सरकार ने लोक लुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी है. दो सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली के बाद 21 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं के लिए मंइयां सम्मान योजना और अब आयकर के दायरे से बाहर के परिवारों का बकाया बिजली बिल माफ जैसी घोषणा आम वोटरों को प्रभावित नहीं करेगी, ऐसा कैसे कहा जा सकता है? प्रतिपक्ष की भूमिका में भाजपा और उसके संग-संग आजसू सरकार को सवालों से घेरने की जुगत में हैं. उधर जदयू, हम और लोजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव में अपनी-अपनी सीटें गिनाकर भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है. झामुमो और कांग्रेस को भी ऐसे ही सवालों से दो-चार होना पड़ेगा, क्योंकि राजद और वामदलों ने अपना-अपना दावा ठोंका है. आयातित नेताओं के संग-संग दोनों गठबंधनों के पार्टनरों का एडजस्टमेंट बड़ी चुनौती होगी. इसके बाद वोटरों का मन-मिजाज किधर मुड़ता है, यही सबसे अधिक मायने रखेगा. चम्पाई हों कि लोबिन या कोई और, सभी इसी दायरे में बंधे हैं. 2014 और 2019 में वोटरों ने अलग-अलग गठबंधनों को पूरा मौका देकर समझदारी दिखायी, लेकिन नेताओं की महत्वाकांक्षाएं उम्मीदों पर पानी फेर रही हैं.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**• बोधि-वृक्ष** | ओशो



## देह और आत्मा के बीच संबंध

ज्ञानी जब देखता है तो देह दिखाई ही नहीं पड़ती, अज्ञानी जब देखता है तो आत्मा का कोई पता नहीं चलता. अज्ञानी के देखने का ढंग ऐसा है कि देह ही पकड़ में आती है, और ज्ञानी के देखने का ढंग ऐसा है कि आत्मा ही पकड़ में आती है. ज्ञानी को देह दिखाई पड़नी असंभव है, अज्ञानी को आत्मा दिखाई पड़नी असंभव है. इसीलिए तो शंकर जैसे मनीषी कह सके कि जगत मिथ्या है, है ही नहीं. और बृहस्पति जैसे पदार्थवादी कह सके कि आत्मा-परमात्मा सब असत्य हैं, केवल पदार्थ है. इन दोनों में कोई विरोध नहीं है, क्योंकि इन दोनों में कहीं कोई मिलन ही नहीं होता. ये दो अलग ढंग से देखे गए वक्तव्य हैं. जीवन को देखने की व्यवस्था ही दोनों की अलग है. जहां से शंकर देखते हैं, वहा जगत दिखाई नहीं पड़ता, जहां से चार्वाक देखता है, वहा से जगत ही दिखाई पड़ता है. यह दृष्टि-भेद है. यह वक्तव्य बिलकुल अलग-अलग देखे गए लोगों के वक्तव्य हैं, जिनके देखने का ढंग अलग है. जैसे समझें कि अगर सुगंध ही आपकी परख का ढंग हो, अगर नाक ही सिर्फ आपके पास हो और गंध से ही आप पता लगाते हों. बहुत से पशु-पक्षी हैं, बहुत से कीड़े-मकोड़े हैं, जो गंध से ही जीते हैं, गंध के ही आधार पर चलते हैं, गंध ही उनकी आंख है, गंध ही उनका मार्ग खोजने का ढंग है. ऐसे कीड़े-मकोड़ों को, जो गंध से ही चलते हैं, संगीत का कोई भी पता नहीं चलेगा, क्योंकि गंध से संगीत को जांचने का कोई उपाय नहीं है. संगीत में कोई गंध होती ही नहीं. अच्छा संगीत हो तो सुगंध नहीं होती और बुरा संगीत हो तो दुर्गंध नहीं होती, गंध का ध्वनि से कोई लेना-देना नहीं है. जिसके पास जांचने की व्यवस्था गंध की हो, वह ध्वनि से अपरिचित रह जाएगा, उसके लिए ध्वनि है ही नहीं. हमारे लिए वही है जगत में, जिसको जांचने का हमारे पास उपाय है. ध्यान रहे, हमारे पास पांच इंद्रियां हैं. इसलिए हमें पांच महाभूत का पता चलता है. अगर दस इंद्रियां हों तो दस महाभूतों का पता चलेगा. आदमी से नीचे पशु हैं, जिनके पास चार इंद्रियां हैं, तीन इंद्रियां हैं, दो इंद्रियां हैं, तो जितनी उनकी इंद्रियां हैं, उतना ही उनका जगत है. जिस पशु के पास कान नहीं हैं, और सब है, उसके लिए ध्वनि का कोई अस्तित्व ही नहीं है. इसलिए नहीं कि ध्वनि नहीं है, लेकिन ध्वनि को पकड़ने का उपाय न हो तो आपके लिए तो ध्वनि नहीं हो जाती है, यह जगत शून्य है ध्वनि से. कान नहीं हैं तो जगत में कोई ध्वनि नहीं है. आंख नहीं है तो जगत में कोई प्रकाश नहीं है. तो आप किस माध्यम से खोजने चलते हैं, वही आपको मिलता है.

# बेतुके बयानों का सिलसिला कब थमेगा!

**• राजनीति**

**विश्वनाथ सचदेव**

> निकट भविष्य में ही हरियाणा में होने वाले चुनाव को देखते हुए भाजपा की यह सफाई ज़रूरी थी. इस स्पष्टीकरण से नुकसान की कितनी भरपाई हुई है यह तो आने वाला कल ही बतायेगा, पर यह सारा प्रसंग इस बात का एक और उदाहरण है कि हमारा राजनीतिक नेतृत्व सुर्खियां बटोरने और राजनीतिक लाभ उठाने के लिए, कभी भी, कुछ भी कह सकता है!

टीवी पर एक कार्यक्रम आया करता है 'आपकी अदालत'. इस अदालत के 'वकील' से किसी ने पूछा था, 'अभिनेता अच्छे नेता होते हैं या नेता अच्छे अभिनेता', तो 'वकील साहब' को यह कहने में तनिक भी देरी नहीं लगी कि नेता अच्छे अभिनेता होते हैं! और इस उत्तर पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजायी थीं– अर्थात श्रोता भी यह जानते-मानते थे कि हमारे नेता अच्छे अभिनेता हैं! नेता-अभिनेता वाला यह प्रसंग आज अचानक तब याद आ गया जब एक नयी-नयी नेता बनी अभिनेत्री को किसान-आंदोलन के संदर्भ में यह कहते सुना कि हमारे देश में भी बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था. उसी सांस में उस नेता-अभिनेता ने यह भी कह दिया कि साल भर से अधिक समय तक चलने वाले उस आंदोलन में 'लाशें लटकी हुई थीं और बलात्कार हो रहे थे.' यह सही है कि उस आंदोलन के दौरान अनेक किसानों की मृत्यु हुई थी, पर उसे 'लाशें लटकना' कहना क्या माने रखता है, यह बात शायद उस अभिनेता को समझ नहीं आयी थी, और फिर किसान आंदोलन के दौरान दुराचार की बात करने से कितना राजनीतिक नुकसान हो सकता है, यह भी उस अभिनेत्री की समझ से परे की बात थी. यह नेता-अभिनेता भाजपा की सांसद हैं, और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस नुकसान को समझ रहा था. उसने तत्काल इस नए नेता को चुप रहने का आदेश दिया. स्पष्ट कह दिया गया कि यह नयी बनी नेता अपने मन की बात कह रही थी और पार्टी की ओर से नीति-विषयक बयान देने का उसे कोई अधिकार नहीं है. निकट भविष्य में ही हरियाणा में होने वाले चुनाव को देखते हुए भाजपा की यह सफाई ज़रूरी थी. इस स्पष्टीकरण से नुकसान की कितनी भरपाई हुई है यह तो आने वाला कल ही बतायेगा, पर यह सारा प्रसंग इस बात का एक और उदाहरण है कि हमारा राजनीतिक नेतृत्व सुर्खियां बटोरने और राजनीतिक लाभ उठाने के लिए, कभी भी, कुछ भी कह सकता है! ऐसे अवसर पर बड़ी आसानी से राजनीतिक नेतृत्व यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता है कि यह कथित नेता का निजी बयान है. सवाल उठता है, इस तरह की निजी राय रखने वाले व्यक्ति को राजनीतिक पार्टियां तरजीह ही क्यों देती हैं? किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य होने का सबसे महत्वपूर्ण मतलब यह होता है कि व्यक्ति पार्टी की रीति-नीति में विश्वास रखता है. उसका आचरण इसी विश्वास के अनुरूप होना चाहिए. लेकिन, दुर्भाग्य से, हमारे देश में नीतियों के आधार पर राजनीतिक दलों का बनना और चलना अब कतई आवश्यक नहीं रहा! रीतियों-नीतियों को लेकर दावे ज़रूर किए जाते हैं, पर व्यवहार में ऐसा कुछ दिखाई नहीं देता. यदि ऐसा न होता तो नेताओं का आये दिन दल बदलना हमारी राजनीति का हिस्सा नहीं बनता. न किसी व्यक्ति को दल बदलते हुए कोई शर्म आती और न ही किसी दल को किसी ऐसे व्यक्ति को अपने साथ जोड़ने में कोई संकोच होता है, जिसे वह कल तक भ्रष्ट, अपराधी और न जाने क्या-क्या कहकर दुत्कारा करता था. मतदाता किसी उम्मीदवार को वोट देते समय जिन दो बातों का मुख्य रूप से ख्याल रखता है, उनमें पहली व्यक्ति की वैयक्तिक ईमानदारी है और दूसरी उसके दल की रीति-नीति. दुर्भाग्य से, अब हमारी राजनीति में इन दोनों बातों का कोई महत्व नहीं रह गया है-महत्व सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ साधने का है. सामान्य व्यवहार में भी सामान्य जन इस बात का ध्यान रखता है कि 'चार लोग क्या कहेंगे?' पर हमारे राजनेताओं को कुछ भी कहने-करने में संकोच नहीं होता. किसी ने भाजपा की उस नेत्री से यह नहीं पूछा कि उसने हत्याओं और बलात्कारों वाली बात किस आधार पर कही थी? और अब भी उसने अपनी उस आपराधिक गलतबयानी पर क्षमा क्यों नहीं मांगी? वस्तुतः जुमलेबाजी हमारी राजनीति का एक ज़रूरी हिस्सा बन गयी है. राजनेता और राजनीतिक दल इस जुमलेबाजी को अपना अचूक हथियार मान कर चलते हैं. राजनीतिक स्वार्थ का साधना ही एकमात्र कसौटी है जिस पर वे अपने कहे-किये को नापते हैं! कौन भूल सकता है कि सत्तारूढ़ पार्टी के सर्वोच्च नेताओं में से एक ने बड़ी आसानी से प्रधानमंत्री की 15 लाख रुपये वाली बात को चुनावी जुमला कहकर पीछा छुड़ा लिया था. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को महान घोषित करने वाले को कभी मन से न माफ कर पाने की बात भी हमारे प्रधानमंत्री ने ही कही थी- फिर उसी व्यक्ति को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# अफीम से अधिक घातक मोबाइल का नशा

**• मनोविज्ञान**

**रेनू गहलोत रॉय**

> उनको इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि उनकी इमेज पर इसका क्या असर हो रहा है. उनके रिश्तों पर इसका क्या असर पड़ रहा है. उनके बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है. सोशल मीडिया और मोबाइल का नशा अफीम जैसे नशीले पदार्थों से भी अधिक घातक साबित होने लगा है. बच्चों से लेकर युवा पीढ़ी तक इसकी चपेट में आते जा रहे हैं.

आजकल महिलाओं और युवा पीढ़ी में मोबाइल का नशा इस कदर बढ़ गया है कि उनके रिश्तों और अन्य कार्यकलापों पर उनका गहरा असर देखा जा रहा है. हाल ही में मेरे पास एक युगल आया. उनका विवाह सात महीने पहले ही हुआ था, लेकिन वैवाहिक संबंध अच्छे नहीं थे. कुछ महीनों में ही वे एक-दूजे से अलग होने के कगार पर पहुंच गए थे. जब उनसे बात की गई तो पता चला कि उनके बीच मतभेद का कारण मोबाइल ही बना हुआ है. वे एक दूसरे के मोबाइल का उपयोग करने के व्यवहार को लेकर बहुत परेशान थे. वे एक दूसरे पर विश्वास नहीं कर पा रहे थे. मोबाइल की अत्यधिक लत ने उनके रिश्तों में दरार पैदा कर दी थी. आजकल देखा जा रहा है कि महिलाएं सोशल मीडिया पर हाइलाइट होने के लिए तरह-तरह के रील, वीडियो कुछ ज्यादा ही बनाने लगी हैं. उनको इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि उनकी इमेज पर इसका क्या असर हो रहा है. उनके रिश्तों पर इसका क्या असर पड़ रहा है. उनके बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है. सोशल मीडिया और मोबाइल का नशा अफीम जैसे नशीले पदार्थों से भी अधिक घातक साबित होने लगा है. बच्चों से लेकर युवा पीढ़ी तक इसकी चपेट में आते जा रहे हैं. इसका व्यापक प्रभाव लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी देखा जा रहा है. रिश्तों में दरार, कार्य शैली पर प्रभाव, समय का बोध न होना, आत्मविश्वास की कमी, चिंता, अवसाद, तनाव, बाध्यता विकार, गुस्सा, बेचैनी, चिड़चिड़ापन. इस तरह की अनेक मनोवैज्ञानिक समस्याएं लोगों में देखी जा रही हैं तो वहीं, एक ही जगह पर एक ही अवस्था में बहुत देर तक बैठे रहने के कारण शरीर में अकड़न, दर्द, मांसपेशियों में दर्द, नींद की कमी, सिर में दर्द, आंखों में दर्द, आंखों में जलन, आंखों में सूखापन, जैसी शारीरिक समस्याओं का जन्म हो रहा है. आजकल की लड़कियों और महिलाओं में विशेष कर देखा जा रहा है कि वे किसी भी अवसर को नहीं छोड़ना चाहतीं. चाहे वे रास्ते में, बस में, मेट्रो में, ट्रेन में, स्टेशन पर, एयरपोर्ट में हों या रेस्टोरेंट में, रील और वीडियो बनाने में लग जाती हैं. उसके बाद उनका समय इस बात में नष्ट होता है कि उसको कैसे एडिट करना है और कहां-कहां उसकी पोस्टिंग करनी है. जब तक यह कार्य पूर्ण नहीं होता उनके अंदर एक बेचैनी-सी बनी रहती है. मोबाइल के नशे के कारण कई जान लेवा घटनाएं भी घटित हुई हैं, जिससे हम अनजान नहीं हैं. आजकल बहुत अधिक चिंता, तनाव, बेचैनी, ओवरथिंकिंग और नींद की कमी जैसे मामले देखे जा रहे हैं, जिनका मुख्य कारण मोबाइल का अत्यधिक उपयोग ही है. कभी-कभी हम कार्य की व्यस्तता के कारण बहुत ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताते हैं, जो कई प्रकार की मनोवैज्ञानिक समस्याओं को जन्म देता है. आज की युवा पीढ़ी विशेष कर महिलाएं, जो घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं, उनके लिए आसानी से उपलब्ध मनोरंजन के साधन में एक मोबाइल ही सामने नजर आता है. मैंने दोपहर के समय लगभग 20 घरों में दौरा किया और पाया कि हर महिला के हाथों में मोबाइल था. वह मोबाइल की क्रियाकलापों में ही व्यस्त थी, जो कि उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक हानिकारक है. यदि अभी भी सतर्क नहीं होते हैं तो आने वाले समय में बहुत गंभीर मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. आपको कुछ देर मोबाइल से अलग रहना पड़े तो आपको बेचैनी होने लगती है. हमेशा यह लगा रहता है कि कुछ मैसेज आया है या नोटिफिकेशन आया है, आपको चेक करना है. सुबह उठते ही सबसे पहले आप अपना मोबाइल चेक करते हैं. यदि आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो इसका मतलब है कि आप कहीं न कहीं स्क्रीन की लत यानी मोबाइल की लत के आदी हो चुके हैं. अभी आपको इसके गंभीर परिणामों से बचने के लिए सतर्क हो जाने की अत्यंत आवश्यकता है. यदि अनावश्यक उपयोग आप कर रहे हैं तो न करें. यदि आप चाहते हैं कि शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रहें तो मोबाइल की लत से दूर रहने की कोशिश करें. अनावश्यक उपयोग बंद करें. समय का सदुपयोग करना सीखें. अपनी प्रतिभा को अच्छे कार्यों में व्यतीत करें. लोगों की सहायता करें. महिलाएं अपने खाली समय को परिवार और बच्चों के साथ व्यतीत करने की कोशिश करें. इससे उनके आत्मीय संबंध, आपसी संबंध बहुत मजबूत होंगे और परिवार में खुशहाली बनी रहेगी.

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**मीडिया में अन्यत्र**

# पाकिस्तान में बलूचिस्तान का संघर्ष

**पाकिस्तानी** सुरक्षा बलों द्वारा पोषित तालिबान के अगस्त 2021 में काबुल पर दोबारा कब्जा करने के बाद से, पाकिस्तान में, खासकर अफगानिस्तान से लगे उसके बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा सूबों में, आतंकवादी हमलों में उछाल देखा गया है. अकेले 2023 में, 650 से ज्यादा हमले दर्ज किये गये, जिनमें से 23 फीसदी बलूचिस्तान में हुए, जो क्षेत्रफल के आधार पर पाकिस्तान का सबसे बड़ा सूबा और अलगाववादी विद्रोह की नर्सरी है. लेकिन इसी नयी सामान्य स्थिति में भी, सोमवार बलूचिस्तान और पाकिस्तान के लिए सबसे खूनी दिनों में से एक था. वर्ष 2006 में पाकिस्तानी सेना द्वारा मारे गये बलूच राष्ट्रवादी नवाब अकबर बुगती की मौत की 18वीं बरसी पर, अलगाववादियों ने सूबे में समन्वित हमले किये. बलूच लिबरेशन आर्मी ने कई मौतों के लिए जिम्मेदारी ली है. सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, अलगाववादियों ने बुनियादी ढांचे को क्षतिग्रस्त किया और पंजाब के कई प्रवासी मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया. बलूचिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में हमले होना इस विद्रोह की बढ़ती पहुंच और क्षमता को दिखाता है. बुगती की मौत की बरसी पर अतीत में भी हिंसक घटनाएं हुई हैं, लेकिन 26 अगस्त को पाकिस्तान की सैन्य और खुफिया सेवाएं हक्का-बक्का रह गयीं.ऐतिहासिक तौर पर, पाकिस्तान ने बलूच समस्या के प्रति बेरहम, सैन्य दृष्टिकोण अपनाया है. प्राकृतिक संसाधनों की अपनी दौलत के बावजूद, बलूचिस्तान देश का सबसे गरीब क्षेत्र है. पाकिस्तान ने इस सूबे की ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा की है. दूसरी तरफ पंजाब राष्ट्रीय राजनीति में रसूखदार और आर्थिक रूप से समृद्ध बना. इसने बलूच समुदाय के कई तबकों के भीतर पंजाब-विरोधी रुझानों को जन्म दिया. जीने के लिए बुरे हालात के साथ-साथ, इसका भी इस्तेमाल अपने मकसद के लिए समर्थन जुटाने में अलगाववादियों ने किया. स्थानीय अर्थव्यवस्था को बिना कोई फायदा पहुंचाये संसाधनों के "दोहन के लिए" वे संघीय सरकार पर अक्सर हमले करते हैं. सूबे से गुजरने वाले 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे' को बलूच अलगाववादियों ने इस शोषण की एक मिसाल बताया है. पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान बलूचिस्तान में नागरिक अधिकार आंदोलनों के साथ संवाद बना पाने में भी विफल रहा है. ऐसा ही एक आंदोलन 'बलूच यकजेहती कमेटी' है, जिसने सूबे में बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों के हनन की ओर संघीय प्राधिकारियों का ध्यान खींचने के लिए इस साल इस्लामाबाद और बलूच शहरों में कई धरने आयोजित किये.



**(द हिंदू)**

**शब्द चर्चा** — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## सैंकड़ा/ सैकड़ा

**सौ** के लिए हिंदी में जो शब्द है, उसे लिखते हुए अक्सर हमसब संदेह में आ जाते हैं कि अनुस्वार लगेगा या नहीं. यानी सौ के लिए हम 'सैंकड़ा' लिखें या 'सैकड़ा'. इंटरनेट पर या अखबारों में 'सैंकड़ा' और 'सैकड़ा' दोनों रूप छपे दिखते हैं. अमूमन जो लोग शब्दों के प्रति सचेत होते हैं या संपादन के प्रति सजग होते हैं, वे ऐसी उलझन से निबटने के लिए शब्द ही बदल देते हैं. 'सैंकड़ा' या 'सैकड़ा' के चक्कर में उलझते ही नहीं. उसकी जगह वाक्य के मुताबिक सौ, शतक, हंड्रेड या सेंचुरी लगाकर काम चला लेते हैं. ऐसे में आदर्श स्थिति यह होती है कि हम शब्दकोश पलट लें. शब्दकोश पलटने की आदत हमसब की छूटती गई है. यह तो तय है कि शब्दकोश पलटें या मानकीकरण का ध्यान रखें, मगर भाषा में एकरूपता कभी नहीं आएगी. शब्दों की इस चर्चा का मकसद भाषा में एकरूपता लाने का आग्रह कतई नहीं. इस कॉलम का मकसद बस उन शब्दों की ओर ध्यान दिलाना है, जिन्हें लेकर हमारे भीतर उहापोह की स्थिति बनी रहती है कि ऐसे लिखें या वैसे लिखें. हिंदी की खूबी यह है कि वह जैसी बोली जाती है, वैसे ही लिखी भी जाती है. अपने स्कूली दिनों में मैं 'शिख्नात' बोला करता था, जाहिर है लिखता भी यही रहा होऊंगा. बाद में मुझे ध्यान दिलाया गया कि यह शब्द 'शिनाख्त' है. तब से मैंने 'शिनाख्त' की पहचान कर ली. इसलिए अगर हम उच्चारण दोष के शिकार हैं तो गलत बोलेंगे और उसके मुताबिक गलत ही लिखेंगे.सौ के लिए लिखे जाने वाले 'सैंकड़ा/सैकड़ा' को लेकर मेरे भीतर भी संदेह बना रहता था. इस कॉलम के चक्कर में मैंने शब्दकोश पलटा. कालिका प्रसाद, राजवल्लभ सहाय और मुकुंदीलाल श्रीवास्तव द्वारा संपादित ज्ञानमंडल का 'बृहत् हिन्दी कोश' के मुताबिक, सही रूप 'सैकड़ा' है. इस शब्द के 'सै' अक्षर में अनुस्वार नहीं लगेगा.

# नहीं दिखती दहेज में सिलाई मशीन

**• तीर-तुक्का**

**वीर विनोद छाबड़ा**



कभी दहेज में जरूरी आईटम हुआ करता थी सिलाई मशीन. लड़की सर्वगुण-संपन्न भी तभी कहलाती थी ,जब सिलाई-कढ़ाई में निपुण हो. आड़े वक्त में सिलना-पिरोना बहुत काम आता था. इसकी शुरुआत हमेशा सुई के नाके से तागा निकालने से होती थी. अब यह संयोग है कि सिखाया बड़ी बहन को जा रहा था और सीख हम पहले गए. हमें याद है कि ब्लैक एंड व्हाईट इरा की हर दूसरी-तीसरी फ़िल्म में हीरो ने अमीर हीरोइन को यही कह कर पटाया- मेरी तो बड़ी दुःख भरी कहानी है. हमारा बचपन था तब जब पिता जी ट्रक तले आ कर गुजर गए. मां ने आजू-बाजू वालों के कपड़े सिल कर पढ़ाया-लिखाया और बड़ा किया.

उस दौर में लेडीज टेलर भी पूरे शहर में एकाध ही हुआ करती थी. लाटसाहबों की मेमें जाया करती थीं वहां. लेकिन आज हर गली-नुक्कड़ पर जेंट्स से ज्यादा लेडीज टेलर हैं. वह बात दूसरी है कि ज्यादातर लेडीज टेलर जेंट्स ही हैं और रिटेल जेंट्स टेलर को तो रेडीमेड बिजनेस ने चौपट कर दिया है. आज की मां को हमने कहते हुए सुना है-कोई जरूरत नहीं दहेज में सिलाई मशीन देने की. मेरी बेटी को कोई दरजी का काम तो करना नहीं है ससुराल जाकर? ठीक ही तो कहती है. बाहर जाकर नौकरी करेगी तो टाइम ही कहां मिलेगा? और फिर क्या सिलाई-कढ़ाई का ठेका ले रखा है लेडीज ने? यों उषा नाम की सिलाई मशीन है हमारे घर में, लेकिन अब छोटे-मोटे काम ही होते हैं. मेजर काम तो बुटीक सेंटर और लेडीज टेलर ही करते हैं. जब होश संभाला था तो सिंगर सिलाई मशीन देखी थी घर में. हमारी मां तो हफ़्ते में एक दिन जरूर मशीन पर बैठती थी. जेंट्स की पैंट कमीज छोड़ हर तरह की सिलाई की नंबर वन एक्सपर्ट. अपनी मां की लाड़ली हुआ करती थी वह. हर काम सिखाया गया था उसे. हमारी शादी होने से पहले तक हमारे पायजामे और कच्छे मां ही सिला करती थी. हमने बचपन से लेकर बड़े होने तक मां को बड़े ध्यान से मशीन चलाते हुए देखा है. कुरेशिये से महीन बिनाई करते हुए भी हमने उसे देखा है. मां बीमार रहने लगी तो ऊपर छज्जे पर चढ़ा दी गयी मशीन. सालों पड़ी रही. जंग खा गयी. फिर मां गुजर गयी. एक दिन छज्जे की सफ़ाई हो रही थी. हम बड़ी उत्सुकता से तलाश रहे थे उस मशीन को. दिखी नहीं. हमने पत्नी से पूछा नहीं, लेकिन हम समझ गए कि उसका हश्र क्या हुआ होगा. हम साइट से ही हट गए. जब तक वह सिलाई मशीन चलती रही, उसकी ओवरहॉलिंग का काम भी हमारे ज़िम्मे रहा. बचपन में जब हम यह काम कर रहे होते थे तो मां बड़े लाड़ से कहती थी कि बेटा बड़ा होकर इंजीनियर बनेगा, लेकिन हम लेडीज टेलर बनने की सोच रहे होते थे. इस धुन में हमने एकलव्य बन कर छोटी-मोटी सिलाई सीख ली. कई बार उधड़ी और फटी कमीज सिली. थोड़ी-बहुत रफ़ूगिरी भी आ गयी. कमीज के बटन टांकना तो बायें हाथ का काम था. यह टांकने का काम तो हम आज भी कर लेते हैं. लेकिन प्रॉब्लम यह है कि जगह पर न सुई मिलती है और न मुनीम का तागा. चूंकि मार्किट में रेपुटेशन बहुत अच्छी है, इसलिए आस-पास के दरजी खड़े-खड़े बटन तो फ्री में टांक ही देते हैं.

# बायोस्कोप

*राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं. अपने हर किरदार से फैंस के दिल में अमिट छाप बना दी है. बी टाउन के बेहतरीन एक्टर्स में उनका नाम शरीक है. 31 अगस्त को गुरुग्राम के एक छोटे कस्बे में जन्में राजकुमार राव ने अपने टैलेंट के दम पर आज वह मुकाम हासिल किया है जहां तक पहुंचना आसान कतई नहीं कहा जा सकता. जन्मदिन के मौके पर आइए, राजकुमार राव के जिंदगी के विविध रंगों, उनके संघर्षों से हों वाकिफ...*




## ठंड की लंबी रात और पांच रुपए की पार्ले जी

बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के मुंबई में अपनी पहचान बनाना आसान नहीं था. मुंबई में स्ट्रगल के दिनों में कई बार खाने के पैसे तक नहीं होते. वे और उनके दोस्त भूख को कम से कम पैसों में खत्म करने की जुगत ढूंढते थे. भूली नहीं जा सकती ठंड की एक रात जब दिन भर कुछ नहीं खाया था और रात में पांच रुपए की एक पार्ले जी खा कर खाने की खुराक पूरी करने की कोशिश की थी. उन्हें हर महीने अपनी जररूत के लिए 15-20 हजार रुपये चाहिए होते थे. उन्होंने बताया था कि एक बार तो उनके खाते में सिर्फ 18 रुपये ही थे और उनके दोस्त के पास भी मात्र 23 रुपये थे.

### नहीं था प्लान बी

राजकुमार राव बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे और इसलिए ही उनके पास 'प्लान बी' जैसा कुछ नहीं था. राजकुमार राव का कोई फ़िल्मी बैकग्राउंड नहीं है. एक्टर ने इस इंटरव्यू में यह भी बताया था कि आउटसाइडर्स के लिए इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाना बेहद मुश्किल काम है. हां कुछ दोस्तों ने स्ट्रगल पीरियड में बहुत साथ दिया.

### आउडसाइडर होने का दर्द

राजकुमार राव ने एक इंटरव्यू में कहा था कि आउटसाइडर होने की वजह से इंडस्ट्री में उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा. उनसे फिल्में इसलिए छीन ली गईं कि उनके रोल बड़े एक्टर्स को चाहिए होते थे. शुरुआत में कई फिल्मों में उन्हें रिप्लेस किया गया था और वो सिर्फ इसलिए क्योंकि उनका रोल कोई अन्य बड़े एक्टर्स करना चाहते थे. तब वह सोचते थे कि अच्छा तो यहां ऐसा भी होता है! उन्होंने बताया कि वह गुड़गांव के एक छोटे से कस्बे से हैं इसलिए भी उनके साथ ऐसे होता था. उन्होंने कहा कि लोगों को लगता था कि ये किसी फिल्म में लीड एक्टर कैसे हो सकता है.

### मनोज बाजपेयी को देख एक्टर बनने का फैसला किया

नाटक करना और देखना तो उन्हें बचपन से अच्छा लगता था लेकिन उन्होंने एक्टिंग को कभी करियर ऑप्शन के तौर पर नहीं चुना था. मनोज बाजपेयी को जब पहली बार ऑन-स्क्रीन देखा तो उसी घड़ी दिल एक्टर बनने के लिए मचल गया और राजकुमार ने इस दिशा में कदम उठाया. उन्होंने 2008 में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से 2 साल का एक्टिंग कोर्स किया.

### दो साल तक नहीं दे पाए थे फीस

राजकुमार राव ने एक इंटरव्यू में बताया था कि पैसों की तंगी के चलते दो साल तक तो उनके टीचर ने उनकी फीस भरी थी. मुंबई में जब वह ऑडिशन के लिए जाया करते थे तो अपने दोस्त की बाइक लेकर जाते थे. मुफलिसी में करियर की शुरूआत करने वाले राजकुमार कहते हैं कि उस समय हमें बिल्कुल पता नहीं था कि कैसे दिखना है या क्या पहनना है. अपनी तरफ से राजकुमार ऑडिशन के लिए सिर्फ चेहरे पर गुलाब जल लगा लेते थे और सोचते थे कि इससे वो अच्छे नजर आ रहे हैं.

### 2014 में अपने नाम में राव जोड़ा

जन्म से राजकुमार का सरनेम यादव है. लेकिन 2014 में उन्होंने अपना सरनेम यादव से बदलकर राव कर लिया. साथ ही उन्होंने अपने नाम में एक और एम जोड़ लिया. किसी इंटरव्यू में इस बाबत खुलासा करते उन्होंने कहा था, मैं दोनों सरनेम में से किसी का भी इस्तेमाल कर सकता हूं क्योंकि दोनों पारिवारिक नाम हैं. जहां तक पहले नाम में दोहरे 'एम' का सवाल है, यह मेरी मां के लिए है जो अंक ज्योतिष में विश्वास करती हैं.

### ओटीटी गेम-चेंजर

ओटीटी को राजकुमार बहुत मजबूत मंच मानते हैं और कहते हैं कि यह एक समानांतर उद्योग के रूप में उभरा है. जिस तरह का कंटेंट वह बना रहा है, वह कमाल है. बकौल राजकुमार, मैं ऐसे कई प्रतिभाशाली अभिनेताओं को जानता हूं, जिन्हें पहले अच्छा काम नहीं मिल रहा था. लेकिन अब, वे इस मंच के माध्यम से दर्शकों से बहुत प्रसिद्धि और प्यार पा रहे हैं. जहां तक कंटेंट की बात है, ओटीटी निश्चित रूप से इसे सीमाओं से परे ले जा रहा है.

## धमाल मचा रही स्त्री, पार कर देगी 500 करोड़!

**पिछले दो हफ्ते से पंकज त्रिपाठी और राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रखी है और बहुत संभव है कि इस वीकएंड ये फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाए. ओवरसीज मार्केट में 98.75 करोड़ के साथ ये फिल्म वर्ल्डवाइड 600 करोड़ के क्लब में शामिल होने के लिए बिल्कुल तैयार है.**



### सब इसके पीछे

स्त्री टू की मजेदार कहानी लोगों को काफी पसंद आ रही है. आलम यह है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ और सिर्फ इस वक्त हॉरर कॉमेडी फिल्म राज कर रही है. 76 करोड़ से ओपनिंग करने वाली स्त्री 2 इंडिया और वर्ल्डवाइड अब तक कई रिकॉर्ड्स अपने नाम कर चुकी है. मूवी ने कमाई के मामले में खेल-खेल में और वेदा जैसी फिल्मों को ही पीछे नहीं छोड़ा है, बल्कि केजीएफ 2 से लेकर बाहुबली और पीके जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पीछे छोड़ दिया है.

### स्त्री 3 में ये सुपरस्टार बनेगा विलेन?

इस फिल्म में अक्षय कुमार की भी विशेष भूमिका थी जिसने पहले ही बता दिया था कि सरकटा आने वाला है. स्त्री 2 में मुख्य किरदार निभाने वाली भूमि राजगोर ने हाल ही में स्त्री 3 को लेकर बात की है. मीडिया से बात के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि ?मैं अभी तक निश्चित नहीं हूं, लेकिन देख रही हूं फिल्म के स्वागत के बाद, मुझे उम्मीद है कि स्त्री 3 आएगी तो मुझे स्वीकार करना होगा, मैं अक्षय कुमार के खिलाफ जाने से थोड़ा डरूंगी. आखिरकार वह एक मार्शल आर्ट विशेषज्ञ हैं !? विलेन को लेकर चर्चा इसके बाद अक्षय कुमार के फिल्म स्त्री 3 के विलेन को लेकर चर्चा शुरु हो गई है. हालांकि अक्षय कुमार इस फिल्म में एक विलेन के तौर पर नजर आएंगे या नहीं इसको लेकर किसी तरह का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है.

## 'होटल में बुलाया, ऑडिशन के बहाने उतरवा दिए बदन के कपड़े'

***मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में यौन शोषण के मामले इन दिनों सुर्खियों में हैं. इंडस्ट्री में महिलाओं को हो रही समस्याओं को लेकर बनी हेमा कमिटी की रिपोर्ट सामने आने के बाद, लगातार कई अदाकारा अपनी आप बीती बयां कर रही हैं. इसी कड़ी में एक कम उम्र अदाकारा ने मलयालम फिल्ममेकर रंजीत पर यौन शोषण का अरोप लगाते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की है.***

हेमा कमिटी की रिपोर्ट के बाद मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में शोषण के कई दबे-छिपे मामले अब रोज उजागर हो रहे हैं. इसी कड़ी में जो नया मामला सामने आया है वह मलयालम फिल्म मेकर रंजीत की मुश्किलें बढ़ाने वाला है. एक कम उम्र अदाकारा ने मेकर पर गंभीर आरोप लगाए हैं.

एक्टर ने आरोप लगाया है कि केरल के फिल्ममेकर रंजीत पर ने 2012 में उन्हें ऑडिशन के लिए, बैंगलोर के एक होटल में इनवाईट किया. डायरेक्टर ने उन्हें कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया और उनपर सेक्सुअल असॉल्ट किया. एक्टर ने ये भी कहा है कि उन्हें लगा ये सबकुछ फिल्म ऑडिशन का हिस्सा है. आरोपों में एक्टर ने कहा कि सेक्सुअल असॉल्ट के बाद अगली सुबह रंजीत ने उन्हें पैसे भी ऑफर किए. केरल पुलिस के अनुसार, एक्टर ने डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस को अपनी शिकायत दी है और एस.आई.टी. इस मामले की जांच में शामिल करने जा रही है.



### बंगाली एक्ट्रेस ने भी लगाया था आरोप

कुछ समय पहले एक बंगाली एक्ट्रेस ने भी रंजीत के खिलाफ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा था कि 2009 में एक फिल्म के ऑडिशन के दौरान रंजीत ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया. एक्ट्रेस के आरोपों के बाद, रंजीत ने केरल चलचित्र एकेडमी के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था.

## हजार सालों के इतिहास से रू-ब-रू कराती सिक्रेट्स आफ कोह-ए-नूर

हस्ताक्षर



**विनोद अनुपम**
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

**वैज्ञानिक चन्द्रसेखर वेंकट रमण ने कहा था, भारत की आजादी 'कोह-ए-नूर' के बिना अधूरी है. सदियों से भारत भूमि से दूर एक हीरा आखिर इतना महत्वपूर्ण क्यों है हमारे लिए. इसी को रेखांकित करती है, फिल्मकार नीरज पांडेय की डिस्कवरी प्लस पर दिखाई जा रही लगभग 45-45 मिनट की दो डाक्यूमेंट्री सीरीज, 'द सिक्रेट्स आफ कोह-ए-नूर'.**

यदि कोई विषय कुशल हाथों में हो तो डाक्यूमेंट्री जानकारी का जखीरा भर नहीं रहती, बल्कि हमारी भावनाओं से इमोशनली कनेक्ट भी हो सकती है. सिक्रेट्स आफ कोहेनूर ऐसी ही है. वाकई यह सीरिज डाक्यूमेंट्री के बारे में हमारे मन पर छाए भ्रम को दूर करती है. सीरीज अंत में कहती है, अब आप समझें, कोह-ए-नूर क्या है आपके लिए, सदियों की विरासत, गौरवशाली इतिहास, भारत की पहचान, बेशकीमती रत्न, अभिशप्त हीरा, चमकता पत्थर...लेकिन वे इस हिदायत के साथ हमें सोचने छोडते हैं, हमारी विरासत और इतिहास पर हमारी सोच मायने रखती है. वास्तव में सदियों से जिसतरह हमें अपने ही इतिहास और विरासत से दूर रखने की कोशिशें चलते रही, क्या आश्चर्य कि आज वह 'सेक्रेट्स' के रुप में हमारे सामने आ रही हैं.

### सहज संप्रेष्य

नीरज पांडेय और निर्देशक राघव मोहन जयरथ की टीम ने इसके पहले पुरातात्विक स्थल 'सिनौली' पर इसी तरह की सीरीज बना कर हमें अपनी विरासत पर गौरवान्वित होने का अवसर दिया था. 'कोह-ए-नूर' को भी उसी क्रम में देखा जाना चाहिए. वास्तव में इतिहास और विरासत मात्र जानकारियां भर नहीं होती, ये हजारों साल बाद भी हमारे आत्मविश्वास के लिए उत्प्रेरक की भूमिका निभाती हैं. यहां सूत्रधार की भूमिका में मनोज वाजपेई हैं, जो शब्दों को जीवंत करना जानते हैं. वे इतिहास की गूढता भी कथावाचक की सहजता से अभिव्यक्त करते हैं. निश्चित रुप से इसका श्रेय लेखक वैभव मुथा को भी दिया जाना चाहिए, जिन्होंने सैकडों साल पहले के इतिहास को समकालीन प्रसंगों से जोड सहज संप्रेष्य बना दिया है.




### जब खदान से निकला

नीरज पांडेय 'कोह-ए-नूर' की कथा शुरु से शुरु करते हैं, जब गोलकुंडा के खदान से दुनिया का यह नायाब खनिज टुकडा बाहर आया. इसे कातिकेय के राजा को भेंट किया गया. महाराज ने उस हीरे को राज्य की देवी भद्रकाली की मूर्ति की बायीं आंख में उसे जडवा दिया. बख्तियार खिलजी के आक्रमण में भद्रकाली का मंदिर भी टूटा और हीरा खिलजी के पास चला गया. खिलजी के बाद वह हीरा बाबर के अधिकार में आया, और यहां से हीरे का लिखित उल्लेख मिलता है. बाबरनामा में इसका बाबर का हीरा के रुप में उल्लेख है. इसकी कीमत की तुलना पूरे विश्व के सभी लोगों के लिए ढाई दिन के खाने से आंकी गई है.

**बाबरनामा में "कोह-ए-नूर" का बाबर का हीरा के रुप में उल्लेख है. इसकी कीमत की तुलना पूरे विश्व के सभी लोगों के लिए ढाई दिन के खाने से आंकी गई है.**

### ऐसे हुआ नामकरण

इस सीरीज में इस हीरे के नामकरण की दिलचस्प कहानी भी है, कि किस तरह समय और काल के थपेडों को झेलता यह नादिरशाह के हाथ में पहुंचा तो उसकी आंखें खुली रह गई, और उसके मुंह से निकला 'कोह-ए-नूर' पर्सियन में जिसका अर्थ है 'रोशनी का पहाड'. और फिर इस नाम के साथ यह इस तरह जुडा कि हजार सालों में 793 कैरेट से 105 केरेट तक पहुंचने के बावजूद 'कोह-ए-नूर', आज भी 'कोह-ए-नूर' ही है.

### इतिहास के क्षणों को किया जीवंत

वास्तव में कोह-ए-नूर के बहाने नीरज पांडेय लगभग हजार साल के इतिहास से रु ब रु होने का मौका देते हैं, फिल्म में पेंटिंग्स और स्केच के साथ सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह इतिहास के क्षणों को जीवंत करते लगते हैं, और समय में प्रवेश का अवसर देते हैं.

वास्तव में 'सिक्रेट्स आफ कोह-ए-नूर' इस धारणा को तोडती है कि डाक्यूमेंट्री में नीरस जानकारियां भर होती हैं, यहां जानकारियां भी हैं, विचार भी हैं, और किसी सफल कहानी की तरह बांधे रखने वाला क्लाइमेक्स भी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# सबसे कामयाब शूटर : तीन ओलंपिक मेडल जीत चुकी हैं अवनि लेखरा



- टोक्यो पैरालंपिक अवॉर्ड्स 2021 में बेस्ट फीमेल डेब्यू का खिताब मिला था
- इतिहास रचा : भारत की सबसे कामयाब शूटर भी बन गईं

**एजेंसी। पेरिस**

अवनि लेखरा ने पेरिस पैरालंपिक में फिर गोल्ड जीता. पिछली बार उन्होंने 10 मीटर एयर स्पर्धा एसएच-1 में गोल्ड मेडल जीतने के साथ-साथ 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किया था. यानी पिछली बार उन्होंने कुल दो मेडल जीते थे. उन्होंने इस प्रदर्शन को इस बार भी जारी रखा और भारत को 2024 पैरालंपिक का पहला गोल्ड मेडल जिताने का कारनामा किया. बता दें, पिछली बार उन्हें पैरालंपिक अवॉर्ड्स 2021 में बेस्ट फीमेल डेब्यू के खिताब से भी सम्मानित किया गया था.

**12 साल की उम्र में हुआ पैरालिसिस :** अवनि लेखरा राजस्थान के जयपुर की रहने वाली हैं. उनका पैरालंपिक तक का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं रहा है.

वर्ष 2012 में महज 12 साल की उम्र में अवनि लेखरा की जिंदगी उस समय बदल गई जब एक दुर्घटना के चलते उन्हें पैरालिसिस का शिकार होना पड़ा और चलने के लिए व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ गया. लेकिन अवनि ने हार नहीं मानी और आगे बढ़ने को ठान लिया। दुर्घटना के महज तीन साल बाद ही अवनी ने शूटिंग को अपनी जिंदगी बनाया और महज पांच साल के भीतर ही अवनी ने गोल्डन गर्ल का तमगा हासिल कर लिया.

उन्होंने स्वर्ण जीतकर इतिहास तो रचा ही, साथ ही भारत की सबसे कामयाब शूटर भी बन गईं. ओलंपिक हो या पैरालंपिक भारत की किसी महिला एथलीट ने दो स्वर्ण नहीं जीते हैं. अवनि के पिता प्रवीण बताते हैं कि दुर्घटना के बाद गुमसुम रहने लग गई थी. किसी से बात नहीं करती थी, पूरी तरह डिप्रेशन में चली गई थी. उन्होंने कहा कि भीषण दुर्घटना के कारण इसकी पीठ पूरी तरह काटनी पड़ी। इतनी कमजोर हो गई थी कि कुछ कर नहीं पाती थी. यहां तक की कोई हल्का सामान भी उठाना मुश्किल हो रहा था.

### पैरालिसिस के बाद काफी टूट गई थीं अवनि

अवनि के माता-पिता ने कहा कि 12 साल की उम्र में जब अवनि को पैरालिसिस हुआ तो वह काफी टूट गई थीं. उस समय सोचा की अवनी को किसी खेल से जोड़ा जाए और काफी सोच-विचार के बाद मैंने इसे शूटिंग में हाथ आजमाने को कहा. अवनि के पिता ने कहा कि शूटिंग में पहली बार तो इससे गन तक नहीं उठी थी, मगर आज इसकी वजह से टोक्यो पैरालिम्पिक के पोडियम पर राष्ट्रगान गूंजेगा. खेल के साथ ही अवनी पढ़ाई में भी काफी होशियार हैं. इसके साथ ही अन्य क्रियाकलाप में भी अवनी सबसे अव्वल रहती हैं. अवनि के पिता ने बताया कि दुर्घटना के बाद जब यह परेशान रहने लगी थी तब मन बहलाने के लिए इसे शूटिंग रेंज लेकर गया था. यहीं से अवनि में रुचि जगने लगी. अवनि ने शूटिंग को अपनी जिंदगी बना ली.

## ताइक्वांडो खिलाड़ी ने इतिहास रचा



**पेरिस।** अफगानिस्तान की जाकिया खुदादादी ने पेरिस पैरालंपिक में शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया. जाकिया ने गुरुवार को ताइक्वांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिंसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता. पेरिस के ग्रांड पैलेस में मुकाबले के खत्म होने के बाद जाकिया खुशी से झूम उठी और उन्होंने अपने हेलमेट को हवा में उछाल कर जश्न मनाया. जाकिया इस जीत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान भावुक हो गयीं. उन्होंने कहा, यह एक अविश्वसनीय पल है, जब मुझे एहसास हुआ कि मैंने कांस्य पदक जीत लिया है तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा. यहां तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा. यह पदक अफगानिस्तान की सभी महिलाओं और दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए है.

---

### यूएस ओपन : सिनर और स्वियातेक अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में

# ओसाका और अल्कराज हुए बाहर

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**





विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका और कार्लोस अल्कराज को बाहर का रास्ता देखना पड़ा. महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने जापान की क्वालीफायर एना शिबहारा को 6-0, 6-1 से हराया. यह मैच केवल 65 मिनट तक चला. सिनर ने पुरुष वर्ग के एकल मैच में एलेक्स मिशेलसन को एक घंटे, 39 मिनट में 6-4, 6-0, 6-2 से हराया. इटली के खिलाड़ी की इस सत्र में यह 50वीं जीत है. उनका अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ''कोनेल से होगा. लेकिन अल्कराज ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में चले आ रहे 15 मैचों के विजय अभियान को आगे नहीं बढ़ा सके. उन्हें दूसरे दौर में विश्व के 74वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी बोटिक वान डी ज़ैंडस्चुल्प से 6-1, 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा.

अल्कराज ने जून में फ्रेंच ओपन और जुलाई में विंबलडन जीता था. अमेरिकी ओपन में दो बार की चैंपियन ओसाका भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई. उन्होंने मैच के महत्वपूर्ण अवसरों पर फोरहैंड से गलतियां की और आखिर में उन्हें कैरोलिना मुचोवा ने 6-3, 7-6 (5) से हरा दिया. पांचवीं वरीयता प्राप्त और 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव और दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं. मिनौर का अगला मुकाबला डैन इवांस से होगा. महिला वर्ग में इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने कारोलिना प्लिस्कोवा के पांव की चोट के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला 30वीं वरीयता प्राप्त यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा. महिला वर्ग में जेसिका पेगुला, अन्ना कलिंस्काया, ल्यूडमिला सैमसोनोवा और डायना श्नाइडर भी तीसरे दौर में पहुंचने वाली खिलाड़ियों में शामिल हैं.

### बोपन्ना-एबडेन अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में



**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रॉबिन हास को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया. बोपन्ना और एबडेन ने गुरुवार रात को 64 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में 6-3, 7-5 से से जीत दर्ज की. भारत और ऑस्ट्रेलिया की यह जोड़ी पिछले तीन मैच में हार के बाद अमेरिकी ओपन में उतरी थी लेकिन यहां उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया. बोपन्ना और एबडेन को शुरू में संघर्ष करना पड़ा और तीसरे गेम में उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी. उन्होंने हालांकि जल्द ही वापसी कर दी तथा नीदरलैंड की जोड़ी की दो बार सर्विस तोड़कर लगातार चार गेम जीते. दूसरे सेट में भी उन्हें इसी तरह की चुनौती का सामना करना पड़ा. बोपन्ना और एबडेन शुरू में पीछे चल रहे थे लेकिन वे स्कोर 5-5 से बराबर करने में सफल रहे। इसके बाद उन्होंने नीदरलैंड की जोड़ी की एक बार और सर्विस तोड़कर मैच अपने नाम किया. मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन दूसरे दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया की गैरवरीय जोड़ी से भिड़ेंगे.

### आंद्रे अगासी आएंगे भारत, पिकलबॉल टूर को हरी झंडी दिखाएंगे



**नयी दिल्ली।** पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी 'पीडब्लूआर (पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग) डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग' का उद्घाटन करने के लिए अगले साल जनवरी में भारत आने वाले हैं. इस टूर्नामेंट का मकसद भारत में पिकलबॉल को लोकप्रिय बनाना है. पीडब्लूआर ने हाल ही में एक नयी रैंकिंग संरचना की शुरुआत की है और पीडब्लूआर डीयूपीआर (डायनामिक यूनिवर्सल पिकलबॉल रेटिंग) इंडियन टूर एंड लीग' का आयोजन इसी के मुताबिक होगा. आठ बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अगासी ने भारतीय प्रशंसकों को एक वीडियो संदेश में कहा, मैं भारत का दौरा करने और पिकलबॉल के प्रशंसकों को रोमांचित करने के लिए उत्साहित हूं. मैं 'पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग' का इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि यह इस देश में एक बड़ी सफलता होगी. अगासी ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार खिताब के साथ अमेरिकी ओपन को दो बार जबकि फ्रेंच और विंबलडन को एक-एक बार जीता है.

### प्रणवी अच्छी शुरुआत के बाद फिसलीं, दीक्षा संयुक्त 29वें स्थान पर

**डबलिन।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स पहले नौ होल में शानदार शुरुआत करने के बाद आखिरी नौ होल में तीन बोगी के कारण वुमेन आयरिश ओपन के शुरुआती दौर में पार 73 के कार्ड के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर है. हमवतन दीक्षा डागर ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखी और तीन बर्डी तथा दो बोगी की मदद से एक अंडर 72 का कार्ड खेला. वह संयुक्त 29वें स्थान पर है. प्रणवी ने 10वें होल से खेल शुरू करने के बाद 11वें, 12वें और 13वें होल में बर्डी लगाई. वह शुरुआती चार होल के बाद तीन अंडर के स्कोर के साथ शानदार स्थिति में थी. उन्होंने इसके बाद 15वें होल पर बोगी और 17वें होल पर बर्डी लगाई. वह इसके बाद चौथे, आठवें और नौवें होल में भी बर्डी कर बैठीं.

## भारत की पूजा सिंह नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ फाइनल में

**एजेंसी। लीमा (पेरू)**



भारत की पूजा सिंह ने यहां चल रही विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में महिलाओं की ऊंची कूद के क्वालिफिकेशन दौर में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ नौवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. हरियाणा के फतेहाबाद जिले की रहने वाले 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 1.83 मीटर की ऊंचाई पार करके गुरुवार देर रात क्वालीफिकेशन राउंड ग्रुप बी में दूसरा और कुल मिलाकर नौवां स्थान हासिल किया और 31 अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. पूजा ने पिछले साल कोरिया में एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप में बनाए गए 1.82 मीटर के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया. उन्होंने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था. ग्रुप ए से नौ और ग्रुप बी से तीन एथलीटों ने फाइनल में जगह बनाई.

## पाक-बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द

**एजेंसी। रावलपिंडी**



पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल लगातार बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण बिना टॉस हुए रद्द कर दिया गया. रावलपिंडी में पहला टेस्ट पाकिस्तान से 10 विकेट से जीतने के बाद बांग्लादेश दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है, जिससे खेल के सबसे लंबे प्रारूप में मेजबान टीम पर यह उसकी पहली जीत है. रावलपिंडी में गुरुवार की रात से कुछ बारिश हो रही थी, जिससे कवर लगे होने के बावजूद आउटफील्ड पर गड्ढे बन गए. बारिश तेज़ होने के कारण दोनों टीमें और मैच अधिकारी अपने होटल में ही रुके रहे और अंततः दिन के खेल को रद्द करना पड़ा. बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की सीरीज बराबर करने के लिए पाकिस्तान को दूसरा टेस्ट मैच जीतना जरूरी है. मौसम पूर्वानुमानों से पता चला है कि शनिवार और रविवार को रावलपिंडी में आसमान साफ रहेगा, लेकिन दूसरे टेस्ट मैच के आखिरी दो दिनों में फिर से छिटपुट बारिश और आंधी आएगी.

रावलपिंडी में दूसरा टेस्ट ड्रॉ रहने पर बांग्लादेश को पाकिस्तान पर पहली टेस्ट सीरीज में ऐतिहासिक जीत मिलेगी. दोनों टीमें 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग के निचले भाग में हैं, जिसमें बांग्लादेश सातवें नंबर पर और पाकिस्तान आठवें नंबर पर है, जो अंतिम स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज से ठीक ऊपर है. दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद से पाकिस्तान ने कोई घरेलू टेस्ट मैच नहीं जीता है. शान मसूद की अगुवाई वाली टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए अपनी 12 सदस्यीय टीम से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी को बाहर कर दिया है, जबकि तेज गेंदबाज मीर हमजा और लेग स्पिनर अबरार अहमद को शामिल किया है.

---

## ब्रीफ खबरें

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए गुरजोत सिंह का चयन

**मोहाली।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी (आरजीएचए) के खिलाड़ी गुरजोत सिंह का चयन आगामी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय राष्ट्रीय टीम में हुआ है, जो 8 सितंबर से 17 सितंबर तक हुलुनबुइर, चीन में आयोजित होगी. गुरजोत सीनियर राष्ट्रीय टीम में अपना डेब्यू करेंगे और वह टीम के इकलौते नए खिलाड़ी होंगे, जिसकी कप्तानी हरमनप्रीत सिंह करेंगे. 20 वर्षीय फॉरवर्ड गुरजोत सिंह, जो जालंधर के नकोदर से आते हैं, जुलाई 2021 से आरजीएचए में प्रशिक्षण ले रहे हैं. वह उस भारतीय टीम का हिस्सा थे.

### शर्मा व चौहान संयुक्त 30वें स्थान पर

**विशॉ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और ओम प्रकाश चौहान ने बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दौर में एक अंडर 71 का समान स्कोर बनाया जिससे दोनों संयुक्त 30वें स्थान पर हैं. शर्मा और चौहान दोनों ने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं. इंग्लैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम नौ होल में पांच अंडर पार का स्कोर बनाकर फ्रांस के जियोंग वेन के साथ बढ़त हासिल की. इन दोनों ने पहले दौर में समान 67 का कार्ड खेला, जिससे वे दक्षिण अफ्रीका के थ्रिस्टन लॉरेंस और स्पेन के जॉर्ज कैंपिलो से एक स्ट्रोक आगे हैं. लॉरेंस और कैंपिलो चार अंडर के साथ तीसरे स्थान पर हैं.

## गांधीनगर में नया तैराकी केंद्र शुरू करने की घोषणा

- साई और ग्लेनमार्क एक्वाटिक फाउंडेशन के बीच समझौता

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और ग्लेनमार्क एक्वाटिक फाउंडेशन (जीएएफ) ने शुक्रवार को गांधीनगर के प्रतिष्ठित नेताजी सुभाष वेस्टर्न सेंटर में तैराकी प्रशिक्षण के लिए अपना संयुक्त केंद्र खोलने की घोषणा की. दोनों संस्थानों ने इस संबंध में गुरुवार को दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे. यह तैराकी केंद्र मुख्य रूप से छह से 14 वर्ष की आयु के बीच के तैराकों को तैयार करने पर ध्यान देगा तथा इस केंद्र में उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं और विशेषज्ञ कोचिंग प्रदान करेगा. साई ने बयान में कहा, भारतीय खेल प्राधिकरण को देश भर में तैराकी प्रतिभाओं को विकसित करने के हमारे मिशन में ग्लेनमार्क एक्वाटिक फाउंडेशन के साथ एक बार फिर साझेदारी करने पर गर्व है. बयान में कहा गया है, गांधीनगर में यह नया केंद्र युवा खिलाड़ियों को सुविधा मिलेगी.

### वीर अहलावत इंडोनेशिया ओपन में 10वें स्थान पर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने सप्ताह की अच्छी शुरुआत करते हुए 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार-अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर हैं. अहलावत ने पांच बर्डी और एक बोगी की. वह शीर्ष पर काबिज आरोन विल्किन से छह शॉट पीछे हैं. विल्किन ने 10-अंडर 61 का स्कोर करके यहां नया रिकॉर्ड बनाया. भारतीय खिलाड़ियों में अहलावत के बाद सप्तक तलवार, वरुण चोपड़ा और खलिन जोशी का नंबर आता है जिन्होंने समान 69 का स्कोर किया.

### कुश्ती के विकास को बढ़ावा देने के लिए किया गया एमओयू

## आईआईएस ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के साथ समझौता किया

**भाषा। नयी दिल्ली**



इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) ने भारत में कुश्ती को विकसित करने के इस खेल की वैश्विक नियामक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं. समझौता ज्ञापन को पेरिस के एफिल टावर के पास एक नाव पर स्थित यूडब्ल्यूडब्ल्यू के आतिथ्य स्थल, रेसलिंग हाउस में औपचारिक रूप दिया गया.

समझौते का उद्देश्य विभिन्न पारस्परिक रूप से लाभप्रद कार्यक्रमों, पहलों, परियोजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से भारत में कुश्ती के विकास के लिए एक सहयोगी ढांचा स्थापित करना है. आईआईएस के संस्थापक पार्थ जिंदल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके रोमांचित हैं. इसका उद्देश्य खेल में भारत की प्रगति को आगे बढ़ाना है. भारत ने ऐतिहासिक रूप से दुनिया भर में कुछ बेहतरीन पहलवान पैदा किए हैं और यूडब्ल्यूडब्ल्यू का समर्थन हमारे कार्यक्रमों को अगले स्तर तक ले जाएगा. आईआईएस से जुड़े चार खिलाड़ियों ने ओलंपिक पदक जीते है और इसमें दो कुश्ती में आये हैं. यह खेल हमारे कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है. हमारा ध्यान अब एलए (लॉस एंजिल्स) 2028 और ब्रिस्बेन 2032 पर केंद्रित है.

**खास बातें**

- संस्थान ने भारत में कुश्ती के विकास में महती भूमिका निभाई
- आईआईएस से प्रशिक्षण लेकर कई रेसलर ओलंपिक में गए

### ऐलान — ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य लगातार छठे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है

## फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित

**एजेंसी। सिडनी**



ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए सॉकरोस के तीसरे दौर के क्वालीफाइंग मैचों के लिए 24 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की. कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने बहरीन और इंडोनेशिया के खिलाफ सितंबर के विश्व कप क्वालीफायर के लिए एक विस्तारित टीम की घोषणा की, जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं. 5 सितंबर को गोल्ड कोस्ट में बहरीन और 10 सितंबर को जकार्ता में इंडोनेशिया के खिलाफ मैच 2026 विश्व कप के लिए एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में सॉकरोस के लिए पहला मैच होगा. क्रेग गुडविन ने पसली की चोट से वापसी की है जिसके कारण वह जून में बांग्लादेश और फलस्तीन के खिलाफ जीत से बाहर हो गए थे. 32 वर्षीय अल वेहदा विंगर ने दो बार स्कोर किया था और सऊदी प्रो लीग सीज़न के पहले दो मैचों में सहायता प्रदान की थी. कप्तान और पहली पसंद के गोलकीपर मैट रयान, जिन्होंने जुलाई में इतालवी टीम रोमा के साथ अनुबंध किया था, जून में आराम करने के बाद टीम में लौट आए. डिफेंडर लुईस मिलर और मिडफील्डर एडेन ओ''नील (दोनों यूरोप में रहते हैं) को चोट के कारण जून के मुकाबलों से चूकने के बाद चुना गया है. 18 वर्षीय उभरते सितारे नेस्टोरी इरनकुंडा ने बायर्न म्यूनिख के साथ मध्य सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान लगी चोट पर काबू पा लिया है और उन्हें टीम में शामिल किया गया है. अर्नोल्ड ने एक बयान में कहा कि सॉकरोस के लिए तीसरे दौर के क्वालीफाइंग चरण की जोरदार शुरुआत करना बेहद महत्वपूर्ण था. उन्होंने कहा, तीसरे दौर की शुरुआत में दो सकारात्मक नतीजे न केवल समूह के भीतर विश्वास पैदा करते हैं बल्कि हमें बड़ी गति देते हैं क्योंकि हम लगातार तीन विंडो में आगे बढ़ते हैं. हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है जो पहले क्वालीफिकेशन के इस चरण से गुजर चुके हैं और हमारी टीम के कुछ युवा सदस्यों के लिए नेतृत्व कर सकते हैं, उनका अनुभव इस पूरी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. बहरीन और इंडोनेशिया के अलावा, एएफसी तीसरे दौर के क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में सॉकरोस को चीन, जापान और सऊदी अरब के खिलाफ रखा गया है. समूह की शीर्ष दो टीमें 2026 विश्व कप के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई कर लेंगी, जबकि तीसरी और चौथी रैंकिंग वाली टीमें क्वालीफाइंग के चौथे दौर में पहुंचेंगी. ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य लगातार छठे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है.

## टी20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ देगी सोफी डिवाइन

**भाषा। क्राइस्टचर्च**



न्यूजीलैंड की स्टार ऑल राउंडर सोफी डिवाइन अक्टूबर में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टी20 टीम की कप्तानी छोड़ देंगी. यह 34 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि न्यूजीलैंड की वनडे टीम का नेतृत्व करना जारी रखेगी. डिवाइन ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से वह न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम का अभिन्न अंग हैं. उन्होंने अभी तक 135 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3268 रन बनाए हैं. उन्होंने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 56 मैच में टीम का नेतृत्व किया है. उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड ने 25 मैच जीते जबकि 28 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा. डिवाइन ने एक बयान में कहा, मुझे दोनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड की कप्तानी करने का सौभाग्य मिलने पर बहुत गर्व है. टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद मेरी जिम्मेदारी कुछ कम हो जाएगी. इससे मैं अपनी भूमिका निभाने और भविष्य के कप्तान तैयार करने पर अधिक ध्यान दे सकती हूं. यह ऑलराउंडर न्यूजीलैंड की तरफ से सीमित ओवरों के दोनों प्रारूप में खेलना जारी रखेगी.

▼ ब्रीफ खबरें

## 80 भूमिहीन परिवारों को वासभूमि का पर्चा मिला

**प. चंपारण।** जिला के बगहा अनुमंडल क्षेत्र के 80 भूमिहीन व्यक्तियों को आज अभियान बसेरा-2 अंतर्गत 5-5 डिसमिल वासभूमि पर्चा का वितरण का कार्यक्रम अनुमंडल सभागार बगहा में संपन्न हुआ. पर्चा वितरण कार्यक्रम में वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार विधायक, वाल्मीकिनगर धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह विधान पार्षद भीष्म सहनी जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय सम्मिलित हुए और भूमिहीन व्यक्तियों को पर्चा सौंपा. विभाग के अभियान बसेरा-2 के तहत पर्चा दिया गया.

## पुलिस ने एक को स्मैक के साथ किया गिरफ्तार

**कटिहार।** जिले में दो लाख रुपये की लेनदेन के विवाद को लेकर नगर थाना क्षेत्र के डीएस कॉलेज में विशाल झा पर चली गोली के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. 28 अगस्त को देर रात नगर थाना क्षेत्र के डीएस कॉलेज में विशाल झा को गोली मारकर घायल कर दिया गया था, पुलिस इस मामले में कार्रवाई करते हुए अमन साह को गिरफ्तार कर लिया है. अमन साह के पास से 50 ग्राम स्मैक भी बरामद हुआ है. सदर डीएसपी ने बताया कि घायल विशाल झा के बयान के आधार पर अमन साह को गिरफ्तार किया गया है जबकि इस मामले में एक और आरोपी श्याम गाबा फरार है.

## मुंगेर में दो दिन में दो दुष्कर्म की वारदात

**मुंगेर।** धरहरा थाना क्षेत्र में लगातार हुए दो दुष्कर्म की घटना ने मुंगेर पुलिस को सकते में ला दिया. जहां एक और एक 40 वर्षीय महिला के साथ रेप की घटना घटी तो दूसरी तरफ एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार की वारदात हुई. जानकारी के अनुसार धरहरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि एक 40 वर्षीय विधवा महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश मे आया. बताया जाता है उक्त महिला घर में सोई हुई थी कि तभी गांव पडोस़ के ही युवक ने बलपूर्वक उक्त महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया.

### हॉकी इंडिया और बिहार सरकार के सहयोग से होगा आयोजन

# 11 से 20 नवंबर तक राजगीर में होगी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

**संवाददाता। नालंदा**

राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय में 11 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा. यह आयोजन हॉकी इंडिया और बिहार सरकार के सहयोग से होगा. इसमें डिफेंडिंग चैंपियन भारत के अलावा, ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भाग लेने की उम्मीद है. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मैं 8वें महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए बिहार सरकार का समर्थन प्रदान करने के लिए बहुत खुश हूं. हम इस



आयोजन को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने जताई खुशी.

प्रतिष्ठित आयोजन में भाग लेने वाली अंतरराष्ट्रीय टीमों का स्वागत करते हैं. हम आशा करते हैं कि इस आयोजन के लिए यात्रा करने वाली हॉकी टीमों, अधिकारियों और हॉकी प्रेमियों को हमारे लोगों का आतिथ्य पसंद आएगा, हम इस आयोजन को एक भव्य सफलता बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. मेजबान राष्ट्र की घोषणा करते हुए, एशियन हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष डेटो फुमियो ओगुरा ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 8वां महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी भारत में आयोजित किया जाएगा. मुझे विश्वास है कि राजगीर, बिहार में आयोजित यह आयोजन झारखंड में आयोजित पिछले संस्करण की तरह ही एक बड़ी सफलता होगी.

बिहार सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया बिहार में प्रतिष्ठित महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित है. यह हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि यह पहली बार है कि बिहार में कोई अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है. हम एशियन हॉकी फेडरेशन और बिहार सरकार के अविश्वसनीय अवसर और समर्थन के लिए आभारी हैं. हॉकी प्रेमियों की भावनाओं को प्रतिध्वनित करते हुए, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, यह भारतीय महिला हॉकी के लिए एक महान क्षण है कि लगातार दूसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी भारत में आयोजित की जा रही है. हमने पिछले साल रांची में एक बहुत ही यादगार आयोजन किया था और हम बिहार में भी एक भव्य आयोजन सुनिश्चित करेंगे. हॉकी इंडिया देश भर में महिला हॉकी के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहा है और हम मानते हैं कि बिहार में इस स्तर का आयोजन करने से बच्चों को खेल के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी.

## कोलकाता कांड के लिए अक्षरा सिंह ने गाया गाना...कब तक चुप रहेंगे

**संवाददाता। पटना**



भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह ने कोलकाता के जेएस कर हॉस्पिटल की डॉक्टर को न्याय दिलाने के उद्देश्य से अपना नया गाना कब तक चुप रहेंगे...रिलीज किया है, जो रिलीज के साथ ही वायरल हो गया. इस गाने को अक्षरा सिंह ने अपनी आवाज दी है, जबकि गीतकार मनोज मतलबी ने इसे लिखा है. संगीतकार घुंघरू जी द्वारा तैयार किए गए इस गाने का म्यूजिक प्रोग्रामिंग छोटू रावत ने किया है. यह गाना अक्षरा सिंह के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है.

गाने में अक्षरा सिंह ने समाज में व्याप्त अन्याय और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है. यह गाना एक ऐसे समय में आया है, जब समाज में महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की मांग के लिए आवाजें उठ रही हैं. गाने के बोल और उसकी भावनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है, जिससे यह गाना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने बताया कि कब तक चुप रहेंगे... गाना महिलाओं को न्याय दिलाने और समाज को जागरूक करने की दिशा में एक प्रयास है.

### जन सुराज पार्टी की घोषणा : प्राइवेट स्कूल में पढ़ेंगे 15 साल से कम उम्र बच्चे

# सरकार में आए तो दो हजार मासिक वृद्धापेंशन देंगे : पीके

**संवाददाता। पटना**

चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद उनके दल की सरकार बनेगी तो 15 साल से कम के बच्चों की पूरी पढ़ाई का खर्च जिसमें उनकी किताबें से लेकर विद्यालय के कपड़े सब कुछ बिहार के बच्चों के लिए मुफ्त कर दी जाएगी. इसके साथ ही यह व्यवस्था केवल सरकारी स्कूलों में ही नहीं बल्कि सभी प्राइवेट स्कूलों में भी लागू होगी. प्राइवेट स्कूल में भी 15 वर्ष तक के बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार देगी, ऐसी व्यवस्था हम करेंगे. इस तरह की व्यवस्था पूरे देश के किसी भी राज्य में अभी तक नहीं है. उन्होंने यह भी बताया कि नीतीश सरकार पढ़ाई के नाम पर हर वर्ष 50 हजार करोड़ खर्च कर रही है, पर आप ही बताइए कि उन 50 हजार करोड़ से क्या 50 बच्चे भी पढ़े हैं? लेकिन हमारा यह संकल्प है की हम इन्हीं 50 हजार करोड़ को सही तरीके से खर्च करके आपके बच्चों को



घोषणा करते जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर.

अच्छी गुणवत्ता की पढ़ाई कराएंगे ताकि 15 वर्ष के बाद वह सरकार और व्यवस्था पर बोझ नहीं बने.

इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने वृद्ध पेंशन को लेकर भी बड़ा ऐलान किया. बिहार के गांवों में अकेले जीवन-यापन कर रहे हमारे बुजुर्गों लेकर कहा कि जन सुराज अगले वर्ष के अंत से यह सुनिश्चित करेगा कि हर महिला-पुरुष, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, उन्हें कम से कम हर महीने 2000 रुपये की पेंशन मिले. मौजूदा वृद्धापेंशन की राशि को लेकर नीतीश कुमार पर भी तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि इस महंगाई के दौर में मात्र 400 रुपये देकर क्या वह आप पर कोई एहसान कर रहे है? इस महंगाई के दौर में मात्र 400 रुपये में अपना जीवन यापन करना नामुमकिन है.

## गीदड़ के हुंकार भरने से शेर नहीं डरा : मांझी

**संवाददाता। पटना**

केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला. सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में मांझी ने लिखा- ममता दीदी को आखिर भारतीयों से इतनी नफरत क्यों है? यह तो गर्व की बात है कि मां भारती का कोई सपूत इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल अध्यक्ष बना हो. बधाई हो जय शाह जी,आप देश की शान है. वैसे मैं दीदी को बता दूं कि गीदड़ के हुंकार भरने से शेर नहीं डरा करते.

### सिपाही भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गिरोह के रैकेट का खुलासा

# पुलिस ने सात लोगों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता। कटिहार**

सिपाही भर्ती परीक्षा में भी सॉल्वर गिरोह का रैकेट हावी होने का खुलासा हुआ है. कटिहार पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को हुए परीक्षा के बाद इस मामले मे सात लोगों को गिरफ्तार किया है. अनुमंडल डीएसपी अभिजीत कुमार ने इसका खुलासा करते हुए कहा कि हरिशंकर नायक परीक्षा केंद्र से अभिषेक कुमार के बदले चेतन कुमार को परीक्षा देते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया था. चेतन पुलिस को चकमा देकर सहायक थाना से फरार हो गया. चेतन के नेटवर्क को खंगालने के



दौरान कटिहार पुलिस को एक बड़ी उपलब्धि हाथ लगी. इसमें पूरा गिरोह का खुलासा हो गया. दरअसल चेतन जगदीशपुर भागलपुर के रहने वाले हैं और वो भागलपुर के संडीस कंपाउंड में सिपाही भर्ती को लेकर फिजिकल ट्रेनिंग क्लास चलता है, इसी दौरान वो अभ्यर्थियों के संपर्क में आया और बिहार पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर सेटर का काम करने लगा. गुरुवार को जब वह कटिहार में दूसरे के नाम पर परीक्षा देने आया था, तब पुलिस को उस पर शक हुआ और धीरे-धीरे पूरे मामले का खुलासा हो गया. इसके अलावा कोढ़ा थाना क्षेत्र के नवोदय विद्यालय परीक्षा केंद्र से भी तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था. कुल मिलाकर सिपाही भर्ती परीक्षा में गिरोह के साथ लोगों की गिरफ्तारी को अच्छा उपलब्धि कहा जा सकता है. गिरफ्तार आरोपी ने भी अपना गुनाह कबूल लिया है.

### बिहार में रूठा मॉनसून : अगस्त में बारिश को तरसे, सितंबर में आस नहीं...

# बेहद कमजोर पड़ गया है बिहार में मॉनसून

**संवाददाता। पटना**

भादो के पहले सप्ताह में मॉनसून बिहार से रूठा हुआ है. अगस्त बीतने को है और हाल ऐसा है कि लोग उमस भरी गर्मी से त्रस्त हैं. हालात यह है कि लोगों की तबीयत भी बिगड़ रही है. वहीं वातावरण में आद्रता बढ़ने से उमस वाली गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है. मौसम विभाग के अनुसार बिहार में मॉनसून बेहद कमजोर पड़ गया है और अगले छह दिन तक झमाझम बारिश की सूबे में उम्मीद नहीं है. इस वजह से कई जिलों के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. अगस्त के शुरुआत में बिहार के कुछ जिले झमाझम बारिश की बूंदों से भीगें लेकिन बाकी हिस्से में सामान्य से कम ही बारिश हुई. मौसम विभाग के अनुसार 30 अगस्त से लेकर सितंबर के 5 सितंबर तक सूबे के किसी भी जिले में भारी बारिश संभावना नहीं है. मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून की अक्षीय रेखा उत्तर पश्चिम झारखंड से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है. इसके प्रभाव से तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा. वहीं दक्षिणी इलाकों में तापमान में गिरावट होगी. हालांकि शुक्रवार से राज्य के तापमान में हल्की वृद्धि की संभावना बन रही है.

विभाग के अनुसार मध्य बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. पूर्व मध्य और उत्तर बंगाल की खाड़ी के समीप एक नया निम्न दबाव बनने की संभावना है. साथ ही दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश में भी एक चक्रवाती परिसंचरण फैला हुआ है.

## कारोबार

## यूरोप में मुद्रास्फीति घट कर 2.2 प्रतिशत पर आई

**फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)।** यूरो का उपयोग करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के 20 देशों में मुद्रास्फीति अगस्त में तेजी से गिरकर 2.2 प्रतिशत पर आ गई है. इससे यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के लिए ब्याज दरों में कटौती का रास्ता खुल गया है. ईसीबी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व वृद्धि और नौकरियों को समर्थन देने के लिए कर्ज की लागत कम करने की तैयारी कर रहे हैं. ईयू की सांख्यिकी एजेंसी 'यूरोस्टैट' के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त का आंकड़ा जुलाई के 2.6 प्रतिशत से कम है.

## सेबी ने 39 शेयर, सात का पंजीकरण रद्द किया

**नयी दिल्ली।** सेबी ने शुक्रवार को 39 शेयर ब्रोकर और सात जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद्द कर दिया. पंजीकरण अनिवार्यताएं पूरी करने में विफल रहने पर इन ब्रोकर का पंजीकरण रद्द किया गया है. नियामक ने उन 22 'डिपॉजिटरी' प्रतिभागियों का पंजीकरण भी रद्द कर दिया, जो अब किसी भी 'डिपॉजिटरी' से संबद्ध नहीं हैं. सेबी ने कहा, इन इकाइयों के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने का मुख्य कारण उन्हें 'डिपॉजिटरी' का भागीदार या मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज का सदस्य बने बिना अपने सेबी पंजीकरण का दुरुपयोग करने से रोकना है.

## कंपनियों को सहयोग करने जरूरत : गोयल

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को घरेलू कंपनियों से एक-दूसरे का समर्थन करने और सामान खरीदने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे उन्हें दीर्घावधि में लाभ होगा तथा वैश्विक महामारी जैसी किसी भी बाधा से सुरक्षा मिलेगी. उन्होंने भारतीय उद्योग जगत को देश में हाल ही में स्वीकृत 12 औद्योगिक शहरों (टाउनशिप) में कारोबारी अवसर तलाशने का सुझाव भी दिया, क्योंकि इससे विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा. विनिर्माण क्षेत्र 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. गोयल ने उद्योग जगत के लोगों को ऑनलाइन संबोधित किया.

### विस्तारा 11 नवंबर को अपने ब्रांड के तहत अंतिम उड़ान करेगी संचालित

# एयर इंडिया 12 नवंबर 2024 से परिचालन संभालेगी



**भाषा। नयी दिल्ली/मुंबई**

विमानन कंपनी विस्तारा अपने ब्रांड के तहत 11 नवंबर को अंतिम उड़ान का परिचालन करेगी. एयर इंडिया 12 नवंबर 2024 से परिचालन संभालेगी. सरकार ने एयर इंडिया-विस्तारा विलय के हिस्से के रूप में सिंगापुर एयरलाइंस द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अपनी मंजूरी दे दी है. विस्तारा, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम है. एयर इंडिया का स्वामित्व टाटा समूह के पास है. विस्तारा की ओर से शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तीन सितंबर 2024 से ग्राहक 12 नवंबर 2024 या उसके बाद की यात्रा के लिए विस्तारा की उड़ान की बुकिंग नहीं कर पाएंगे. इसके बाद, विस्तारा विमानों का परिचालन एयर इंडिया द्वारा किया जाएगा और इन विमानों द्वारा संचालित मार्गों के लिए बुकिंग एयर इंडिया की वेबसाइट पर पुनः निर्देशित की जाएगी. विज्ञप्ति में कहा, विस्तारा 11 नवंबर 2024 तक के लिए सामान्य रूप से बुकिंग लेना और उड़ानें संचालित करना जारी रखेगी. विस्तारा के एयर इंडिया के साथ प्रस्तावित विलय की घोषणा नवंबर 2022 में की गई थी. इस विलय के बाद सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी.

### विस्तारा के विमान और चालक दल के सदस्य 12 नवंबर को एयर इंडिया में शामिल होंगे

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कहा कि नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद विस्तारा के विमानों और चालक दल को एयर इंडिया में शामिल करने की तारीख 12 नवंबर तय की गई है. टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच संयुक्त उद्यम विस्तारा का एयर इंडिया में विलय हो रहा है. विलय के बाद सिंगापुर एयरलाइंस की इस एयरलाइन की टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी. सरकार ने विलय के हिस्से के रूप में सिंगापुर एयरलाइंस द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी दे दी है. विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि वे अब लंबी तथा जटिल विलय प्रक्रिया के अंतिम चरण में हैं. विलय की घोषणा नवंबर 2022 में की गई थी.

विस्तारा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने कहा कि इस विलय का मकसद यात्रियों को अधिक विकल्प मुहैया करना है, जिसमें बड़ा बेड़ा तथा व्यापक नेटवर्क शामिल है. साथ ही इससे समग्र यात्रा अनुभव बेहतर बनेगा. एयर इंडिया के सीईओ व प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने कहा, एयर इंडिया और विस्तारा के 'क्रॉस-फंक्शनल' दल कई महीनों से एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि विमान, उड़ान चालक दल और अन्य (ग्राउंड) सहकर्मियों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हमारे मूल्यवान ग्राहकों का नए एयर इंडिया में स्थानांतरण यथासंभव सहज हो सके. एयर इंडिया ने एक अलग विज्ञप्ति में, एयरलाइन में सिंगापुर एयरलाइंस द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी का स्वागत किया. इसमें कहा गया, यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो विस्तारा तथा एयर इंडिया के बीच विलय प्रक्रिया और एयर इंडिया समूह के व्यापक बदलाव को सुगम बनाती है.

## तमिलनाडु सरकार ने कंपनियों संग किया करार

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री एमके. स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान माइक्रोचिप, नोकिया और पेपाल सहित कई संभावित निवेशकों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए. 'गाइडेंस टीएन' ने मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री टीआरबी. राजा की उपस्थिति में माइक्रोचिप के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. माइक्रोचिप का प्रतिनिधित्व पैट्रिक जॉनसन और ब्रूस वेयर ने किया. इसके तहत सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना चेन्नई के सेम्मंचेरी में की जाएगी. इसकी लागत 250 करोड़ रुपये होगी.



मुंबई में आईकेईए आइकॉनिक इवेंट के दौरान तस्वीरें खिंचवाती हुईं अभिनेत्री करीना कपूर खान.

## ई-कॉमर्स बाजार 2028 तक 292 अरब डॉलर हो सकता है

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन और इंटरनेट की पहुंच बढ़ने के कारण ई-कॉमर्स बाजार 18.7 प्रतिशत की औसत दर से बढ़कर साल 2028 तक 292.3 अरब डॉलर पहुंच सकता है. जो इस साल के 147.3 अरब डॉलर की तुलना में दोगुना है. डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबल डाटा की नयी रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में ई-कॉमर्स भुगतान का भविष्य काफी अच्छा है. इसकी वजह देश में ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की संख्या में इजाफा होना है. साथ ही सरकार की पहल जैसे 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' से भी इस विकास को मदद मिल रही है. रिपोर्ट के अनुसार, देश में ई-कॉमर्स तेज गति से बढ़ रहा है. इस साल इसके 23.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है.

ग्लोबलडाटा के रवि शर्मा ने कहा कि देश में ई-कॉमर्स मार्केट में अपट्रेंड आने वाले कुछ वर्षों तक जारी रहने की उम्मीद है. इसकी वजह ऑनलाइन मार्केट की तरफ लोगों का अधिक रुझान, भुगतान इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार और वैकल्पिक भुगतान समाधानों की लोकप्रियता बढ़ना है. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 तक भारत में 95.4 करोड़ इंटरनेट सब्सक्राइबर्स थे.

### ग्लोबल फिनटेक फेस्ट | वित्तीय प्रौद्योगिकी से भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद मिलेगी

# 10 वर्षों में 31 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हुआ : पीएम

**भाषा। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत स्तर पर विभिन्न कदम उठा रही है. मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों में 31 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हुआ है. एंजल टैक्स को समाप्त करना भी इस क्षेत्र की वृद्धि की दिशा में एक कदम है. एंजल कर (30 प्रतिशत से अधिक की दर से आयकर) का मतलब वह आयकर है जो सरकार गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई गयी धनराशि पर लगाती है...यदि उनका मूल्यांकन कंपनी के उचित



बाजार मूल्य से अधिक है.

प्रधानमंत्री ने यहां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को संबोधित करते हुए नियामकों से साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा लोगों की डिजिटल समझ बढ़ाने के लिए और कदम उठाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा, 'वित्तीय सेवाओं के लोकतंत्रीकरण में वित्तीय प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि इससे भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद मिलेगी. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीयों द्वारा वित्तीय प्रौद्योगिकी को जितनी तेजी से तथा जिस व्यापक स्तर पर अपनाया गया है...दुनिया में कहीं ऐसा देखने को नहीं मिला. मोदी ने कहा कि भारत में वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र द्वारा लाया गया बदलाव केवल प्रौद्योगिकी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक प्रभाव दूरगामी है.

**फिनटेक स्टार्टअप में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई :** उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय प्रौद्योगिकी ने समानांतर अर्थव्यवस्था को चोट दी और यह वित्तीय सेवाओं के मोर्चे पर गांवों तथा शहरों के बीच की खाई को पाट रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने 31 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया है और फिनटेक' स्टार्टअप में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. उन्होंने कहा कि भारत में त्योहारों का मौसम है, अर्थव्यवस्था तथा बाजारों में भी उत्सव का माहौल है. उनका स्पष्ट इशारा मजबूत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि तथा पूंजी बाजार के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की ओर था. मोदी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया कि 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के तहत 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किये गये हैं.

## एमजी विंडसर में मिलेगा सबसे बड़ा ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले

**एजेंसी। गुरुग्राम**

जेएस डब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने जल्द लॉन्च होने वाले भारत के पहले इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल एमजी विंडसर का एक नया टीजर जारी किया है. इस नए वीडियो में विंडसर के 15.6 इंच के शानदार 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले' को दिखाया गया है. एमजी विंडसर का यह विशाल डिस्प्ले इस सेगमेंट में एक अलग बेंचमार्क स्थापित करता है. इस विशाल स्क्रीन साइज़ की मदद से यात्री आसानी से नेविगेट कर सकते हैं, एंटरटेनमेंट का मजा उठा सकते हैं, साथ ही आसानी से वाहन की सेटिंग को एडजस्ट कर सकते हैं. एमजी विंडसर की 15.6 इंच की टचस्क्रीन को आपके कार चलाने के अनुभव को नए सिरे से



परिभाषित करने के लिए डिजाइन किया गया है. यह कार खड़ी हो, तब यह टचस्क्रीन आपके कार में बैठने के अनुभव को और भी बेहतरीन बनाते हुए, इस कार को एक एंटरटेनमेंट, गेमिंग और लर्निंग हब में बदल देता है. 15.6 इंच का यह ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले केबिन को और भी खूबसूरत बनाते हुए कार को लग्जरी लुक प्रदान करता है, जिससे इसके साथ आपका हर सफर और भी मजेदार बन जाता है. कार की यह टचस्क्रीन विंडसर के खूबसूरत डिजाइन से पूरी तरह से मेल खाता है.

## न्यूज अपडेट

### 'इमरजेंसी' को बैन करने पर विचार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सिख समुदाय के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य में कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगी. रेड्डी सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने यह जानकारी दी. पूर्व पुलिस अधिकारी तेजदीप कौर मेनन के नेतृत्व में तेलंगाना सिख सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने यहां सचिवालय में शब्बीर से मुलाकात कर 'इमरजेंसी' के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया.

### सुखबीर को 'तनखैया' घोषित किया

**अमृतसर।** सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने शिअद के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को 2007 से 2017 तक उनकी पार्टी की सरकार द्वारा की गई 'गलतियों' के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी- 'तनखैया' करार दिया. जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि बादल जब उपमुख्यमंत्री और शिअद अध्यक्ष थे, तब उन्होंने ऐसे फैसले किए, जिनसे पार्टी प्रभावित हुई और सिखों के हितों को नुकसान पहुंचा.

### नोएडा में नकली आईएएस गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने खुद को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) का अधिकारी बताकर रौब झाड़ने के आरोप में शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसके पास भारतीय गुप्तचर एजेंसी (रॉ) का एक फर्जी आईकार्ड भी मिला है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के निवासी इंद्रनील रॉय (53) को सेक्टर-49 पुलिस थाना क्षेत्र के होशियापुर गांव से गिरफ्तार किया गया.

### वरिष्ठ भाजपा नेता का पार्टी से इस्तीफा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के सिलसिले में टिकट वितरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में एक और बगावत के तहत वरिष्ठ पार्टी नेता चंद्रमोहन शर्मा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की धमकी दी. भाजपा इस केंद्रशासित प्रदेश में टिकट वितरण को लेकर असंतोष से जूझ रही है. जम्मू क्षेत्र के कई जिलों में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं.

### कांग्रेस का 'राजभवन चलो' का आह्वान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने 31 अगस्त को 'राजभवन चलो' का आह्वान किया है और कहा है कि इसका उद्देश्य राज्यपाल थावरचंद गहलोत को इस बात से अवगत कराना है कि उन्होंने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण भूखंड आवंटन में कथित घोटाले के लिए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने के वास्ते अवैध आदेश जारी किया है. कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी जिला स्तर पर भी प्रदर्शन करेगी.

### गरीबों का मजाक है 'भारत डोजो यात्रा'

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने 'भारत डोजो यात्रा' को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह गरीबी से जूझ रहे लोगों के साथ एक 'मजाक' है और खेलों का राजनीतिकरण हानिकारक है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो साझा किया जो इस साल की शुरुआत में निकाली गई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समय का है. वीडियो में वह कई बच्चों के साथ मार्शल आर्ट की बारीकियां साझा करते नजर आ रहे हैं.

### एनएसए श्रीलंका के राष्ट्रपति से मिले

**कोलंबो।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और जारी द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग पर चर्चा की. डोभाल 'कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव' में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे. श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने कहा कि डोभाल ने आज सुबह राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से मुलाकात की. उन्होंने श्रीलंका और भारत के बीच जारी आर्थिक सहयोग पर चर्चा की.

### लाल सागर में तेल रिसाव का खतरा

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो फुटेज जारी किया, जिसमें उनके लड़ाके यूनान के झंडे वाले एक तेल टैंकर में घुसकर उसमें विस्फोटक रखते दिखाई दे रहे हैं. इस टैंकर में हुए विस्फोटों से लाल सागर में बड़े पैमाने पर तेल रिसाव का खतरा पैदा हो गया है. हूती विद्रोहियों के हमलों के बाद चालक दल के सदस्य पोत छोड़कर चले गए थे. वीडियो में दिख रहा है कि हूती विद्रोही अपना आदर्श वाक्य गा रहे हैं- 'अल्लाह सबसे महान है अमेरिका मुर्दाबाद, इजराइल मुर्दाबाद, यहूदियों को श्राप मिले, इस्लाम की जय हो.'

### टोक्यो के आसपास हुई भारी बारिश

**टोक्यो।** जापान के अधिकतर हिस्सों में धीमी गति से आगे बढ़ रहे ऊष्णकटिबंधीय तूफान का व्यापक असर देखने को मिल रहा है जिसके कारण टोक्यो के आसपास भारी बारिश हुई और दक्षिणी जापान में सड़कें तथा नदी के किनारे के इलाके जलमग्न हो गए. टोक्यो के पश्चिम में कानागावा प्रांत के कई क्षेत्रों में बाढ़ की सूचना है, जहां सड़कें अवरुद्ध हो गईं, यातायात बाधित हो गया. टोक्यो, कानागावा और निकटवर्ती शिजुओका प्रांत में भारी बारिश तथा भूस्खलन के खतरे की चेतावनी जारी की गई है.

**हेमा समिति** की रिपोर्ट पर हंगामा जारी, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता कोच्चि और कोल्लम में सड़कों पर उतरीं

# सरकार पर आरोपियों को बचाने के आरोप के बीच आक्रोश बढ़ा

एजेंसी। कोच्चि/तिरूवनंतपुरम

मलयालम फिल्म उद्योग की कई महिला कलाकारों द्वारा यौन शोषण के बारे में चौंकाने वाले बयान दिए जाने पर शुक्रवार को केरल में विरोध प्रदर्शन हुए वहीं विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने माकपा नीत सरकार पर बलात्कार के आरोपी अभिनेता-नेता मुकेश सहित विभिन्न दोषियों को बचाने का आरोप लगाया. महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोच्चि और कोल्लम में सड़कों पर उतरकर माकपा विधायक मुकेश के इस्तीफे और न्यायमूर्ति हेमा समिति के समक्ष मलयालम फिल्म उद्योग की महिला कलाकारों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न आरोपों की गहन जांच की मांग की. कोच्चि में प्रदर्शनकारियों ने यौन उत्पीड़न के आरोपियों मुकेश, सिद्दीकी और रंजीत के पुतलों की झाड़ू से पिटायी कर अपने गुस्सा का इजहार किया. कोल्लम में मुकेश के आवास के बाहर विरोध मार्च निकाला गया सतीशन ने आरोप लगाया कि मलयालम फिल्म उद्योग से जुड़े मामले के आरोपियों को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन नीत माकपा के अंदर के एक "समूह" द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है. माकपा नेता वृंदा करात और भाकपा के बिनॉय विश्वम जैसे वाम नेताओं ने भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.



### अभिनेता जयसूर्या पर दूसरा केस दर्ज हुआ

इसी बीच, केरल पुलिस ने यौन उत्पीड़न के आरोप में मलयालम फिल्म अभिनेता जयसूर्या के खिलाफ 48 घंटे के भीतर दूसरा मामला दर्ज किया है. यह मामला एक अभिनेत्री द्वारा ताजा शिकायत दर्ज कराकर जयसूर्या पर यौन दुराचार का आरोप लगाए जाने के बाद दर्ज किया गया है. जयसूर्या के खिलाफ इससे पहले 28 अगस्त को यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था. पुलिस ने बताया कि जयसूर्या के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना या आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत नयी प्राथमिकी बृहस्पतिवार को यहां करमना पुलिस थाने में दर्ज की गई.

**कच्छ** में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया

# केरल में भारी बारिश, सात जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम/अहमदाबाद

केरल के कई जिलों में शुक्रवार को सुबह भारी बारिश हुई, जिससे विभिन्न हिस्सों में सड़कों पर जलभराव और यातायात जाम हो गया. साथ ही, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सात जिलों के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है. वहीं गुजरात के कच्छ क्षेत्र के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र शुक्रवार तक चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है, जिसके बाद जिसके बाद जिले में अधिकारियों ने झोपड़ियों और अस्थायी घरों में रह रहे लोगों को स्कूलों, मंदिरों या अन्य इमारतों में आश्रय लेने को कहा है.

आईएमडी ने राज्य के एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर, कोझीकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए दिन के वास्ते 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया. इसने तिरुवनंतपुरम और कोल्लम को छोड़कर शेष जिलों के लिए 'येलो' अलर्ट भी जारी किया. मौसम विभाग देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए चार रंगों का उपयोग करता है. ये रंग और इनके संदेश.... ग्रीन (किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं), येलो (नजर रखें और निगरानी करते रहें), ऑरेंज (तैयार रहें) और रेड (कार्रवाई/सहायता की जरूरत) हैं. आईएमडी ने दिन में राज्य के कोल्लम, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम और इडुक्की जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की



रफ्तार वाली हवा के साथ आंधी-तूफान का अनुमान जताया है. इसके अतिरिक्त, इसने कहा कि तिरुवनंतपुरम, पथनमथिट्टा और त्रिशूर जिलों में मध्यम बारिश और लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज हवाएं चलने के आसार हैं. भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर, केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने भूस्खलन और बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में रह रहे लोगों को अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा है. नदी के किनारे और बांधों के निचले इलाकों में रहने वालों को सतर्कता बरतने और अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार सुरक्षित स्थानों या शिविरों में शरण लेने की सलाह दी गई है.

### गुजरात में चक्रवात की चेतावनी जारी

वहीं आईएमडी की चेतावनी के बाद, कच्छ के जिलाधिकारी अमित अरोड़ा ने एक वीडियो संदेश जारी कर अबडासा, मांडवी और लखपत तालुका में रह रहे लोगों से अपनी झोपड़ियों और कच्चे घरों को छोड़कर किसी स्कूल या अन्य इमारतों में शरण लेने के लिए कहा. उन्होंने स्थानीय लोगों से, शुक्रवार शाम तक के लिए ऐसे गरीब वर्ग के लोगों को अपने घरों में शरण देने के लिए आगे आने की अपील की है. आईएमडी ने बृहस्पतिवार रात बयान में कहा, 'कच्छ और आसपास के इलाकों में बने गहरे दबाव के, अगले 12 घंटे के दौरान उत्तर-पूर्व अरब सागर में पश्चिम की ओर बढ़ने और एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने के आसार हैं. इसके बाद यह अगले दो दिनों के दौरान भारतीय तट से दूर पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा.' अगर गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवात का रूप ले लेता है तो इसका नाम 'असना' रखा जाएगा, जो पाकिस्तान द्वारा सुझाया गया नाम है. यह एक दुर्लभ घटना है कि जमीन पर बना गहरा दबाव समुद्र में चक्रवाती तूफान में बदल गया है. इतना ही नहीं, अगस्त में अरब सागर में चक्रवात का बनना भी दुर्लभ है. आईएमडी ने कहा, 'इस दौरान समुद्र में ऊंची लहरें उठेंगी व गुजरात तट पर हवा की गति 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच सकती है.'

# हसीना, उनके परिवार की विशेष सुरक्षा खत्म

- बांग्लादेश की सरकार ने कानून में संशोधन करने का लिया फैसला

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा बृहस्पतिवार को वापस ले ली. अंतरिम सरकार ने कुछ दिन पहले ही उनके राजनयिक पासपोर्ट भी रद्द कर दिए थे. एक खबर में बताया गया कि मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सलाहकार परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा को हटाने के लिए विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 में संशोधन करने का फैसला किया है. प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद हसीना (76) पांच



अगस्त को भारत आ गई थीं, जिसके बाद बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद को भंग कर दिया था. वर्तमान में हसीना पर बांग्लादेश में 75 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से लगभग आधे मामलों में उन पर हत्या के आरोप लगाए गए हैं. मुख्य सलाहकार कार्यालय ने सलाहकार परिषद की बैठक के बाद एक बयान में कहा, 'छात्र और जनता के व्यापक प्रदर्शन के बाद एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया है, जिसमें मुख्य सलाहकार और अन्य सलाहकार शामिल हैं.'

### 'सरकार भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध'

विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 पिछली सरकार के निर्णय के बाद लागू किया गया था. इसके बाद 15 मई 2015 को इस कानून के तहत हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को विशेष सुरक्षा और लाभ प्रदान करने के लिए एक राजपत्र जारी किया गया. यह कानून केवल एक परिवार के सदस्यों को विशेष राजकीय लाभ प्रदान करने के लिए बनाया गया था जो साफ तौर से भेदभावपूर्ण है. कहा कि अंतरिम सरकार सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध है.

### तालाब में डूबने से चार स्कूली छात्राओं की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कूल से लौट रही चार छात्राओं की तालाब में डूबने से मौत हो गई. थानाधिकारी घेवर चंद ने बताया कि बिलोदा गांव में स्कूल से लौट रही चारों छात्राओं में से एक छात्रा का तालाब में पांव फिसल गया और वह डूबने लगी उसे बचाने के प्रयास में तीन अन्य छात्राएं भी पानी में उतर गई और तालाब की गहराई में डूबने से चारों की मौत हो गई. उचारों छात्राओं की पहचान बिलोदा निवासी कोमल रावत (13), रवीना मीणा (15), नर्मदा मीणा (12) और बालोद निवासी जशोदा मीणा (12) के रूप में की गई है.

# असम विस में शुक्रवार को नमाज के लिए 2 घंटे का अवकाश समाप्त

एजेंसी। गुवाहाटी

- अधिकारी ने कहा, यह नियम अगले सत्र से लागू किया जाएगा

असम विधानसभा मुस्लिम विधायकों को शुक्रवार को नमाज अदा करने के लिए दिए जाने वाले दो घंटे के अवकाश को खत्म करेगी. मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इसकी जानकारी दी. विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि यह नियम अगले सत्र से लागू किया जाएगा. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शर्मा ने एक पोस्ट में कहा, 'दो घंटे के जुम्मा ब्रेक को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और निशान को समाप्त किया है. यह प्रथा मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला ने 1937 में शुरू की थी.' शर्मा ने कहा, 'इस ऐतिहासिक फैसले के लिए विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों का आभार.' अधिकारी ने बताया कि आखिरी बार दो घंटे का यह ब्रेक शुक्रवार को दिया गया, जो विधानसभा के शरदकालीन सत्र का अंतिम दिन था.

# दुरोव को फ्रांस की नागरिकता देना देश के लिए अच्छा : इमैनुएल मैक्रों

एजेंसी। बेलग्राद (सर्बिया)

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच ''टेलीग्राम'' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल दुरोव को त्वरित नागरिकता प्रदान करने के अपने फैसले का बचाव किया है. दुरोव से 'टेलीग्राम' का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किए जाने के आरोपों को लेकर फ्रांस में पूछताछ की जा रही है.

मैक्रों ने बृहस्पतिवार को यह भी कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी दुरोव फ्रांस आ रहे थे तथा सीईओ से मिलने की उनकी कोई योजना नहीं थी. दुरोव को 12 कथित अपराधों के सिलसिले में पिछले महीने शुरू की गई न्यायिक जांच के तहत शनिवार को पेरिस के बाहर ले बॉर्गेट हवाई अड्डे से हिरासत में लिया गया था. फ्रांसीसी अभियोजकों ने दुरोव को चार दिन की पूछताछ के बाद बुधवार को पुलिस हिरासत से रिहा कर दिया. 'टेलीग्राम' का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किए





जाने के आरोपों को लेकर उनसे यह पूछताछ की गई. दुरोव को हिरासत में लिए जाने की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्षधर लोगों और सत्तावादी सरकारों ने आलोचना की है. पेरिस अभियोजक कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मामले की जांच कर रहे न्यायाधीशों ने बुधवार रात प्रारंभिक आरोप दायर किए तथा दुरोव को 50 लाख यूरो जमानत राशि देने तथा सप्ताह में दो बार पुलिस थाने में हाजिरी लगाने का आदेश किया. उनके खिलाफ मंच का उपयोग बाल यौन शोषण सामग्री और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए करने, धोखाधड़ी तथा संगठित अपराध से जुड़े लेनदेन को बढ़ावा देने समेत कई आरोप लगाए गए हैं.

### भाजपा नेताओं ने पश्चिम बंगाल महिला आयोग के कार्यालय पर 'ताला' जड़ा

**कोलकाता।** भाजपा की वरिष्ठ महिला नेताओं ने आर जी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल महिला आयोग की कथित चुप्पी को लेकर शुक्रवार को उसके कार्यालय पर सांकेतिक रूप से विशाल 'ताला' लगा दिया. नेताओं आयोग पर महिला डॉक्टर के मामले में एक बयान तक जारी नहीं करने का आरोप लगाया. भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और पूर्व केंद्रीय मंत्री देबाश्री चौधरी सहित पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पुलिस के साथ लंबी बहस के बाद आयोग कार्यालय के अंदर गया. पॉल ने को बताया, 'हम 'करुणामयी' में आयोग भवन के अंदर गए, अधिकारियों से मिले और आर जी कर अस्पताल परिसर में डॉक्टर के बलात्कार और उसकी हत्या के बाद आयोग की चुप्पी का विरोध किया.'

मणिपुर के मुख्यमंत्री के वार्ता के लिए दूत नियुक्त करने पर कुकी नेता बोले

# हमारी शर्तों पर होगी बातचीत : गिन्जा

एजेंसी। नयी दिल्ली

कुकी निकायों के प्रमुख संगठन 'इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम' (आईटीएलएफ) ने शुक्रवार को कहा कि यदि कोई बातचीत होगी तो यह मात्र उनकी शर्तों पर और केवल केंद्र के साथ होगी. इसके साथ ही मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा वार्ता के लिए नियुक्त किए गए दूत के साथ बातचीत के लगभग सभी दरवाजे बंद हो गए. सिंह ने बृहस्पतिवार को पीटीआई की वीडियो सेवा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने नगा विधायक और हिल एरिया कमेटी के अध्यक्ष दिंगांगलुंग गंगमेई को कुकी-जो तथा मेइती नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए दूत के रूप में नियुक्त किया है. उन्होंने कहा, 'बातचीत ही एकमात्र रास्ता है.'



### मुख्यमंत्री ने क्या कहा

पीटीआई के साथ साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि पांच-छह महीनों में शांति और सुलह बहाल हो जाएगी, जिसमें केंद्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इस पर वुएलजोंग ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है.

आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्जा वुएलजोंग ने कहा, 'हम मुलाकात कर सकते हैं, लेकिन यह बातचीत हमारी शर्तों पर होगी.' उन्होंने कहा कि कुकी-जो समुदाय केवल केंद्र सरकार से बातचीत करेगा. वुएलजोंग ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'मेइती (मणिपुर) सरकार से अलग होना ही हमारे लिए एकमात्र समाधान है. हम अब उसी सरकार के अधीन नहीं रह सकते जिसने हमें मार डाला, जिसने हमें भगा दिया और हमारी संपत्तियों तथा उपासना स्थलों को जला दिया.' आईटीएलएफ का दृष्टिकोण कुकी-जो समुदाय और मणिपुर राज्य सरकार तथा बहुसंख्यक मेइती समुदाय के बीच गहराते विभाजन को रेखांकित करता है.

**मिशन व्हाइट हाउस** राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की भारतवंशी उम्मीदवार ने दिया पहला साक्षात्कार

# अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप मुद्दे से आगे बढ़ने को तैयार : कमला हैरिस

एजेंसी। वाशिंगटन

राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा है कि अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप से संबंधित मुद्दे को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने को तैयार है. उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एक ऐसे एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं जो देश को 'विभाजित' करता है और इसके लोगों के 'चरित्र को कमतर' करता है.

अपने प्रचार अभियान के तहत पहले प्रमुख टेलीविजन साक्षात्कार में 59 वर्षीय अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिकी लोग 'आगे बढ़ने की नयी राह' के लिए तैयार हैं. राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में उनका मुकाबला



ट्रंप से होगा. हैरिस ने अपने सह-उम्मीदवार एवं मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज के साथ एक संयुक्त साक्षात्कार में सीएनएन से कहा, 'मुझे लगता है कि दुख की बात है कि हमारे पास पूर्व राष्ट्रपति के रूप में कोई ऐसा व्यक्ति है जो वास्तव में एक ऐसे एजेंडे और एक ऐसे माहौल को आगे बढ़ा रहा है जो अमेरिकियों के रूप में हमारे चरित्र और ताकत को कमतर करता है- वास्तव में यह हमारे देश को विभाजित कर रहा है.' उन्होंने कहा, 'और मुझे लगता है कि लोग उस मुद्दे से आगे बढ़ने को तैयार हैं.' भारतीय और अफ्रीकी मूल की हैरिस ने अपनी नस्लीय पहचान पर ट्रंप के दावों के बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया और कहा कि यह 'वही पुरानी घिसी-पिटी कहानी' है. पिछले महीने, ट्रंप ने शिकागो में 'नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लैक जर्नलिस्ट्स' के सम्मेलन में हैरिस की नस्लीय पहचान पर सवाल उठाया था और कहा था कि वह पहले दक्षिण एशियाई के रूप में पहचान रखती थीं, लेकिन राजनीतिक उद्देश्यों के लिए 'अश्वेत हो गईं'. हैरिस ने यह भी कहा कि निर्वाचित होने पर वह अपने मंत्रिमंडल में एक रिपब्लिकन को भी जगह देंगी.

### चुनाव जीतने पर महिलाओं के लिए आईवीएफ पद्धति मुफ्त बनाऊंगा : ट्रंप

**पॉटरविले।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर वह एक बार फिर देश के शीर्ष पद पर निर्वाचित होते हैं तो महिलाओं के लिए आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) पद्धति से गर्भधारण की प्रक्रिया को मुफ्त बनाएंगे. हालांकि, ट्रंप ने यह नहीं बताया कि उनकी यह योजना किस तरह से काम करेगी और इसका वित्त पोषण कैसे किया जाएगा. मिशिगन में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा, "मैं आज एक अहम घोषणा कर रहा हूं कि ट्रंप प्रशासन के तहत, आपकी सरकार या फिर आपकी बीमा कंपनी आईवीएफ पद्धति से जुड़े सभी खर्च का भुगतान करेगी. सही मायने में कहूं तो यह इसलिए क्योंकि हम ज्यादा बच्चे चाहते हैं." राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने यह घोषणा ऐसे समय में की है, जब वह उच्चतम न्यायालय के उन न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर डेमोक्रेटिक नेताओं के निशाने पर हैं, जिन्होंने अमेरिका में महिलाओं को हासिल गर्भपात के संवैधानिक अधिकार को खत्म करने वाला फैसला सुनाया था. ट्रंप इस मुद्दे पर बचाव की मुद्रा में आ गए हैं और खुद को "महिलाओं के प्रजनन अधिकार के मजबूत पैरोकार" के रूप में पेश कर रहे हैं.

# गाजा में चिकित्सकीय सामग्री लेकर जा रहे काफिले पर हमला

- इजराइली सेना ने बनाया निशाना, हमले में स्थानीय परिवहन कंपनी के कई लोगों की हुई मौत

एजेंसी। दुबई

इजराइल ने एक मिसाइल हमले में गाजा पट्टी में एक अस्पताल में चिकित्सकीय सामग्री और ईंधन ले जा रहे एक काफिले को निशाना बनाया. इस हमले में स्थानीय परिवहन कंपनी के कई लोगों की मौत हो गई. एक सहायता समूह ने यह जानकारी दी. हालांकि, इजराइल ने सबूत के बिना दावा किया कि बंदूकधारियों द्वारा काफिले पर कब्जा किये जाने के बाद उसने हमला किया.

फलस्तीन क्षेत्र के लिए सहायता समूह 'एएनईआरए' की निदेशक सांद्रा रशीद ने कहा कि इस हमले में एक परिवहन कंपनी में कार्यरत कई लोग मारे गए, जिसके वाहनों में सहायता समूह रफह में अमीरात रेड क्रिसेंट अस्पताल के लिए सामग्री ले जा रहे थे. यह हमला बृहस्पतिवार को गाजा पट्टी में सलाह अल-दीन रोड पर हुआ और काफिले के पहले वाहन को निशाना बनाया गया. रशीद ने एक बयान में कहा, 'इस बर्बर घटना के बावजूद, काफिले में शेष वाहन आगे बढ़ सके और अस्पताल में सहायता आपूर्ति सफलतापूर्वक पहुंचा पाए.' इजराइली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि बंदूकधारियों ने काफिले के आगे वाली एक जीप पर कब्जा कर उसे चलाना शुरू कर दिया. उग्रवादियों के वाहन पर हमला करने की संभावना की पुष्टि के बाद निशाना साधा गया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)